

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 22 मार्च 2024 ■ फाल्गुन शुक्ल पक्ष-12 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-353 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 23 मार्च 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### रायपुर में आप का 23 को बड़ा प्रदर्शन

**रायपुर,22 मार्च.** दिल्ली के सीएम और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तार पर कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है. इस गिरफ़्तारी के खिलाफ कल रायपुर में आप का बड़ा प्रदर्शन होने जा रहा. अंबेडकर चौक पर पार्टी के कार्यकर्ता एकजुट होंगे. प्रदर्शन में प्रदेश के अलग-अलग जिलों से भी आप कार्यकर्ता शामिल होंगे. वहीं सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ़्तारी पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने ट्वीट किया है. उन्होंने लिखा है कि जो भाजपा में नहीं जाएंगे, वो जेल जाएंगे. तानाशाही चरम पर है. सनद रहे, अहंकार ईश्वर का भोजन है. हम सब तानाशाही के विरुद्ध एकजुट हैं.

### बसपा ने दो उम्मीदवारों के नाम का किया ऐलान

**रायपुर,22 मार्च.** चुनावों में चौंकाने वाली मायावती की बहुजन समाज पार्टी ने छत्तीसगढ़ की दो सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया हैं। जांजगीर-चांपा से डॉ. रोहित कुमार डहरिया तथा बस्तर से आयतु राम मंडावी को टिकट दी गई है.

### ईडी की रडार पर सीएम ममता का एक और मंत्री

**बीरभूम ,22 मार्च ।** प्रवर्तन निदेशालय ने पश्चिम बंगाल के बीरभूम के बोलपुर में टीएमसी मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा के आवास पर छापेमारी की। शुक्रवार सुबह-सुबह केंद्रीय जांच एजेंसी उनके घर पहुंची। इस बीच चंद्रनाथ के घर केंद्रीय बल तैनात रहे। बोलपुर से विधायक चंद्रनाथ लघु एवं कुटीर उद्योग राज्य मंत्री हैं। ईडी सूत्रों के मुताबिक, राज्य के प्राथमिक भर्ती भ्रष्टाचार मामले की जांच के दौरान चंद्रनाथ का नाम सामने आया था। इसी के मद्देनजर केंद्रीय जांच एजेंसी के अधिकारी उनके घर पहुंचे हैं।

### धनबाद में काजू पैकेजिंग फैक्ट्री में आग

**धनबाद ,22 मार्च ।** झारखंड में धनबाद के बरवाअड्डा इलाके की मयूर विहार कॉलोनी स्थित एक काजू पैकेजिंग फैक्ट्री में गुरुवार देर रात आग लग गई।

फायर ब्रिगेड ने शुक्रवार सुबह आग पर काबू पाया। गनीमत यह रही कि फैक्ट्री में जिस समय आग लगी, वहां कोई कर्मचारी नहीं था। आग की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। फैक्ट्री मालिक का कहना है कि आग से करीब दो करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। शाम को फैक्ट्री बंद कर सभी कर्मचारी अपने घर चले गए थे। देर रात फैक्ट्री से आग की ऊंची लपटें उठते देख कॉलोनी के लोगों ने इसकी सूचना दी।

### सीएम भगवंत मान दिल्ली रवाना

**चंडीगढ़ ,22 मार्च ।** पंजाब सीएम भगवंत मान दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के लिए रवाना हो गए। आप ने पंजाब में राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन की योजना बनाई है। आम आदमी पार्टी (आप) ने अपने समर्थकों से दोपहर को विरोध दर्ज कराने के लिए मोहाली स्थित अंब साहिब गुरुद्वारा पहुंचने को कहा है। आप के मुख्य प्रवक्ता मलविंदर सिंह कंग ने कहा कि विरोध प्रदर्शन के लिए स्वयंसेवकों ने पहले ही मोहाली पहुंचना शुरू कर दिया है। विरोध का नेतृत्व राज्य इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष बुध राम करेंगे। उन्होंने कहा, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान दिल्ली में एक विरोध प्रदर्शन में भाग लेंगे। सीएम मान ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, आप अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लेंगे लेकिन उनकी सोच को कैसे गिरफ्तार करेंगे। अरविंद केजरीवाल एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचार है और हम चट्टान की तरह अपने नेता के साथ खड़े हैं। बता दें कि दिल्ली के सीएम और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को ईडी ने गुरुवार रात एक्साइज पॉलिसी मामले में गिरफ्तार किया है।

# केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट से वापस ली अपनी अर्जी

## » याचिका में अपनी गिरफ्तारी को दी थी चुनौती



**नईदिल्ली,22 मार्च.** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तारी के खिलाफ अपनी याचिका सुप्रीम कोर्ट से वापस ले ली। अरविंद केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि केजरीवाल सुप्रीम कोर्ट में याचिका वापस ले रहे हैं क्योंकि इसमें रिमांड से टकराव हो रहा है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट दिल्ली शराब नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तारी के खिलाफ अरविंद केजरीवाल की याचिका पर तत्काल सुनवाई के लिए सहमत हो गया था। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला द्विवेदी की एक विशेष पीठ गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री की याचिका पर सुनवाई करने वाली थी।

केजरीवाल गिरफ्तार होने वाले पहले मौजूदा मुख्यमंत्री हैं। सूत्रों के मुताबिक, ईडी की हिरासत में वह रात को सो नहीं सके और उन्हें कंबल और दवाइयां मुहैया कराई गईं जो उनके परिवार ने उन्हें घर से दी थीं। प्रवर्तन निदेशालय ने केजरीवाल से पूछताछ की और उनके घर की तलाशी ली जिसके बाद उन्हें गुरुवार शाम को उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया गया। उन्हें संघीय एजेंसी के मुख्यालय ले जाया गया जहां उन्होंने रात बिताई। दिल्ली की मंत्री और आप नेता आतिशी ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी अरविंद केजरीवाल की सुरक्षा को लेकर 'चिंतित' है। अरविंद केजरीवाल Z+ सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति हैं।

गोपाल राय ने दावा किया कि केजरीवाल के परिवार को नजरबंद कर दिया गया है और दिल्ली के मुख्यमंत्री के माता-पिता से संपर्क भी नहीं कर पा रही है. राय ने शुरू में आरोप लगाया कि उन्हें केजरीवाल के परिवार से मिलने की अनुमति नहीं दी गई, लेकिन बाद में उन्हें अनुमति दे दी गई। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने केजरीवाल से फोन पर बात की और वह सुबह 10 बजे दिल्ली के मुख्यमंत्री के परिवार के सदस्यों से मिलने उनके आवास पर जा रहे हैं। उन्होंने उन्हें समर्थन का आश्वासन भी दिया है।

### मुझे कोई दुख नहीं,आप प्रमुख ने कभी मेरी बात नहीं मानी : अन्ना

सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अपनी पहली प्रतिक्रिया दी है। अन्ना हजारे ने कहा कि इस बात का कोई दुख नहीं है। केजरीवाल ने कभी मेरी बात नहीं मानी है। शराब नीति को लेकर मुझे दुख हुआ था। आपको बता दें कि अन्ना आंदोलन के दौरान ही अरविंद केजरीवाल सुर्खियों में आए थे। वह अन्ना आंदोलन



में खूब सक्रिय हुए थे। इसके बाद उन्होंने अपनी पार्टी बनाई थी। आम आदमी पार्टी में अन्ना आंदोलन के कई कार्यकर्ता शामिल हुए थे। हालांकि बाद में सभी इससे अलग हो गए। केजरीवाल लगातार पार्टी चलाते रहे। आप ने पहले दिल्ली में सरकार बनाई। इसके बाद आपको पंजाब में कामयाबी मिली।

अन्ना ने कहा कि केजरीवाल और सिसोदिया हमारे साथ आए थे तो मैंने कहा था कि हमेशा देश की भलाई सामने रखना। लेकिन उन्होंने मेरी बात नहीं मानी। अब मुझे कोई दुख नहीं है। पूर्व राष्ट्रपति **प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने कहा, 'कर्म पकड़ लेता है!'** आप प्रमुख पर निशाना साधते हुए शर्मिष्ठा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल और अन्ना हजारे के समर्थकों ने दिल्ली की तत्कालीन मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता शीला दीक्षित के खिलाफ गैरजिम्मेदार, निराधार आरोप लगाए और अब उन्हें भी इसका सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, उस समय केजरीवाल ने दावा किया था कि उनके पास भ्रष्टाचार के खिलाफ ढेर सारे सबूत हैं, लेकिन कोई भी सबूत सामने नहीं आया।

**भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा** ने मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर हाई वोल्टेज ड्रामा चल रहा है। उनका दावा है कि यह अरविंद केजरीवाल का अहंकार था जिसके कारण यह गिरफ्तारी हुई। उन्होंने सवाल किया कि दिल्ली और देश की जनता को तय करना है कि जांच ज्यादा जरूरी है या ड्रामा? उन्होंने कहा कि कल रात से दिल्ली में आम आदमी पार्टी के दफ्तर के बाहर हंगामा और ड्रामा चल रहा है। आम आदमी पार्टी के तमाम नेतागण बाहर आकर बयानबाजी कर रहे हैं और झूठ का पुलिंदा देश के सामने रख रहे हैं।

## भूटान पहुंचे पीएम मोदी



**थिंफू,22 मार्च.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर आज भूटान के लिए रवाना हो गए। पीएम मोदी 22-23 मार्च को आधिकारिक दौरे पर भूटान में रहेंगे। पीएम मोदी के विमान ने आज सुबह दिल्ली से भूटान के लिए उड़ान भरी। एयरपोर्ट पर भूटान के पीएम शेरिंग तोबगे ने पीएम मोदी का स्वागत किया। पीएम मोदी को एयरपोर्ट पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। अपने भूटान दौरे पर पीएम मोदी राजधानी थिंफू पहुंच गए हैं। पीएम मोदी के भूटान आगमन पर वहां के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया, जिसमें उन्होंने लिखा कि 'भूटान में आपका स्वागत है मेरे बड़े भाई।'

# नकली शराब,होलोग्राम, रैपर, ढक्कन सब हूबहू, गिरोह गिरफ्तार



**मुंगेली,22 मार्च.** मुंगेली पुलिस को नकली देसी शराब बनाकर बेचने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह को पकड़ने में सफलता मिली है. गिरोह के सदस्य फिल्मी स्टाइल में शासकीय देसी प्लेन मदिरा जैसी ही नकली शराब बनाकर बेचने का काम कर रहे थे. फैक्ट्री से जब्त शराब की रैपर हू-ब-हू शासकीय मदिरा दुकानों में बेचे जाने वाली देसी शराब की तरह हैं. पुलिस को ग्राम घुठेली के तालाब के समीप पूर्व में शराब भट्ठी में काम करने वाला जाकिर खान के घुठेली गांव के नारायण राजपूत के सहयोग से अपने साथियों के साथ मिलकर शासकीय दुकान में बेची जाने वाली देसी प्लेन शराब की तरह शराब बनाकर बेचने को सूचना मिली. मौके पर दबिश के दौरान नारायण राजपूत पिता कमलेश (27 वर्ष) और उत्तर प्रदेश के हमीरपुर निवासी जाकिर खान पिता कादर खान (48 वर्ष) के साथ उत्तर प्रदेश निवासी सुरेंद्र कुमार सिंह पिता रतन (24 वर्ष), महेंद्र वर्मा पिता उमेश वर्मा (20 वर्ष) और मध्यप्रदेश निवासी राजेंद्र खंडकर पिता लल्लू खंडकर (19 वर्ष) को अवैध रूप से देसी प्लेन शराब बनाते हुए हिरासत में लिया. आरोपियों के कब्जे से प्लास्टिक के खाली डब्बे, देसी मदिरा का होलोग्राम, देसी मदिरा का स्टीकर, शीशी के ढक्कन, खाली शीशी, महिंद्रा गाड़ी यूपी 93 AB 6575, 24 पेटी देसी प्लेन शराब, एल्को मीटर यंत्र, ढक्कन को सील बंद करने वाली मशीन और खाली कार्टून जब्त किए गए.




# कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को दोनों हाथों से लूटा: साव

**रायपुर,22 मार्च.** कांग्रेस की दूसरी सूची जारी नहीं होने पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस दिशाहीन और अनिर्णय की स्थिति में है. जनता कांग्रेस से दूर जा चुकी है, उनके नेतृत्व पर भरोसा नहीं है. कांग्रेस की धोखा देने की और भ्रष्टाचार करने की नियत रही है. कांग्रेस ने 5 सालों में छत्तीसगढ़ में जनता की दुर्दशा की, इसलिए कांग्रेस को प्रत्याशी नहीं मिल रहे हैं. कांग्रेस की टिकट पर कोई लड़ने को तैयार नहीं है. वहीं कांग्रेस प्रत्याशी के बीजेपी को रावण कहे जाने पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस का चरित्र हमेशा से उजागर हुआ है. भगवान राम के मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण ठुकराया. इनसे बड़े राम विरोधी हो नहीं सकते. राम के ननिहाल के लोग इन्हें सबक सिखाएंगे. 5 साल ये खुद अहंकार में डूबे थे, उनका चरित्र वैसा ही है, जैसा वह बोल रहे हैं.



वहीं राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल का उनके ही पार्टी में हो रहे विरोध पर अरुण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने यह साबित किया कि भूपेश है तो एक छलावा है. कांग्रेस सरकार ने 5 साल में छत्तीसगढ़ की जो दुर्दशा की. छत्तीसगढ़ को दोनों हाथों से लूटा. छत्तीसगढ़ को अपराध का गढ़ बनाया, छत्तीसगढ की जनता से कोई सरोकार नहीं रखा. 5 साल बाद आज वही बातें निकालकर बाहर आ रही हैं. कांग्रेस के लोग भी यह कह रहे हैं कि भरोसा नहीं, वो छलावा था. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के बस्तर और राजनांदगांव दौरे पर डिप्टी सीएम कहा कि बीजेपी हर चुनाव को गंभीरता से लेती है. हमारी जो ताकत और क्षमता है, उसका उपयोग हम करते हैं. प्रदेश के मुख्यमंत्री सभी 90 विधानसभा में जाएंगे, सभी 11 लोकसभा में जाएंगे, प्रदेश के हमारे बाकी नेतागण लगातार प्रवास कर रहे हैं, बस्तर और राजनांदगांव कोई चुनौती नहीं है. बस्तर के जो सांसद हैं, कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हैं. हमारे मंडल अध्यक्ष ने विधानसभा चुनाव में उन्हें हराया. राजनांदगांव से भूपेश बघेल की उम्मीदवारी का जनता भी विरोध कर रही है, कांग्रेसी भी विरोध कर रहे हैं. राजनांदगांव में फिर कमल खिलेगा, हमारे प्रत्याशी संतोष पांडे भारी बहुमत से जीतेंगे. कांग्रेस द्वारा बीजेपी पर आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत निर्वाचन आयोग से करने पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि निर्वाचन आयोग नियमानुसार अपनी कार्यवाही कर रही है. आज कांग्रेस पार्टी डरी हुई है, घबराई हुई है.

# भोजशाला का एएसआई सर्वे

## सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी मुस्लिम पक्ष की अपील



**भोपाल,22 मार्च.** भोजशाला का सर्वे करने के हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे मुस्लिम पक्ष को फिर एक बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने भी मुस्लिम पक्ष की तुरंत सुनवाई की अपील खारिज कर दी है जिसके बाद आर्किलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआई ) के अधिकारी भोजशाला का सर्वे शुरू कर दिया है। आज पहले दिन का सर्वे खत्म हो गया है. बताया जा रहा है कि इसके लिए यहां जुमे की नमाज को रोका जाएगा। सर्वे के लिए एएसआई अधिकारियों की 15 सदस्यी टीम शुक्रवार सुबह पहुंची। वहीं मज़दूरों की भी मेटल डिडेक्टर से जांच के बाद एंट्री कराई गई जिसके बाद सर्वे का काम शुरू हो गया है। सर्वे की शुरुआत पर हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन कहा, इंदौर हाई कोर्ट के सर्वेक्षण कराने के फैसले के अनुसार एएसआई ने अपना सर्वेक्षण शुरू कर दिया है। मुस्लिम पक्ष इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया है। बता दें, सर्वे को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। एएसआई की टीम तकनीकी उपकरणों के साथ अंदर गई है। ऐसे में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। टीम में दिल्ली और भोपाल के एएसआई शामिल हैं। कोर्ट ने भोजशाला का सर्वे कराने के आदेश के साथ कहा है कि एएसआई को इसकी पहली रिपोर्ट 29 अप्रैल को देनी होगी। इस सर्वे के लिए पुलिस बल भी तैनात है। बता दें, सर्वे दोनों पक्षों की मौजूदगी में हो रहा है। इसकी फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी हो रही है और आने वाली 29 अप्रैल को इसकी जांच रिपोर्ट कोर्ट में पेश की जाएगी।

# स्वास्थ्य सेवाओं को बदहाली से खुशहाली की ओर लाई मोदी सरकार : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली ,22 मार्च ।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र को बदहाली से खुशहाली की ओर ले जाने वाली सरकार बताते हुए हमीरपुर संसदीय क्षेत्र और हिमाचल प्रदेश में अभूपतपूर्व मेडिकल सुविधाएँ मिलने की बात कही है। इसके साथ ही उन्होंने पिछले 10 वर्षों में पूरे देश में मोदी सरकार द्वारा मेडिकल क्षेत्र में लाए गए ऐतिहासिक परिवर्तनों का उल्लेख किया है।अनुराग ठाकुर ने बताया, अच्छी स्वास्थ्य सेवा किसी भी राष्ट्र की बुनियादी आवश्यकता है। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की मोदी सरकार ने पिछले एक दशक के कार्यकाल स्वास्थ्य सेवाओं को बदहाली से खुशहाली की ओर खींचा है। मोदी सरकार ने पिछले एक दशक में हेल्थकेयर में हिमाचल को भी कई बड़ी सौग़ातें दीं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हमने पिछले 10 वर्षों में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र और हिमाचल प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करने का हर संभव प्रयास किया है। मैंने अपने निजी प्रयासों से भी कई योजनाएं अपने स्वजनों के लिए चालू की हैं जिनका जमीनी स्तर पर सकारात्मक व सुखद परिणाम देखने को मिला हैहमीरपुर संसदीय क्षेत्र और आसपास के क्षेत्र के लिए स्वयं द्वारा चलाए जा रहे विशेष मेडिकल योजनाओं की जानकारी देते हुए अनुराग ठाकुर ने बताया, सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा जिसे हमने 2018 में दो मोबाइल मेडिकल यूनिट्स के साथ चालू किया था, वह आज 32 मोबाइल मेडिकल यूनिट्स के साथ 10 लाख लोगों को ओपीडी सेवा उपलब्ध करा चुकी है। इस सेवा के द्वारा लोगों के लगभग सभी जरूरी जांच और दवाएं मुफ्त दी जाती हैं। इससे लोगों के लगभग 40 करोड रुपए बचे हैं। इसके साथ ही हमने क्षेत्र में सभी के नेत्र स्वस्थ हों इसके लिए चार मेगा आई कैंप्स का भी आयोजन कराया है .

# देश के पहले रियूजेबल रॉकेट 'पुष्पक' का सफल परीक्षण

**बेंगलुरु,22 मार्च.** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 'पुष्पक' नामक अपने पहले Reusable Launch Vehicle (RLV) यानी पुनः इस्तेमाल होने वाले पहले लॉन्च वाहन (रॉकेट) के लैंडिंग मिशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। यह परीक्षण शुक्रवार को कर्नाटक के चित्रदुर्ग के पास चल्लकेरे में एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज (ATR) में सुबह सात बजकर 10 मिनट पर किया गया। यह इस श्रृंखला का दूसरा परीक्षण है। प्रक्षेपण स्थल पर इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

इस परीक्षण के बाद ISRO ने एक्स पर लिखा, इसरो ने एक बार फिर कमाल किया! पुष्पक (RLV-TD), पंखों वाला वाहन, ऑफ नोमिनल स्थिति से मुक्त होने के बाद रनवे पर सटीकता के साथ स्वतंत्र रूप से उतरा। इसके साथ ही इसरो ने कहा कि उसने 'आरएलवी एलईएक्स-02' लैंडिंग प्रयोग के माध्यम से पुनः इस्तेमाल होने वाले प्रक्षेपण यान प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अंतरिक्ष एजेंसी ने एक बयान में बताया कि पिछले साल किए गए आरएलवी-एलईएक्स-01 मिशन के बाद आरएलवी-एलईएक्स-02 ने हेलीकॉप्टर से छोड़े जाने के बाद पुनः प्रयोज्य प्रक्षेपण यान (आरएलवी) की स्वायत्त लैंडिंग क्षमता का प्रदर्शन किया। बयान में कहा गया है, ''आरएलवी को फैलाव के साथ अधिक कठिन करतब करने, 'क्रॉस-रेंज' एवं 'डाउनरेंज' दोनों को सही करने और पूरी तरह से स्वायत्त मोड में रनवे पर उतरने के लिए बनाया गया है।'' इसरो ने बताया कि भारतीय वायु सेना का चिनूक हेलीकॉप्टर पंखों वाले पुष्पक नामक इस यान को ऊपर लेकर गया और इसे 4.5 किलोमीटर की ऊंचाई से छोड़ा गया। उसने बताया कि रनवे से चार किलोमीटर की दूरी पर छोड़े जाने के बाद 'पुष्पक' स्वायत्त तरीके से 'क्रॉस-रेंज' सुधार करते हुए रनवे पर पहुंचा। यह सटीक तरीके अपने ब्रेक पैराशूट, लैंडिंग गियर ब्रेक और नोज व्हील स्टीयरिंग प्रणाली का सफलता पूर्वक इस्तेमाल करते हुए रनवे पर उतरा। इसरो ने बताया कि



आरएलवी-एलईएक्स-01 में इस्तेमाल की गई सभी उड़ान प्रणालियों को उचित प्रमाणीकरण/मंजूरी के बाद आरएलवी-एलईएक्स-02 मिशन में पुनः उपयोग किया गया था जिससे इस मिशन में उड़ान हार्डवेयर और उड़ान प्रणालियों की पुनः उपयोग क्षमता का भी प्रदर्शन किया गया। आरएलवी-एलईएक्स-01 के अवलोकन के आधार पर, एयरफ्रेम संरचना और लैंडिंग गियर को उतरते समय उच्च भार वहन करने के लिए मजबूत किया गया था। इस मिशन को विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) ने तरल प्रणोदन प्रणाली केंद्र (एलपीएससी) और इसरो जड़त्वीय प्रणाली इकाई (आईआईएसयू) के साथ मिलकर पूरा किया। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने इस जटिल मिशन के त्रुटिरहित क्रियान्वयन के लिए टीम को बधाई दी है।

# यूपी मदरसा बोर्ड कानून असंवैधानिक

## इलाहाबाद हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

**प्रयागराज,22 मार्च.** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को असंवैधानिक करार दिया। कोर्ट ने कहा यह एक्ट धर्म निरपेक्षता के सिद्धांत के खिलाफ है। कोर्ट ने मदरसे में पढ़ने वाले छात्रों को बुनियादी शिक्षा व्यवस्था में समायोजित करने की बात भी कही है। याची अंशुमान सिंह राठौड़ ने याचिका दाखिल कर एक्ट को चुनौती दी थी। जस्टिस विवेक चौधरी और जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की डिवीजन बेंच ने दिया आदेश। रजिस्ट्रार मदरसा शिक्षा बोर्ड प्रियंका अवस्थी ने कहना हैं कि विस्तृत आदेश का इंतजार है। आदेश आने के बाद स्थिति पूरी स्पष्ट होगी। इसके बाद आगे का फैसला लिया जाएगा। वहीं यूपी मदरसा बोर्ड के चेयरमैन डॉक्टर इफ्तिखार अहमद जावेद ने इस फैसले पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने अभी विस्तृत आदेश देखेंगे। आदेश के अध्यन के लिए वकीलों की टीम का गठन करेंगे। दो लाख बच्चों के भविष्य सवाल है। रोजगार भी जाएगा। सुप्रीम कोर्ट में चैलेंज किया जाएगा। अंशुमान सिंह राठौड़ द्वारा दायर रिट याचिका पर इलाहबाद हाईकोर्ट का फैसला आया। इसमें यूपी मदरसा बोर्ड की शक्तियों को चुनौती दी गई। साथ ही भारत सरकार और राज्य सरकार और अन्य संबंधित अल्पसंख्यक



कल्याण विभाग द्वारा मदरसा के प्रबंधन पर आपत्ति जताई गई। आपको बता दें कि यह फैसला राज्य सरकार द्वारा राज्य में इस्लामी शिक्षा संस्थानों का सर्वेक्षण करने के निर्णय के महीनों बाद आया। इसने विदेशों से मदरसों फंडिंग की जांच के लिए अक्टूबर 2023 में एक एसआईटी का गठन भी किया। जांच रिपोर्ट में 13 हजार से अधिक मदरसों पर कार्रवाई करने की सिफारिश की गई। साथ ही नेपाल बार्डर के मदरसों पर सख्ती बढ़ा दी गई। इलाहाबाद के इस फैसले के प्रदेशभर मदरसे के अस्तित्व पर संकट आ गया है। करीब यूपी मदरसा बोर्ड करीब 15200 मदरसे प्रभावित होंगे। यहां छात्र और शिक्षक पर संकट गहरा सकता है। हालांकि फैसले को लेकर मदरसा बोई सुप्रीम कोर्ट का रुख कर सकती है। उच्च न्यायालय ने अक्टूबर 2019 में मदरसा बोर्ड की कार्यप्रणाली और संरचना से संबंधित कुछ प्रश्नों को एक बड़ी पीठ को भेज दिया। जिन सवालों को बड़ी बेंच को भेजा गया। क्या बोर्ड का उद्देश्य केवल धार्मिक शिक्षा प्रदान करना है? भारत में एक धर्मनिरपेक्ष संविधान के तहत किसी विशेष धर्म के व्यक्तियों को किसी भी धर्म से संबंधित शिक्षा बोर्ड में नियुक्त/नामांकित किया जा सकता है. अधिनियम बोर्ड को राज्य के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय के तहत कार्य करने का प्रावधान करता है। इसलिए, एक सवाल उठता है कि क्या अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के तहत मदरसा शिक्षा प्रदान करना मनमाना है, जबकि जैन, सिख, ईसाई आदि जैसे अन्य अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित अन्य सभी शिक्षा संस्थान शिक्षा मंत्रालय के तहत चलाए जा रहे हैं।

**एक नजर**

## पोड़ी चौकी प्रभारी की सक्रियता के कारण 6 जुवारी पकड़ाए

**कवर्धा, 22 मार्च।** कबीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ.अभिषेक पल्लव के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विकास कुमार, व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेंद्र सिंह बघेल तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री संजय तिवारी के मार्गदर्शन में चौकी पोड़ी प्रभारी उप. निरीक्षक श्री त्रिलोक प्रधान द्वारा चौकी क्षेत्र के आम जनों से मुलाकात कर क्षेत्र के आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध उचित वैधानिक कार्यवाही किया जा रहा है। इसी तारतम्य में दिनांक-19.03.2024 को विश्वासनीय मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ। कि कुछ जुवाडीयों के द्वारा ग्राम रहेगी पानी टंकी के पास नगदी रकम का दाव लगाकर 52 पत्ती ताश के माध्यम से जुआ खेल रहे हैं। उक्त सूचना के तस्दीक हेतु तत्काल चौकी प्रभारी द्वारा पुलिस टीम मुखबीर के बताये पते पर रवाना किया गया। जहां पुलिस टीम के द्वारा रेड कार्यवाही कर जुआ खेल रहे 06 जुआडियान को पकड़ा गया। जिसमें-01 गणपत डहरिया, 02 साहेब दास कोसले, 03 डिंडोरे डहरिया, 04.संतोष कोसले 05 राधेलाल भारती 06 बालक लाल कोसले सभी साकीन रहेगी पुलिस चौकी पोड़ी थाना बोडला जिला- कबीरधाम (छत्तीसगढ़) को जुआ खेलते रंगे हाथों गवाहों के समक्ष पुलिस टीम के द्वारा पकड़ा गया। जिनके जुआ फड से कुल नगदी रकम 3280/ रुपये एवं 52 पत्ती ताश पुलिस टीम के द्वारा जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध चौकी पोड़ी थाना बोडला में अपराध क्रमांक-65/2024 धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उचित वैधानिक कार्यवाही किया गया है। उक्त कार्यवाही में चौकी पोडी पुलिस टीम का सराहनी योगदान रहा।

## सट्टा पट्टी लिखकर अवैध धन अर्जित करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कवर्धा, 22 मार्च।** कबीरधाम जिला के चौकी-पोडी पुलिस टीम को दिनांक-20.0×.2024 को जिले के वरिष्ठ अधिकारी गणों के दिशा निर्देश पर चौकी प्रभारी द्वारा चौकी क्षेत्र में अपराधी गतिविधि पर सतत निगाह रखते हुए, अवैध शराब, जुआ, सट्टा एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध उचित वैधानिक कार्यवाही करने रवाना किया गया था। इसी दौरान पुलिस टीम को विश्वसनीय मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ। कि ग्राम पोडी के पोषण ढाबा के सामने में एक व्यक्ति द्वारा अवैध धन अर्जित करने की नीयत से सट्टा पट्टी लिखकर क्षेत्र के माहौल को खराब कर रहा है। उक्त सूचना पर तत्काल चौकी पोडी पुलिस टीम के द्वारा मौके पर पहुंचकर आरोपी घनश्याम पिता भानु चंद्रवंशी उम्र 44 वर्ष साकिन ग्राम नेऊरगाँव खुर्द पुलिस चौकी पोडी थाना बोडला जिला कबीरधाम को गवाहों के समक्ष रंगे हाथों सट्टा पट्टी लिखते पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 01 नग सट्टा पट्टी,01 नग डॉट पेन, एवं नगदी रकम-×070/ रुपये व 01 नग मोबाइल फोन, कीमती-1×000/रुपये, कुल जमुला कीमती 16070/रुपये को जप्त कर धारा 06 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत उचित वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। उक्त कार्यवाही में चौकी पोडी पुलिस टीम का सराहनी भूमिका रहा।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**भिलाई, 22 मार्च।** भिलाई छावनी थाना अंतर्गत सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है पुलिस ने बताया कि कैंप-2 निवासी नारायण साहू (46 वर्ष ) को अज्ञात कार सवार ने टक्कर मार दिया इस हादसे में गंभीर रूप से घायल नारायण को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## फर्जी ऋण पुस्तिका से जमानत लेने पर की कार्रवाई



**भिलाई, 22 मार्च।** भिलाई दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने कुटरचित फर्जी ऋण पुस्तिका से जमानत लेने वाले आरोपी राकेश वंजारे के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। आरोप है कि फो को हटाकर तहसीलदार के न्यायालय की मुहर का दुरुपयोग किया है दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि चेतन सिंह चंद्राकर की ओर से रानीतराई विजेभाठा निवासी जमानतदार राकेश बंजारे पिता स्वत्र हरक्राम (47 वर्ष) ने जमानत लिया था। कूटरचना करते हुए पन्ने को हटा दिया ।

## एफएसटी, एसएसटी दल पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करें:संयुक्त कलेक्टर

**दुर्ग, 22 मार्च ।** जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विधानसभा क्षेत्र 66 वैशालीनगर के फ्लाईंग स्काड दल (एफएसटी), स्थैतिक निगरानी दल (एसएसटी) और वीएसटी दल की बैठक संयुक्त कलेक्टर श्री हरवंश मिरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि लोकसभा निर्वाचन प्रकिया के दौरान निर्वाचन-क्षेत्रों में अत्यधिक प्रचार खर्चो, रिश्वत मदों का नगद या वस्तु रूप में वितरण, अवैध शस्त्रों, शराब या असामाजिक तत्वों आदि के आवाजाही पर नजर रखने के लिए गठित दल पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करें। कहीं भी शिकायत मिलने पर बिना किसी दबाव में निष्पक्षता के साथ कार्रवाई करें। उन्होंने एफएसटी और एसएसटी दलों को कार्यस्थल पर आने और जाने का समय को रजिस्टर में नियमित एंट्री भी करने कहाउन्होंने अपने क्षेत्र में भारी मात्रा में लाए जाने वाले नगदी, अवैध शराब, कोई संदेहास्पद वस्तु या शस्त्रों इत्यादि की आवाजाही पर कड़ी निगरानी रखें। साथ ही संदेहास्पद वस्तुओं की वीडियोग्राफी कराते हुए नियमानुसार कार्यवाही करें।

# कार्यकर्ता सम्मेलन में उत्साह से हजारों कार्यकर्ता हुए शामिल



**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**कवर्धा, 22 मार्च।** लोकसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियों ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। एक ओर जहाँ भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है वहीं कांग्रेस अभी भी 5 सीटों पर प्रत्याशी के लिए मंथन कर रही है। आज इसी कड़ी में पंडरिया विधानसभा में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मलेन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार के लक्ष्य को हासिल करने का संकल्प किया तो वहीं पार्टी के नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, राजनांदगांव लोकसभा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय, पंडरिया विधायक भावना बोहरा, जिला अध्यक्ष अशोक साहू सहित वरिष्ठ नेता और पदाधिकरी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि पिछले 5 वर्षों में छत्तीसगढ़ जिस कुशासन,अराजकता और भ्रष्टाचार के दलदल में धंस रहा था उससे जनता भलीभांति परिचित थी और विधानसभा चुनाव में उन्होंने अपने मताधिकार से इसका जवाब दिया और छत्तीसगढ़ में सुशासन का सूर्योदय किया। आज महज 100 दिनों के अन्दर छत्तीसगढ़ की डबल इंजन की भाजपा सरकार ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में जो अभूतपूर्व कार्य किये हैं वो छत्तीसगढ़ में फिर से खुशहाली और जनता की समृद्धि के लिए नए अवसर लेकर आएगा।सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने राजनांदगांव के विकास और जन सुविधा के लिए कई विकास कार्यों की सौगात दी है। आवास योजना,उज्ज्वला योजना, ड्रोन दीदी, लखपति दीदी, आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं के साथ ही वन्दे भारत एक्सप्रेस, डोंगरगढ़ मंदिर को प्रसाद योजना के तहत शामिल करना, छत्तीसगढ़ का पहला दिव्यांगजन कौशल केंद्र के साथ ही सड़कों का जाल बिछाने का ऐतिहासिक कार्य किया है। मोदी जी की गारंटी मतलब गारंटी पूरी होने की गारंटी है। इस बार छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों में भाजपा का कमल आप सभी कार्यकर्ताओं की वजह से खिलेगा।इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की जो मूलभूत शक्ति है, वो उसका कार्यकर्ता है। आज करोड़ों कार्यकर्ताओं के सामर्थ्य,सहयोग,समर्पण से ही भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने हमें एक मंत्र दिया राष्ट्र प्रथम, हमने उस मूल मंत्र के साथ देश और देशवासियों की सेवा का संकल्प किया।

## सिंधी ब्रादर मंडल का होली मिलन समारोह 24 को



**भिलाई, 22 मार्च ।** सिंधी ब्रादर मंडल, सेक्टर-4 में होली मिलन समारोह आगामी 24 मार्च रविवार को मनाया जा रहा है। सिंधी ब्रादर मंडल के अध्यक्ष जय कुमार अम्बवानी की अध्यक्षता में पदाधिकारियों की संपन्न हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रति वर्ष की तरह इस साल भी होली मिलन समारोह धूमधाम से सिंधू भवन में मनाया जायेगा । लिए गए निर्णय के अनुसार होलिका दहन, प्रसाद वितरण, फैंसी ड्रेस, होली के गीत गायन, हाउजी, पुरस्कार वितरण, सभी सदस्यों के लिए सिंधी समाज की प्रसिद्ध मिठाई गिहर की व्यवस्था भी की गई है। कार्यक्रम के अंत में रात्रि भोज की व्यवस्था की गई है । बैठक में प्रमुख रूप से रामकुमार, राजकुमार खटवानी, उद्धव दास दावड़ा, मनोहर मलकानी, ठाकुर साधवानी, राकेश नागदेव, हरीश आर्य, नरेश माखीजानी, दिलीप खटवानी, रमेश लालवानी, संजय होतवानी, संतोष मेहरचंदानी, सुरेश नागदेव उपस्थित थे । महिला इकाई की तरफ से मंजू हेमराजानी, भावना मलकानी, मीना नागदेव, कीर्ति आर्य, आंचल गोकलानी, निधी अंबवानी, पूजा वासवानी प्रमुख रूप से उपस्थित थे ।

**उत्साह**



## नगाड़ा देखने और खरीदने पहुंच रहे है ग्राहक, बच्चों में उत्साह

**कवर्धा, 22 मार्च।** कवर्धा से 15 किलोमीटर दूरी पर पोड़ी में नगाड़ा देखने और खरीदने के लिए ग्राहक पहुंचे हुए दिखे । विक्रेता ने बताया कि 100 रुपया से लेकर ढाई हजार रुपया तक की कीमत के नगाड़ा बेचा जाता है । बच्चो के लिए छोटा नगाड़ा 100 रुपया में भी मिलता है । शुक्रवार होने के कारण पोड़ी गांव में बड़ा बाजार लगता है और उम्मीद है की आज दिन भर में नगाड़ा की अच्छी बिक्री है क्यूंकि कई गांवों से लोग खरीददारी करने के लिए आते है । गुलाल , पिचकारी , मुखौटा बेचने वाले भी दुकानें लग गई है देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है की होली आ ही गई है ।

## बीएसपी के कर्मचारियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मिली सराहना



भिलाई, 22 मार्च । विगत दिनों भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक अनीश सेनगुप्ता ने अपने कर्मचारियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशंसा पत्र के साथ सम्मानित किया। सम्मानित कर्मचारियों में ओसीटी (यूआरएम) सुश्री संज्योती तिर्की, ओसीटी (यूआरएम) किशोर सिंह, एसीटी (आरएसएम) शिवराम यादव, वरिष्ठ प्रबंधक (यूआरएम) महेंद्र कुमार गुलाटी, एसीटी (आरएसएम) किशोर बाबू, सहायक महाप्रबंधक (यूआरएम) के सुरेश कुमार, ओसीटी (आरएसएम) विनोद कुमार रजक, प्रबंधक (यूआरएम) विपिन कुमार मौर्या डी और ओसीटी (आरएसएम) नागमणि कुमार शामिल हैं। सेनगुप्ता ने संबंधित कर्मचारियों की सराहना की।

# निगम कमिश्नर ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण



भिलाई, 22 मार्च। बाजार चौक भिलाई-03 एवं शांति नगर वार्ड में रूटीन होने वाली सफाई व्यवस्था का निगम कमिश्नर ने किया निरीक्षण। विश्व बैंक कॉलोनी में भी स्वयं पहुंचकर देखा सफाई का हाल। नगर निगम भिलाई-03 चरौदा कमिश्नर डी.एस.राजपूत ने गुरुवार को निगम के विभिन्न वार्डो में दैनिक होने वाली सफाई व्यवस्था को देखने के उपरांत महत्वपूर्ण दिशा निर्देश प्रदान किये है। यह बता दे कि प्रत्येक वार्ड में पानी की निकासी के लिए निर्मित नालियों की सफाई के साथ सर्विस रोड, अंदरूनी मार्ग तथा आवागमन के लिए उपयोग होने वाले मार्ग पर नियमित सफाई करने के निर्देश निगम कमिश्नर राजपूत द्वारा प्रदान किये गये है। इसके अलावा मुख्य राजमार्ग के दोनो तरफ किसी भी प्रकार की गंदगी अथवा मिट्टी का ढेर जमा नहीं होने देने के संबंध में चेताया है। इस दौरान निगम के स्वच्छता निरीक्षक बीनू वर्मा ने जानकारी देकर बताया कि निगम कमिश्नर राजपूत के निर्देशानुसार सफाई व्यवस्था का कार्य निरंतर जारी है साथ ही प्रतिबंधित प्लास्टिक पॉलीथिन का उपयोग करते पाये गये होटल एवं अन्य दुकान संचालकों के विरुद्ध विगत 03 दिवस में 4100 रुपये राशि की चालानी कार्यवाही भी की गयी है। एक सप्ताह के भीतर दूसरी बार भिलाई-चरौदा निगम कमिश्नर ने की प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा। मोर जमीन मोर मकान योजना के संबंध में दिये महत्वपूर्ण दिशा निर्देश। नगर निगम भिलाई-चरौदा कार्यालय में गुरुवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान योजना के नोडल अधिकारी कार्यपालन अभियंता सुनिल जैन समेत उपस्थित समस्त अधिकारी/कर्मचारियों को निगम कमिश्नर डी.एस.राजपूत ने शीघ्रता पूर्वक निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवासों की पूर्णता हेतु निर्देशित किया गया। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री आवास योजना बी.एल.सी. की समीक्षा राजपूत द्वारा किये जाने के दौरान फाउंडेशन लेवल, लिंटल लेवल एवं रूफ लेवल तक निर्माण हो चुके सभी आवासों को अविलंब पूरा किये जाने के निर्देश प्रदान किये।बैठक में सी.एल.टी.सी. अंकित साहू, जया पमनानी, टिकेन्द्र शर्मा, के समस्त कार्यरत एजेंसी के वास्तुविद उपस्थित रहे।

# लाभार्थी समृद्धि योजना 31 मार्च तक की तिथि बढ़ाई गई:बिचपुरिया



**भिलाई, 22 मार्च ।** लाभार्थी समृद्धि कार्यक्रम के दुर्ग लोकसभा के संयोजक ब्रजेश बिचपुरिया ने जानकारी दी कि लाभार्थी समृद्धि योजना की तिथि 31 मार्च तक बढ़ाई गई है विगत दिनों भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं लाभार्थी समृद्धि योजना के राष्ट्रीय प्रभारी सुनील बंसल द्वारा वर्चुअल बैठक लेकर के इस कार्यक्रम को महत्वपूर्ण बताते हुए माननीय मोदी जी के 10 साल के योजनाओं से 10 साल में पूरे देश भर के अंदर जो लाभार्थियों ने इस योजना का लाभ उठाया है उसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को घर-घर पहुंच करके लाभार्थियों से मिलकर मोदी जी के पत्र को पहुंचाना है और मोबाइल नंबर 9638002024 पर मिस कॉल करवा करके सबको मोदी जी से जोड़ने का काम करवाना है यह योजना 25 फरवरी से प्रारंभ हुई थी अब इस योजना का विस्तार करते हुए इसमें सभी कार्यकर्ताओं को गंभीरता से लगकर 31 मार्च तक हर बूथ में पहुंचकर लाभार्थियों से मिलना है और लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना,उज्जवल गैस योजना, कोरोना का टीका, जन धन योजना, विश्वकर्मा योजना, मुद्रा योजना, स्टार्टअप योजना किसान सम्मान निधि योजना, महतारी वंदन योजना एवं अन्य योजनाओं के तहत जो भी लाभार्थी हैं उनसे मिलकर मोदी जी का पत्र विकसित भारत का कैलेंडर और लाभार्थी के साथ सेल्फी लेकर के उनके घर में स्टीकर लगाने का काम करना है दुर्ग लोकसभा में 33 मंडल है सभी मंडलों में मेरे द्वारा संपर्क कर सभी बूथों के कार्यकर्ताओं को काम पर लगाया गया है और सब ने मिलकर के दुर्ग लोकसभा में विजय बघेल को 6 लाख मतों से जीताने का लक्ष्य रखा है और प्रदेश के अंदर 11 लोकसभा जीत कर मोदी जी के लक्ष्य अबकी बार 400 पार को पूरा कर मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का काम जनता के समर्थन से मिलकर किया जाएगा।

## व्यय प्रेक्षक ने निर्वाचन व्यय लेखा मॉनिटरिंग दलों की ली बैठक

**जगदलपुर, 22 मार्च ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 10 बस्तर के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री आशुतोष प्रधान ने निर्वाचन व्यय लेखा मॉनिटरिंग दलों की बैठक लेकर सभी को आपसी समन्वय कर दायित्व निर्वहन किये जाने पर बल देते हुए कहा कि अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय लेखा का समुचित संधारण हेतु टीम भावना के साथ कार्य करें। उन्होंने इस दिशा में संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न जिलों के दलों को बेहतर समन्वय स्थापित किये जाने कहा। व्यय प्रेक्षक श्री प्रधान ने इलेक्शन एक्सपेंडीचर पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया ।

# मतदाता जागरूकता के लिए वाहन रैली,नोडल अधिकारी ने दिलाई शपथ



भिलाई, 22 मार्च। नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम के तहत वाहन रैली निकालकर 7 मई को आगामी लोकसभा चुनाव में शत् प्रतिशत मतदान करने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया और लोगो को मतदान अवश्य करने हेतु शपथ दिलाया गया। भिलाई निगम क्षेत्र के संतोषी पारा बैकुण्ठधाम मैदान में सैकड़ो वाहन को स्वीप अक्षर के आकार में खड़ा कर जिला प्रशासन में स्वीप के नोडल अधिकारी, जिला पंचायत सी.ई.ओ., निगम भिलाई आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव, अपर कलेक्टर योगिता देवांगन, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। वाहन रैली नंदिनी रोड, छावनी, खुर्सीपार, पावर हाउस, सम्पूर्ण सेक्टर क्षेत्र का भ्रमण कर सेक्टर 7 स्कूल मैदान पहुँचा जहाँ वाहनो को 7 मई लिखे आकार में खड़े कर वहाँ मौजूद निगम, जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन के अधिकारी कर्मचारी, महिला कॉलेज, मेडिकल कॉलेज के युवाओ को निष्पक्ष निर्भित होकर बिना भेदभाव के मतदान करने का शपथ दिलाया। इसके बाद वाहन रैली को नेहरू नगर मॉल रोड, सुपेला रामनगर, 18 नम्बर सड़क केम्प क्षेत्र के लिए झण्डा दिखाकर रवाना किया गया। वाहन रैली वैशालीनगर एवं भिलाईनगर विधानसभा क्षेत्र के लगभग 30 कि.मी. परिधि में फेरा लगाकर मतदाता जागरूकता के लिए 7 मई को मतदान अवश्य करने की अपील करते हुए बेनर पोस्टर से सजे वाहन रैली का समापन जी.ई.रोड साक्षरता चौक में किया गया। रैली में स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी डॉ. पुष्पा पुरूषोत्तम, अमीत घोष, संजय बागड़े, अमिताभ शर्मा, येशा लहरे, सुनील चौधरी, दिप्ती साहू, हिमांशु देशमुख, अजय गौर, विनीता वर्मा, स्वेता वर्मा, धर्मेन्द्र, मिश्रा, श्रीनिवास राव, अजय शुक्ला, रीता चतुर्वेदी, पुरूषोत्तम साहू, शशि भूषण मोहंती, जयकुमार जैन, अनिल मेश्राम, अनिल मिश्रा, व्ही.के.समुवल, अमन पटले, एकता शर्मा, तनवरी अकील सहित कॉलेज के शिक्षक शिक्षिका युवा छात्र एवं समाज सेवी संगठन के लोग शामिल रहे।

## सिंटर प्लांट-3 में राजभाषा कार्यशाला एवं कवि गोष्ठी आयोजित



**भिलाई, 22 मार्च ।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट-3 में 19 मार्च को मुख्य महाप्रबंधक अनूप कुमार दत्त के मुख्य आतिथ्य में विभागीय राजभाषा कार्यशाला एवं कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यशाला में एसपी-3 के विभाग प्रमुख महाप्रबंधक एम आर के शरीफ़ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उप महाप्रबंधक एवं विभागीय सुरक्षा अधिकारी राजेश देवांगन ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने राजभाषा अधिनियम एवं सांविधिक प्रावधानों की जानकारी दी। सामान्य ज्ञान, सुरक्षा, पर्यावरण एवं वित्तीय शब्दावली पर केन्द्रित प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसके विजेता इस प्रकार रहे- प्रथम- नरेन्द्र सिंह ठाकुर, द्वितीय- मिथिलेश सोनबोइर, तृतीय- संजीव कुमार, प्रोत्साहन पुरस्कार- अमरेश ढूंढरे, मनीष गुप्ता, आकाश वर्मा। मुख्य अतिथि अनूप कुमार दत्त ने कहा कि हिंदी के प्रगामी प्रयोग में वृद्धि हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है। कवि गोष्ठी का संचालन कवि गजराज दास महंत ने किया। आमंत्रित कवि में बलराम चन्द्राकर, सुरेश वैष्णव, रीतम लाल साहू, ओमवीर करन, गंगाराम चौबे, अमित कुमार, चंदन, मनीष गुप्ता, संजीव कुमार तथा श्रवण सागर शामिल थे। विभागीय हिंदी समन्वय अधिकारी राजेश देवांगन ने संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन किया।

## कमिश्नर ने किया राजस्व विभाग के कर्मचारियों को तलब



**भिलाई, 22 मार्च।** भिलाई-चरौदा निगम कार्यालय में विभागीय कामकाज की समीक्षा करते हुए राजस्व विभाग में कार्यरत एक-एक कर्मचारी से निगम कमिश्नर राजपूत द्वारा टैक्स वसूली की जानकारी प्राप्त की गयी। बता दें कि प्रत्येक वार्ड में संपत्ति कर, समेकित कर, भू-भाटक, शिक्षा उपकर, एवं जलकर की राशि वसूल किये जाने सहायक राजस्व निरीक्षकों को दायित्व प्रदान किये गये हैं। ये सभी कर्मचारी सहायक राजस्व अधिकारी के अधीन कार्यरत है तथा वार्डो में टैक्स वसूली हेतु अधिकृत है। टारगेट के अनुरूप टैक्स वसूली नही हो पाने के कारण निगम कमिश्नर द्वारा बैठक में रोष प्रकट किया गया। साथ ही शत प्रतिशत टैक्स वसूली कार्य सुनिश्चित करने विभागीय कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में अनुपस्थित रहे कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश राजपूत द्वारा प्रदान किये गये हैं। सहायक राजस्व अधिकारी श्रीमती अरूणिमा दुबे, सहायक लेखाधिकारी लिंगेश्वर राव सहित ये सहायक राजस्व निरीक्षक दुष्यंत चतुर्वेदी, अर्जुन पाल, मोहम्मद यासीन, सीताराम चौहान, सरोजनी यदु, संतोष सिन्हा, कन्हैया सोनी, अनिल सिंह, पुरानिक साहू, पदुम देशलहरे, रामचंद निषाद, बसंत वर्मा, दिपक निषाद, बलराम चेलक, लालराम साहू, सृष्टि चन्द्राकर, किरण नायक, रामअवतार साहू उपस्थित रहे।

## युवक मोबाइल लूट कर हो गया फरार

**भिलाई, 22 मार्च।** भिलाई वैशालीनगर थाना क्षेत्र युवकों ने चाकू से हमला कर मोबाइल लूट कर फरार होने का मामला सामने आया है शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है पुलिस ने बताया कि केम्प-1 मदर टेरेसा नगर वार्ड 31 निवासी राम विलास चौहान ने शिकायत किया है कि भाई सत्येंद्र चौहान बीते 10 मार्च की रात जवाहर नगर कचरा भट्ठी की तरफ फोन पर बात करते हुए पैदल जा रहा था तभी तीन युवक बाइक से पहुंचे और सत्येंद्र के मोबाइल फोन को लूटने का प्रयास किया। दोनों पक्षों में हाथापाई हुई इसी दौरान आरोपी एक युवक ने चाकू से सतेन्द्र पर हमला कर दिया घटना में सत्येंद्र मौके पर ही गिर पड़ा तीनों आरोपी मोबाइल लेकर फरार हो गए पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए कुछ शराबी और बदमाश युवकों की शिनाख्त कराने में जुटी है।

## एक नजर

### उड़नदस्ते ने जिले के परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव 22 मार्च।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देश पर छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी एवं हाईस्कूल परीक्षा की निगरानी के लिए उडऩदस्ता दल का गठन किया गया। हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा अंतर्गत आज जीव विज्ञान, अर्थशास्त्र, पशुपालन की परीक्षा आयोजित की गई। जिला शिक्षा अधिकारी श्री अभय जायसवाल एवं उडऩदस्ता दल क्रमांक 1 द्वारा परीक्षा केन्द्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव, परसबोड़, उपरवाह, तिलई का निरीक्षण किया गया। परियोजना अधिकारी साक्षरता श्रीमती रश्मि सिंह व उडऩदस्ता दल क्रमांक 3 द्वारा परीक्षा केन्द्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानुपरी, बक्शी स्कूल, गुरूनानक स्कूल, कन्हारपुरी तथा सहायक संचालक कृषि श्री टीकम सिंह ठाकुर व उडऩदस्ता दल 4 द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला एलबी नगर, मडिय़ान, बागरेकसा, बोरतलाव का निरीक्षण किया गया। जिले में आज आयोजित परीक्षा में उपस्थित बच्चों की संख्या 7974 एवं अनुपस्थित बच्चों की संख्या 38 रही तथा किसी प्रकार का नकल प्रकरण दर्ज नहीं पाया गया।

### शास्त्री बाजार में किरायेदार ने बकाया नहीं दिया तो कर दी दुकान सील



**रायपुर 22 मार्च।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के आदेशानुसार नगर निगम के सभी 10 जोनों के राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिदिन निरन्तर बकाया राजस्व वसूली अभियानपूर्वक की जा रही है. सम्पूर्ण बकाया अदा नहीं करने पर सम्बंधित बड़े बकायादारों के विरुद्ध सीलबंदी, कुर्की की कार्यवाही की जा रही है. इस क्रम में आज नगर निगम जोन क्रमांक 4 राजस्व एवं बाजार विभाग की टीम द्वारा जोन नम्बर 4 के तहत पण्डित रविशंकर शुक्ल वार्ड नम्बर 35 के क्षेत्र में दो वर्षो से नगर निगम के बड़े बकायादार होटल वंश के रूपये 450234 के बकायादार संचालक पर सीलबंदी की कार्यवाही प्रारम्भ की. कार्यवाही के दौरान बकायादार होटल वंश के संचालक ने तत्काल स्थल पर नगर निगम जोन 4 राजस्व एवं बाजार विभाग की टीम को सम्पूर्ण बकाया राशि रूपये 450234 का भुगतान कर दिया एवं स्वयं को सीलबंदी की कड़ी कार्यवाही से सुरक्षित रखा. वहीं आज नगर पालिक निगम जोन 4 राजस्व एवं बाजार विभाग की टीम द्वारा जोन क्षेत्र के तहत शास्त्री बाजार सब्जी मण्डी में दुकान क्रमांक सी 23 के बकायादार किरायेदार श्री रितेश सोनकर द्वारा बकाया राशि 40000 रूपये अदा नहीं किये जाने पर स्थल पर जोन 4 जोन कमिश्नर श्री राकेश शर्मा के निर्देश पर नगर निगम राजस्व अधिकारी श्री बलदाऊ वर्मा के नेतृत्व में सीलबंदी करने की कड़ी कार्यवाही की. बकाया राजस्व वसूली अभियान प्रतिदिन आगे निरन्तरता से जारी रहेगा।

### नगर निगम आयुक्त ने निर्वाचन संबंधी तैयारियों की समीक्षा की



**रायपुर 22 मार्च।** नगर निगम कमिश्नर एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी श्री अबिनाश मिश्रा ने लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों के संबंध में निगम अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने शत् प्रतिशत मतदान का लक्ष्य निर्धारित कर प्रत्येक मतदाता को आसन्न 07 मई को मतदान हेतु प्रेरित करने निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि कम मतदान प्रतिशत वाले चिन्हित क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान संचालित करें। बैठक में अपर आयुक्त श्री आर.पी. गुप्ता, श्री विनोद पांडेय, अधीक्षण अभियंता श्री राजेश शर्मा सहित निगम अधिकारी उपस्थित थे। नगर निगम मुख्यालय के सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में श्री मिश्रा ने लोकसभा निर्वाचन के संबंध में अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने मतदान केन्द्रों में सभी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने व मतदान हेतु पहुंचने वाले मतदाताओं के लिए पार्किंग स्थल भी चिन्हित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा है कि वृद्ध व अशक्त मतदाताओं को मताधिकार के प्रयोग में कोई परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखें। बैठक में सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्वाचन के महत्वपूर्ण कार्य को पूरी जिम्मेदारी से करने की अपील की एवं आयोजित होने वाले प्रशिक्षण व जागरूकता कार्यक्रमों में पूर्ण सहयोग के लिए कहा है। बैठक में सभी विभाग प्रमुख, सर्व जोन कमिश्नर, स्वास्थ्य, स्वच्छता, शहरी आजीविका मिशन के प्रबंधक व सामुदायिक संगठक उपस्थित रहें।

### डाक मतपत्र से मतदान के लिए सुविधा केन्द्र और तिथियां निर्धारित

**धमतरी 22 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात सभी अधिकारी, कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने हेतु सुविधा केन्द्र स्थापित कर तिथियां निर्धारित की है। निर्वाचन में तैनात अधिकारी कर्मचारियों के लिए सुविधा केन्द्र सेंट मेरी इंग्लिश मीडियम स्कूल और मेनोनाईट इंग्लिश मीडियम सीनियर सेकेण्डरी स्कूल धमतरी में 15 एवं 16 अप्रैल को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक, सुरक्षा बलों के लिए सुविधा केन्द्र अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय नगरी, तहसील कार्यालय कुरूद और तहसील कार्यालय धमतरी में 17 एवं 18 अप्रैल को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक तथा अनुपस्थित-अनिवार्य सेवा के निर्वाचकों के लिए तहसील कार्यालय धमतरी स्थित सुविधा केन्द्र में 24 एवं 25 अप्रैल को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक मतदान किया जा सकता है।

# लोकसभा निर्वाचन के लिए सभी अधिकारी-कर्मचारी टीम के रूप में करें अच्छा कार्य:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 22 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के निर्वाचन कार्य के सुचारू संपादन हेतु कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन के लिए सभी अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों एवं नियमों की अच्छी जानकारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि कार्य के दौरान सभी अधिकारियों में अच्छा समन्वय होना चाहिए। लोकसभा निर्वाचन के लिए टीम वर्क में अच्छा कार्य करना है। इसके लिए सभी आपसी समन्वय, सहयोग एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे तथा प्रासंगिक एवं अद्यतन जानकारी से लैस रहेंगे। उन्होंने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होने पर संबंधितों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं अन्य नोडल अधिकारी सक्रियतापूर्वक कार्य करेंगे। निर्वाचन के दौरान वीवीआईपी दौरे, अनुमति, सभा, जूलूस, रैली, हेलीकॉप्टर के लिए अनुमति जैसे अन्य कार्य के साथ ही समन्वय करते हुए उडऩदस्ता दल, वीडियो अवलोकन दल, व्यय अनुवीक्षण दल, अनुमति एवं आदेश के कार्य समानांतर होते रहेंगे। कलेक्टर ने कहा कि प्रशिक्षण के कार्य तेज गति से होते रहें। मतदान दलों को प्रशिक्षण के दौरान नियुक्ति आदेश एवं अन्य दस्तावेज प्रदान करें। ईटीबीपीएस एवं डाक मतपत्र के लिए जिनकी ड्यूटी लगाई है, वे एक-दूसरे से जुड़े रहे एवं जानकारी लेते रहें।

कलेक्टर ने कहा कि सभी मतदान केन्द्रों में छांव, पेयजल, प्रकाश, साफ-सफाई एवं अन्य बुनियादी सुविधाएं होनी चाहिए। सभी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर संवेदनशील मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर लें। मतदान दल में जिनकी ड्यूटी लगी है, उनकों निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र प्रदान करने के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सेक्टर ऑफिसर रिजर्व में ड्यूटी लगे कर्मचारियों को तेज गति से मतदान कराने के लिए कार्य लें। ऐसे मतदान केन्द्र जहां बाऊण्ड्रीवाल नहीं है, वहां बांस-बल्ली से बेरिकेटिंग कराएं। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए शाम के समय मतदान करने वाले लोगों की संख्या अचानक बढ़ सकती है, इसको ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। नगर निगम आयुक्त को मतदान केन्द्रों में साफ-सफाई, पेयजल एवं अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निर्वाचन कार्य के लिए लगने वाली आवश्यक सामग्री का निरीक्षण करने तथा लिस्टिंग करने के निर्देश दिए।

# ग्राम बगदई पंचायत में हुआ लाखो का फर्जीवाड़ा, ग्रामीणों ने की जांच की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगांव 22 मार्च।** डोंगरगांव से लगे ग्राम पंचायत बगदई मे पंचायत की राशि का फ़र्ज़ी आहरण, गलत बिलिंग, गलत तरीके का काम कर पंचायत के पैसो का आहरण का मामला उजागर हुआ है जिसमे सरपंच सचिव दोनों की मिली भगत सामने आ रही है। ग्राम पंचायत बगदई के सरपंच एवं सचिव द्वारा अपनी मनमानी करते हुई शासन द्वारा पंचायत को पंचायत विकास की जो राशि प्रदान की जाती है उस राशि को बिना पंचों के साथ बैठक करें बिना जानकारी दिए फ़र्ज़ी बिल लगा कर लाखो रूपयों के घपले का मामला आया है। मिली जानकारी अनुसार डोंगरगांव से लगे ग्राम बगदई मे सरपंच, सचिव के मनमानी की सुचना प्राप्त हुई है जिसमे पंचो एवं ग्रामवासियो से जानकारी ली गई जिसमे ग्राम बगदई के सभी पंच और ग्रामवासी , सरपंच सचिव से नाराज़ दिखे, पूछने पर बताया की सरपंच और सचिव मिल कर ग्राम विकास की राशि को बिना पंचायत बैठक , बिना किसी सुचना मनमाने ढंग से आहरित कर निजी उपभोग किया जा रहा है जानकारी मांगने पर ना ही सरपंच द्वारा ना ही सचिव द्वारा कोई जानकारी दी जाती है और फ़र्ज़ी तरीके से बिल बना कर लागत राशि को बढ़ा कर राशि आहरण किया जा रहा है। ग्राम के ही लोगो द्वारा सुचना के अधिकार के तहत आवेदन कर जब जानकारी मांगी गयी तब इस फ़र्ज़ीवाड़ा का पूर्णतः खुलासा हुआ है। अलग अलग समय मे मांगे गए अलग अलग सुचना के अधिकार के जवाब मे जो बिल एवं पावती पंचायत द्वारा दिया गया वह पूरी तरह से एक दूसरे से अलग है जिससे साबित होता है की ये सारे बिल फर्जी तरीके से बनाया गया है। इससे पूर्व भी ग्रामीणों द्वारा लिखित शिकायत की गई थी जिसकी जांच मात्र खाना पूर्ति थी जिसमे अधिकारियो द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं की गई ना ही जिस विषय मे शिकायत थी उस बारे मे कोई जांच किया गया।




सुचना के अधिकार के आवेदन का जब जवाब आया तब लोगो को पता चला की ग्राम पंचायत मे जो भी सामान क्रय किया जाता है वो एक ही दूकान से किया जाता है जहा सरपंच एवं सचिव के द्वारा बताये अनुसार ही बिल बना दिया जाता है क्योंकि जब बिलो की जाँच की गई तब सामान के कीमतों मे अधिकता के साथ अन्य दूकान की कीमतों से काफ़ी फर्क देखने को मिला। साथ ही बिल प्राप्त होने के बाद पता चला की किस तरह फ़र्ज़ी बिल से सरपंच, सचिव अपने जेब में भर रहे है।

## राजनांदगाव प्रत्याशी भूपेश बघेल का खुज्जी में लोगों ने जगह-जगह किया जोरदार स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगांव 22 मार्च।** नगर से लगे कबीरमठ नादिया ( खुज्जी ) के 200 वर्ष पुरे होने पर द्वितीय शताब्दी समारोह के अवसर पर अखिल भारतीय कबीर आचार्य सम्मलेन 21,22 एवं 23 मार्च को कबीर मठ धाम नादिया मे आयोजित किया गया जिसमे शामिल होने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजनांदगाव के प्रत्याशी श्री भूपेश बघेल पहुचे जिनका स्वागत पहले खुज्जी विधानसभा के विधायक भोला राम साहू के निज निवास से आरंभ हुआ जहा भेट मुलाकात के बाद खुज्जी बस स्टैंड में जनपद उपाध्यक्ष सुयश नाहटा के अगुवाई में भव्य स्वागत खुज्जी सेक्टर एवम डोंगरगांव युवा कांग्रेस एवम एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी के साथ किया। इस कार्यक्रम मे भूपेश बघेल के साथ डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू ,खुज्जी विधायक भोला राम साहू भी साथ थे , ततपश्चात वे नांदिया के लिए प्रस्थान किये इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष संध्या साहू, जनपद सदस्य दीपिका साहू, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश प्रवक्ता श्रुति शुक्ला, वरिष्ठ कांग्रेसी वीरेंद्र बोरकर,निखिल द्विवेदी, रवि शुक्ला मीडिया प्रभारी डोंगरगांव ब्लॉक, जनपद सदस्य नरबद चंद्रवंशी ,जनपद सदस्य सुशीला साहू, प्रदेश महामंत्री नरेंद्र साहू, सेक्टर प्रभारी मुरली निषाद, ब्लॉक महामंत्री वसीम खान,प्रियंक जैन पार्षद, अब्दुल लोकेश सिन्हा, पुस्पेंद्र,अमित,बुथ अध्यक्ष जितेंद्र चुनारकर, शेख नासिर, सुंदरलाल साहू, हीरालाल निषाद, संतोष यादव सहित भरी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## जिले में स्वीप के तहत विभिन्न गतिविधियां की जा रहीं आयोजित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी 22 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप जिला नोडल अधिकारी सुश्री रोम श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जिले में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत्-प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रहीं हैं। इसके तहत मजदूरों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं ने ग्रामीणों के साथ रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान करने की अपील की।

रैली के दौरान उन्होंने 'नहीं करेंगे यदि मतदान, होगा बहुत बड़ा नुकसान,' 'मत देना अपना अधिकार, बदले में ना लो उपहार,' 'वोट हमारा है अधिकार, करें नहीं इसको बेकार,' 'छोड़ के अपने सारे काम, पहले करें चलो मतदान' संबंधी नारे लगाये गये। वहीं महाविद्यालयों में निर्वाचन साक्षरता क्लब के सदस्यों द्वारा रैली निकालकर शत्-प्रतिशत मतदान की अपील की गई। वनांचल सहित जिले के विभिन्न स्कूलों में भी मतदान संबंधी रंगोली, रैली, नुक्कड़, नाटक इत्यादि कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसके अलावा जिले की विभिन्न गैस एजेंसियों में मतदाता जागरूकता संबंधी बैनर सहित गैस सिलेण्डर ले जाने वाली गाड़ियों में बैनर, गैस पर्ची और गैस सिलेण्डर में भी मतदान करने संबंधी सील लगाकर अपील की जा रही है। इसी तरह जिले के विभिन्न कार्यालयों महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों में बाहर से आने वाले लोगों को अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा मतदान की शपथ दिलाई गई। वहीं जिले के श्यामतराई स्थित विजय राईस मिल श्यामतराई, ऋषभ राईस मिल, साईं एग्रोटेक में कार्यरत 300 से अधिक मजदूरों को मतदान की शपथ दिलाकर अधिक से अधिक मतदान करने और आसपास के लोगों को भी मतदान करने हेतु प्रोत्साहित करने कहा गया।

# आगामी लोकसभा चुनाव और होली त्योहार को लेकर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जा रहा है वाहन चेकिंग अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 22 मार्च।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना चौकी प्रभारियों एवं यातायात शाखा को निर्देश दिया गया है की आगामी लोकसभा चुनाव होली और रमजान को देखते हुए अपने अपने थाना क्षेत्रों में एमसीपी लगाकर संदिग्ध लोगों पर नजर बनाये रखने और सघनता व सतर्कता के साथ वाहन चेकिंग करने शराब, मादक पदार्थों व अन्य सामग्रियों पर रोकथाम करने तथा कानून- व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाये रखने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश दिया गया था। जिसके तहत् थाना कोतवाली, बागनदी, डोंगरगढ़, ओपी सुरगी एवं थाना यातायात पुलिस द्वारा दिनांक 20/03/2024 को आने जाने वाले संदिग्ध, वाहन, वस्तु व्यक्ति की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालो के कुल 145 प्रकरण में 45100/- रूपये समंस शुल्क कर उनके विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के संबंध में जागरूक भी किया गया।



**नवीन चिकित्सालय कक्ष में चिकित्सकों की पदस्थापना के साथ ही प्राथमिक उपचार एवं दवाओं की सम्पूर्ण सुविधा उपलब्ध रहेगी**

# मुख्य न्यायाधीश ने नवीन चिकित्सालय कक्ष एवं बच्चों के झूलाघर का किया उद्घाटन

**रायपुर, 22 मार्च।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के विस्तार भवन में नवीन चिकित्सालय कक्ष एवं बच्चों के झूलाघर का उद्घाटन आज मुख्य न्यायाधीश श्री रमेश सिन्हा द्वारा किया गया। इस अवसर पर समस्त न्यायमूर्तिगण उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि मुख्य न्यायाधीश श्री रमेश सिन्हा नियमित रूप से उच्च न्यायालय और जिला न्यायालयों के भौतिक निरीक्षण करते रहे हैं तथा न्यायिक कार्य-व्यवस्था में सुधार एवं अधिकारियों, कर्मचारियों हेतु कार्य के बेहतर माहौल हेतु निरंतर प्रयासरत् रहे हैं। इसी कड़ी में आज उनके द्वारा नवीन चिकित्सालय कक्ष एवं बच्चों के झूलाघर का उद्घाटन किया गया। नवीन चिकित्सालय कक्ष में चिकित्सकों की पदस्थापना के साथ ही प्राथमिक उपचार एवं दवाओं की सम्पूर्ण सुविधा उपलब्ध रहेगी। मुख्य न्यायाधीश द्वारा नवीन साज-सज्जा एवं सुविधाओं के साथ बच्चों के वातानुकूलित झूलाघर का उद्घाटन किया गया, जिसमें अलग-अलग आयुवर्ग के बच्चों के खेलने हेतु विभिन्न प्रकार के खिलौने रखे गये हैं। इसके साथ ही दीवारों पर बच्चों के लिए आकर्षक साज-सज्जा की गई है। पृथक से एक फीडिंग रूम तथा किचन स्थापित करते हुए बच्चों के लिए विभिन्न खाद्य सामग्री भी उपलब्ध करायी गयी है। विदित हो कि बहुत से अभिभावक पति-पत्नि दोनो ही उच्च न्यायालय में अधिकारी-कर्मचारी या अधिवक्ता के रूप में कार्यरत् हैं, ऐसी स्थिति में सर्व-सुविधायुक्त झूलाघर होने से वे अपने बच्चों के संबंध में बिना किसी चिंता के अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकते हैं। इस अवसर पर रजिस्ट्रार जनरल और अन्य न्यायिक अधिकारीगण, ज्यूडिशियल एकेडमी के न्यायिक अधिकारीगण, रजिस्ट्री के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।



## समाचार संक्षेप

### थाना गैंदाटोला पुलिस ने असामाजिक तत्व के विरुद्ध की कार्रवाई




**राजनांदगांव 22 मार्च।** जिले मे अपराधों की रोकथाम एवं गुंडे बदमाशों पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस विभाग द्वारा जिले मे लगातार कार्यवाही की जा रही है उसी क्रम मे थाना गैंदाटोला पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा , अनुविभागीय पुलिस अधिकारी श्री दिलीप सिसोदिया के मार्गदर्शन में थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गैंदाटोला मे लड़ाई झगड़ा कर बेवजह विवाद करने वाले व्यक्ति मिलाप साहू पिता स्व. रघुवीर साहू उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम फाफामार थाना गैंदाटोला जिला राजनांदगांव को आज दिनांक 21.03.24 को धारा 151 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत गिरफ्तार किया गया एवं क्षेत्र मे शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अनावेदक को प्रतिबंधित करने हेतु पृथक से धारा 107,116(3) दंड प्रक्रिया संहिता के तहत प्रतिबंधित कार्यवाही कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट छुरिया के समक्ष पेश किया गया जा रहा है।

### कलेक्टर ने कल्लूबंजारी एवं दामाबंजारी चेकपोस्ट का किया निरीक्षण



**राजनांदगांव 22 मार्च ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिले अंतर्राज्यीय सीमावर्ती बार्डर स्थित कल्लूबंजारी एवं दामाबंजारी चेकपोस्ट का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने चेकपोस्ट पर कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि निर्वाचन के समय अवैध शराब, राशि तथा अन्य सामग्री के परिवहन के मामले सामने आते हैं। उन्होंने सर्तकतापूर्वक वाहनों की जांच करने के बाद ही जिले में प्रवेश देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने चेकपोस्ट में की जा रही कार्रवाई एवं गाडिय़ों की जांच के लिए रजिस्टर पंजी संधारित करने तथा संदिग्ध वाहन पाए जाने पर उच्च अधिकारियों को तत्काल सूचना देने कहा। इस दौरान सीईओ जिला पचांयत सुश्री सुरूचि सिंह, एसडीएम डोंगरगांव श्री मनोज कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### रायपुर अमिटी यूनिवर्सिटी में महिला उद्यमिता विकास जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**रायपुर 22 मार्च।** आज रायपुर जिला प्रशासन और रायपुर नगर पालिक निगम के सहयोग से माय ट्री स्कूल द्वारा अमिटी विश्वविद्यालय परिसर में महिला उद्यमिता विकास जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की पहल नगर निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा द्वारा की गई, जिनका उद्देश्य रायपुर, छत्तीसगढ़ में उद्यमिता को बढ़ावा देना था। जिला प्रशासन और नगर पालिक निगम द्वारा इसी प्रयोजन हेतु प्रारंभ शी हब कार्यक्रम की जानकारी हेतु आयोजन किया गया। कार्यक्रम में माय ट्री स्कूल के संस्थापक रोहित कश्यप ने छात्राओं को शी हब कार्यक्रम की पूरी जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और कार्यक्रम में भाग लेने की प्रक्रिया, लाभ और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया। नगर निगम के इंजीनियर और स्टार्टअप एवं इनोवेशन के प्रभारी सोहन गुप्ता ने कार्यक्रम में छात्राओं को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्राओं को व्यवसाय, नौकरी और दुकानदारी के बीच के मूलभूत अंतरों के बारे में बताया और उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अमिटी विश्वविद्यालय के डिप्टी डायरेक्टर अमित यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ डॉक्टर सुशांत सिंह, प्रोफेसर डॉक्टर डिप्टी वाइस चांसलर सुमिता दवे, डिप्टी प्रो वाइस चांसलर सत्येंद्र पटनायक सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी छात्राओं को उद्यमिता से जुड़ी विभिन्न बुनियादी जानकारियां प्रदान की और इस कार्यक्रम को रायपुर में महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक सकारात्मक पहल बताया । कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को उद्यमी बनने के लिए प्रेरित किया गया और उन्हें आवश्यक जानकारी प्रदान की गई।

संपादकीय

# अपने वोट हर चुनाव में बढ़ाना आसान नहीं

सभी राजनीतिक दल यह जानते हैं कि पार्टी तब ही मजबूत होती है, जब हर चुनाव में उसके वोट बढ़ते रहते हैं। हर चुनाव में वोट बढ़ने पर ही पार्टी चुनाव जीतती है। जनता में लोकप्रिय बनी रहती है। पार्टी लोकप्रिय बनी रहे, चुनाव जीतती रहे इसलिए हर कोई चाहता तो है उसकी पार्टी के वोट बढ़ते रहे लेकिन अपनी पार्टी के वोट हर चुनाव में बढ़ाना इतना आसान नहीं होता है। इसलिए केंद्र व राज्य में एक पार्टी ही ऐसी होती है जिसके वोट बढ़ते हैं और वही चुनाव जीतती है, बाकी राजनीतिक दल चुनाव इसीलिए हार जाते हैं कि वह अपना वोट प्रतिशत बढ़ा ही नहीं पाते हैं। देश के दो सबसे बडे राजनीतिक दलों की तुलना इस मामले में की जाए तो भाजपा का वोट प्रतिशत हर साल जहां बढ़ता जा रहा है, हर चुनाव में वह ज्यादा सीट जीत रही है तो कांग्रेस का वोट प्रतिशत बढ़ नहीं रहा है। उसकी सीट संख्या भी ज्यादा नहीं बढ़ रही है।कांग्रेस को 2014 के लोकसभा चुनाव में वही 20 प्रतिशत के करीब वोट मिले थे और सीटों की संख्या 44 थी। वहीं 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का वोट प्रतिशत स्थिर रहा और सीटें जरूर बढ़कर 52 हो गईं। कांग्रेस को अपने दो चुनावों से ही पता चल गया कि वह भाजपा को अकेल नहीं हरा सकती। इसलिए उसने भाजपा को हराने के लिए वहीं परंपरागत राजनीतिक तरीका काम में लाने का फैसला किया कि भाजपा विरोधी दलों को एकजुट कर चुनाव लडा जाए। इससे भाजपा विरोधी वोट जो बंट जाता है, वह नहीं बंटेगा और भाजपा को हराया जा सकेगा। चुनाव जीतने का यह तरीका भी ठीक हैं लेकिन इससे जरूरी नहीं है कि सभी दलों के वोट एक दूसरे को मिल जाएं। इसलिए जीत की संभावना तो इसमें रहती है लेकिन जीत होगी ही ऐसा नहीं कहा जा सकता। क्योंकि सब मजबूत दल क ेहटाना तो चाहते हैं लेकिन खुद भी राज्य में मजबूत रहना चाहते हैं। इससे हकीकत में दलों के बीच एकता नहीं होती है, एक दिखावे की एकता होती है। किसी कार्यक्रम में विपक्षी नेता आकर फोटो तो खींचा लेते हैं लेकिन हकीकत में विपक्षी एकता होती ही नहीं हैं। जैसे हाल में कांग्रेस की भारत जोड़ों यात्रा के समापन पर कई विपक्षी दलों के नेता मोजूद थे। मैसेज दे रहे थे कि हम एक हैं लेकिन राज्यों में वे तय नहीं कर पा रहे हैं कि वह कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेंगे और दूसरों को कितनी सीट देंगे। जहां सीट शेयरिंग हो भी गई है, वहां प्रत्याशी नहीं तय हो पा रहे हैं। चुनाव तारीखों की घोषणा हो गई है और कांग्रेस अपने प्रत्याशियों की सूची ही जारी नहीं कर पा रही है। कुछ राज्यों में कांग्रेस ज्यादा सीटें चाहती हैं और विपक्षी दल नहीं देना चाहते हैं। इसी वजह से महाराष्ट्र. बिहार में मामला फंसा हुआ है। राहुल गांधी की यात्रा समाप्त हो चुकी है। माना जा रहा है कि इस यात्रा का चुनाव पर कोई खास असर नहीं पड़नेव वाला है। कांग्रेस का वोट प्रतिशत भी नहीं बढ़ने वाला है, कांग्रेस की जीत के लिए वोट प्रतिशत बढ़ना जरूरी है। यही काम कांग्रेस सुनियोजित तरीके से कर नहीं पा रही है। वह जानती है कि वह यह काम कर नहीं पा रही है तो वह करने वालों से सीख सकती है लेकिन सीखती भी तो नहीं है। उसे भाजपा से सीखना चाहिए कि अपना वोट बैंक कैसे बढ़ाया जाता है। कैसे नए वोटरों को पार्टी से जोड़ा जा सकता है। कैसे भविष्य के वोटरों को प्रभावित किया जा सकता है कैसे युवाओं को पार्टी से जोड़ा जा सकता है। पार्टी का वोट प्रतिशत तब ही बढ़ता है जब नए वोटर उससे जुड़ते हैं और जुड़े रहते हैं। इसके लिए पीएम मोदी सबसे ज्यादा सक्रिय रहते हैं,उनके जितना सक्रिय कोई नेता नहीं रहता है। पीएम मोदी हर साल बोर्ड परीक्षा के समय भविष्य को वोटरों से मिलते हैं, उनसे बात करते हैं, उनसे संबंध बनाते हैं। उनको प्रभावित करते हैं, इस तरह प्रभावित करते हैं कि वह उनसे हमेशा के लिए जुड़ जाते हैं, बाद में जब वह वोटर बनते हैं यहीं प्रभाव व संबंध उनको मोदी से जोड़ता है। इससे नए वोटर हर साल भाजपा से जुड़ते हैं और उसका वोट प्रतिशत इसलिए भी बढ़ता है। इसके बाद मोदी हर साल युवाओं के लिए कुछ कार्यक्रम करते हैं। युवाओं के बीच जाते हैं। उनसे बात करते हैं। जैसे इस साल पीएम मोदी ने देश के सोशल मीडिया के कई लोकप्रिय सितारों का सम्मान करने का फैसला किया। इससे वह सितारे तो मोदी से जुड़े ही, उनके फालोवर भी मोदी से जुड़े कि मोदी ने उनके सितारों का सम्मान किया। इसी तरह हाल में स्टार्ट अप महाकुंभ से भी यही किया गया। कांग्रेस सहित विपक्षी दल भी यह सब कर सकते हैं लेकिन वह करते नहीं है। सीख सकते हैं लेकिन सीखते नही।

विश्व कविता दिवस

# कविता भावना का संगीत और शब्दों का सौन्दर्य है

ललित गर्ग



कविताएं प्राचीन काल से न ही सिर्फ मानव मन को बल्कि समाज के विभिन्न मुद्दों, संवेदनाओं एवं भावों को कलात्मक ढंग से कहने का एक ठोस तरीका रही हैं। विश्व-साहित्य में कविताओं का सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थान रहा है। भारत में ऋषि-मुनियों ने काव्य व छंदों में कितनी ही बातें कहीं हैं, कितना साहित्य चौपाई और दोहे में संजोया गया है, स्वतंत्रता-संग्राम में राष्ट्र-कवियों का योगदान अपूर्व रहा है। सन् 1999 में पेरिस में हुए यूनेस्को के 30वें अधिवेशन में तय किया गया कि हर साल 21 मार्च को विश्व कविता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। ऐसा अभिव्यक्ति, सृजन व कला के इस माध्यम को बढ़ावा देने के लिए किया गया था। काव्य अभिव्यक्ति के माध्यम से भाषाई विविधता का समर्थन करने और लुप्तप्राय भाषाओं को सुनने के अवसर को बढ़ाने के उद्देश्य से दुनियाभर में कविता के पढ़ने, लिखने, प्रकाशन और शिक्षण को बढ़ावा देने की अपेक्षा है और इसके लिये मूल यूनेस्को घोषणा में कहा भी गया है, 'राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कविता आंदोलनों को नई मान्यता और प्रोत्साहन देना वर्तमान की जरूरत है। इसी क्रम में यूनेस्को का मानना है कि कविताएं के माध्यम से आंचलिक भाषाओं को भी बचाया जा सकता है। कविता दिवस मानव सभ्यता के भीतर मौजूद भाषाओं की विविधता का उत्सव है। कविताओं ने सदा से ही अपने समय की गवाही दी है, मानव मन के राग गाए हैं और लोगों को जोड़ने का काम किया है। कितने ही आंदोलनों से लेकर पर्वों तक कविताएं ही एक स्वर के रूप में बाहर आती हैं। कविताएं ज्ञान का आदि और अंत है, यह उतनी ही अमर है जितना मानव का हृदय। कविताएं तमाम मानवीय ज्ञान, विचारों, भावों, अनुभूतियों एवं भाषा की खुशबूदार कलियां हैं।

कविता का उद्देश्य सौन्दर्यभाव को जागृत करना है। जिस सौन्दर्य को हम अपने आस-पास विद्यमान होते हुए भी अनुभव नहीं कर पाते उसे कविता के माध्यम से अनुभव करने लगते हैं। क्योंकि कविता श्रोता को एक सौन्दर्य बोधक दृष्टि प्रदान करती है और वे भाव-सौन्दर्य, शब्द सौन्दर्य तथा ध्वनि सौन्दर्य सभी की अनुभूति करने लगते हैं। कविता का मानव जीवन में बड़ा महत्व है। कविता मनुष्य को जीवन जीने की सही शिक्षा देती है, अच्छे संस्कार देती है। इसके अतिरिक्त कविता मानव मात्र को ऊंचे आदर्श, पवित्र धारणा और अटल आस्था को धारण करने की ऊर्जा और शक्ति देती है। कविता के माध्यम से जीवन का सत्य और सब प्रकार के अनुभवों को व्यक्त किया जा सकता है। आज से सैंकड़ों वर्ष पहले राजर्षि भर्तृहरि जी ने कविता के विषय में यहां तक कह दिया था कि यदि किसी के पास अच्छी कविता है तो उसे विशाल राज्य की क्या जरूरत है।' सौन्दर्य-मद में झूमती कवि की दृष्टि स्वर्ग से भूलोक और भूलोक से स्वर्ग तक विचरती है। कविताएं प्रकृति-विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण का कार्य भी करती है। एक कवि का संसार विज्ञान के आसपास ही नहीं घूमता, बल्कि विश्वास एवं आस्था को रचता है, कवि विज्ञान का अनुचर नहीं, पूरक है। कविता भावना का संगीत है और शब्दों का सौन्दर्य है।

यदि हम कविता का सही मूल्यांकन करें तो आधुनिक परिवेश में भी कविता मानव जीवन के लिए संजीवनी का काम करती है। कविता से मनोरंजन के अतिरिक्त अच्छी शिक्षा और श्रेष्ठ आदर्श भी मिलते हैं। भागदौड़ के जीवन में कविताओं से नई स्फूर्ति मिलती है। तनावपूर्ण वातावरण में कविता हमें सुख, शांति और धैर्य प्रदान करती है। कुछ चिन्तकों का विचार है कि कविता का जन्म संवेदनशीलता से होता है। संवेदन दो प्रकार के होते हैं- सुखद और दुःखद। सुखद संवेदन किसी व्यक्ति के सामने प्रकट होते हैं और



दुःखद संवेदन लेखन के माध्यम से अभिव्यक्त होते हैं। हो सकता है किसी-किसी कवि और लेखक के साथ ऐसा घटित होता है और वह अपनी संवेदना को सब पर आरोपित कर देता है। कुछ भी हो, कविता कवि की निजी संपत्ति होती है। उसे कोई समझे या नहीं, उसकी प्रासंगिकता ध्यान में आए या नहीं, पर जीवन को रसात्मक बनाए रखने के लिए कविता लिखना और पढ़ना या सुनना आवश्यक है।

कविता के साथ कवि का क्या संबंध होता है, यह एक प्रश्न है। कुछ कवि श्रोताओं के लिए लिखते हैं, कुछ पाठकों के लिए लिखते हैं, कुछ जीविका के लिए लिखते हैं, कुछ समय का सृजनात्मक उपयोग करने के लिए लिखते हैं, कुछ मनोरंजन के लिए लिखते हैं, कुछ अज्ञात को ज्ञात करने के लिए लिखते हैं और कुछ अपने लिए लिखते हैं। और भी कई कारण हो सकते हैं। कविता लिखने के कारण कुछ भी हों, कविता की सार्थकता इसमें है कि वह श्रोता या पाठक को भीतर से आन्दोलित कर दे। आन्दोलित होने का अर्थ यह नहीं है कि उसमें उथल-पुथल मच जाए। उथल- पुथल मचाना कोई बड़ी बात नहीं है। बड़ी बात है श्रोता और पाठक की सृजनात्मक एवं रचनात्मक चेतना को स्पन्दित करना, उनमें शांति स्थापित करना। जो कविताएं ध्वंस की प्रेरणा देती हैं, सामाजिक मूल्य-मानकों के प्रति विद्रोह जगाती हैं अथवा निषेधात्मक भावों को जगाती हैं, उन कविताओं से श्रोता या पाठक का हित नहीं सध सकता। यह बात उन कविताओं के लिए है जो दूसरों को उत्प्रेरित करने के लिए लिखी जाती हैं और मंच पर बोली जाती हैं। जो कवि अपने लिए लिखते हैं, उनके सामने न कोई लक्ष्य रहता है और न कोई विषय। उनके मन की पीड़ा या प्रसन्नता जब घनीभूत हो जाती है और उसको सुनने वाला या बंटाने वाला कोई नहीं मिलता है, तब वे एकान्त में जाकर बैठते हैं और अपनी अनुभूतियों एवं संवेगों को कागज पर उतार देते हैं। मार्क ट्वेन का अभिमत है कि पीड़ा तो स्वयं को संभाल लेती है पर आनन्द का भार बांटने के लिए किसी मनुष्य का साथ होना आवश्यक है।

कविताएं खूबसूरती बयां करती है, चाहे किसी से कुछ कहना हो या किसी से प्यार का इजहार करना हो, स्त्रियों के सम्मान की बात हो या पुरुषों के स्वाभिमान की बात, देशकाल परिस्थिति हर बात को कविता के माध्यम से हर किसी के दिल तक पहुंचाने का काम कवि करता है। अगर किसी को कुछ कहने में झिझक होती है तो वो कविता की पंक्तियों के माध्यम से खूबसूरती से अपनी बात लोगों के सामने कर सकता है। विश्व कविता दिवस मनाने का उद्देश्य कविताओं का प्रचार-प्रसार करना है। यह जश्न साहित्यिक अभिव्यक्ति का एक रूप है जो भावनाओं को जगाने, विचारों को व्यक्त करने और मानवीय अनुभव के सार को पकड़ने के लिए भाषा का उपयोग करता है। यह एक विशेष सौंदर्य और भावनात्मक प्रभाव पैदा करने के लिए विभिन्न साहित्यिक तकनीकों, जैसे कविता, कल्पना और रूपक के उपयोग की विशेषता है। कविता का एक लंबा और समृद्ध इतिहास है, जो ग्रीस, चीन और भारत जैसी प्राचीन सभ्यताओं से जुड़ा है। सदियों से, कवियों ने प्रेम, प्रकृति, आध्यात्मिकता, राजनीति और सामाजिक मुद्दों सहित कई प्रकार के विषयों को व्यक्त करने के लिए कविता का उपयोग किया है। कविता की अनूठी विशेषताओं में से एक इसकी अर्थ और भावना को संक्षिप्त और प्रभावशाली तरीके से व्यक्त करने की क्षमता है। कवि अक्सर जटिल विचारों और भावनाओं को कुछ ही शब्दों में व्यक्त करने के लिए रूपक और प्रतीकवाद का उपयोग करते हैं, जिससे पाठक पर एक शक्तिशाली और यादगार प्रभाव पड़ता है। कविता के कई अलग-अलग रूप और शैलियाँ हैं, जिनमें सॉनेट, छंद, मुक्तक, दोहा, चोपाई, हाइकू, मुक्त छंद और स्लैम कविता शामिल हैं, प्रत्येक की अपनी अनूठी विशेषताएं और नियम हैं। कई विविधताओं के बावजूद, कविता कलात्मक अभिव्यक्ति का एक शक्तिशाली रूप बनी हुई है जो दुनिया भर के लोगों को प्रेरित करती रहती है। निश्चित ही कविता एक जादुई सुरंग है जिसके भीतर से मनुष्य एक विश्व को छोड़कर दूसरे विश्व में प्रवेश करता है।

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज आपका मन आध्यात्म में अधिक लगा रहेगा। कोई नया काम शुरू करने का विचार आपके मन में आयेगा। किसी दोस्त से अचानक मुलाकात आपके भविष्य लिए फायदेमंद साबित होगी। अपने चारों ओर होने वाली गतिविधियों का ध्यान रखें, क्योंकि आपके काम का श्रेय कोई दूसरा ले सकता है। लवमेट के लिए आज का दिन खुशियां लेकर आयेगा। दम्पत्य जीवन में खुशहाली बनी रहेगी।

वृष राशिः आज कामकाज में सावधानी बरतने की जरूरत है। छोटे स्तर पर शुरू किया गया व्यापार आपके लिए लाभकारी रहेगा। आपने जो लक्ष्य निर्धारित कर रखें हैं, आज उनके काफी करीब पहुंच जायेंगे। विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे, लेकिन अपनी समझदारी से आप उन्हें कामयाब नहीं होने देंगे। जरूरी कामों को आज दूसरों के भरोसे न छोड़े। इस राशि के छात्रों को थोड़ी और मेहनत करने की जरूरत है। घर से किसी विषय पर सलाह मिलेगी, जो आगे चलकर आपके लिए फायदेमंद साबित होगी।

मिथुन राशिः आज का दिन खुशियां लेकर आया है। जो लोग राजनीति के क्षेत्र से जुड़े हैं, आज उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जो लोग उच्च शिक्षा पाने की इच्छा रखते हैं, उन्हें आज किसी अच्छे कॉलेज में दाखिला मिलेगा। आज आप मानसिक रूप से स्वस्थ बने रहेंगे। आज आप अपने विरोधियों पर हावी रहेंगे। अपने भाई-बहनों के साथ किसी अच्छी जगह घूमने का प्लान बनाएंगे। आज आपको पैसे के लेन-देन में सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

कर्क राशिः आज आप ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। आज आपको अपने वाणी पर संयम रखने की जरूरत हैं। इस राशि के जो लोग डॉक्टर हैं आज वो नई क्लीनिक की ओपनिंग करने का मन बनायेंगे, जिसमें परिवार का भरपूर सहयोग मिलेगा। आज आपके बिजनेस में बढ़ोतरी होगी। आज समाज सेवा के लिए की गयी कोशिशें आपकी अलग पहचान बनायेंगी। इस राशि के छात्र आज किसी एकांत जगह पर जाकर पढ़ाई करें, तो पढ़ाई में मन लगेगा।

सिंह राशिः आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज किसी सरकारी अधिकारी का सहयोग मिलने से कोई प्रसाशनिक कार्य पूरा होगा। जीवनसाथी के साथ चल रही अनबन आज समाप्त हो जाएगी। आज आपके दिमाग में नये-नये विचार आयेंगे। लेखन का कार्य कर रहे लोगों की रचनाओं की लोग तारीफ करेंगे। आज व्यर्थ की बातों में उलझने से बचें। लवमेट एक दूसरे के भावनाओं की कद्र करेंगे। आज अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

कन्या राशिः आज का दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला हैं। साइंस और रिसर्च की फिल्ड से जुड़े लोगो को आज कोई नया प्रोजेक्ट मिलेगा। पूराने कामों का निपटारा करने के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। लोग आपकी मदद के लिए भी तैयार रहेंगे। बड़ों का दिया हुआ सुझाव आज आपके काम आयेगा। बिजनेस सम्बन्धी मीटिंग में आज आप सही ढ़ग से अपनी बात रखेंगे। जीवनसाथी से कार्यों में सहयोग मिलेगा। छात्र आज कुछ ऑनलाइन सिखने की कोशिश करेंगे।

तुला राशिः आज किस्मत आपके साथ रहेगी। आज समाज में आपकी एक अलग ही छवि निखर कर सामने आयेगी। ऑफिस में जो काम आपने किया है, उसका श्रेय किसी और को न ले जाने दें।बॉस आपको किसी जरुरी काम से दूसरे शहर की यात्रा पर भेज सकते हैं। आज आप कुछ ऐसे कार्यो को करने के लिए तैयार रहेंगे, जिन्हें करके आप प्रसन्न होंगे। दाम्पत्य जीवन में खुशहाली आएगी। नया व्यापार शुरू करने में बड़े भाई का सहयोग मिलेगा।

वृश्चिक राशिः आज का दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। महिलाए आज रसोई घर में काम करते हुए थोडी सावधानी जरूर बरते। आज आप में सफलता और उच्च पद पाने की इच्छा जागृत होगी, जिससे आप और अधिक मेहनत करेंगे । इस राशि के जो लोग एक्टिंग के क्षेत्र से जुड़े हैं आज उन्हें कोई बड़ा ऑफर मिलेगा। आज हर प्रकार की बिजनेस डील में सफलता मिलेगी। लवमेट एक दूसरे को उपहार देंगे, साथ ही कहीं घूमने भी जायेंगे। स्वास्थ्य के मामले में आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

धनु राशिः भविष्य की योजनायें बनाने के लिए आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा। इस राशि के जो लोग मार्केटिंग के क्षेत्र से जुड़े हैं आज उन्हें काफी धन लाभ होने वाला है। आज जीवन में चल रही समस्याओं का समाधान निकलेगा। कार्यक्षेत्र में आज आपके सामने कुछ ऐसी परिस्थितियां सामने आयेंगी, जिससे आप थोड़ा उलझन में पड़ सकते है। आज सामाजिक क्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। किसी काम में आपको सकारात्मक परिणाम मिलेगा, जिससे आपको खुशी महसूस होगी।

मकर राशि : आज का दिन बहुत ही बढ़िया रहने वाला है। आज किसी कार्य में पड़ोसियों का सहयोग मिलेगा। आज समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आज सफलता में आ रहीं दिक्कते दूर होंगी। आज आप नए विचारों से परिपूर्ण रहेंगे और आप जिन कार्यों को करने के लिए चुनेंगे, वे आपको उम्मीद से ज़्यादा फ़ायदा देंगे। परिवार के सभी सदस्यों में आपसी सौहार्द बना रहेगा। लवमेट आज एक- दूसरों की भावनाओं को समझने की कोशिश करें, तो रिश्तों में मधुरता आयेगी।

कुंभ राशिः आज का दिन महत्वपूर्ण रहने वाला है। आज कोर्ट कचहरी में चल रहे मुकदमों का फैसला आपके पक्ष में आयेगा। राजीनीति से जुड़े लोगों को आज किसी सामाजिक समरोह में जाने का मौका मिलेगा। आज आपको अचानक धन लाभ होने वाला है। अगर आप कोई नई जमीन खरीदना चाह रहे हैं तो पहले उसके बारे में ठीक से जानकारी कर लें। व्यापार में आज आपको खूब तरक्की मिलेगी। आज जीवनसाथी से उपहार मिलेगा।

मीन राशिः आज का दिन मिला-जुली प्रतिक्रिया देने वाला है। आज कुछ नए मौके भी मिलेंगे, जो आपको आर्थिक लाभ कराएंगे। पहले किये गये प्रयासों का फल आज मिलने वाला है। किसी भी समस्या पर घबराने की बजाय अपनों की सलाह लें। आज आपको पूरानी बातों को भूलकर आगे बढ़ने की जरूरत हैं। जीवनसाथी के साथ रिश्ते में और मधुरता बढ़ेगी। आज आपकी सेहत में काफी सुधार आएगा। छात्रो को आज सफलता मिलने वाली है। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को आज किसी दोस्त की मदद मिलेगी।

चिंतन

# ज्ञान से ही वात्सल्य, स्नेह, संघर्ष और संकल्प परिमार्जित होतें है

संजीव ठाकुर

मनुष्य के जीवन में प्रेम तथा ज्ञान दोनों ही अत्यंत आवश्यक एवं उत्प्रेरक अंग है। प्रेम भावनात्मक तत्व है, जो मनुष्य को इंसान बनाता है, संवेदना और मानवता को जागृत करता है। ज्ञान की उत्कंठा या तार्किक क्षमता मनुष्य को निरंतर प्रगति की ओर ले जाती है। मनुष्य के जीवन में ज्ञान ही उसे मानवता के उत्कृष्ट शिखर पर ले जाता है, वह मनुष्य को पशुत्व से अलग रखता है। मनुष्य ज्ञान की अनुभूति के कारण ही मुस्कुराता हंसता है, जबकि जानवर इसके अभाव में मूक बना रहता है, हंसता,मुस्कुराता नहीं है, इसलिए मुस्कुराइए, हंसीये, प्रेम करिए और ज्ञान प्राप्ति की ओर उन्मुख होते रहिए, तब ही जीवन सार्थक हो सकता है। प्रेम के बिना ज्ञान और अध्ययन मनुष्य को मशीन बना देता है। प्रेम और ज्ञान की अलग-अलग मीमांसा की गई है। प्रेम, ज्ञान की अपेक्षा अत्यधिक महत्वपूर्ण होता है क्योंकि प्रकृति में अधिक घुल मिलकर आधारभूत तत्व तो बनाता है ही,बल्कि प्रेम प्रत्येक जीव में विद्यमान होता है। परस्पर एक दूसरे की भाषा नासमझ पाने वाले जीव भी एक दूसरे से प्रेम की भाषा द्वारा मधुर संवाद कर सकते हैं। प्रेम सभी प्रकार के माननीय बंधनों से परे है।



जबकि ज्ञान प्राप्ति को मानवता में परम स्थान दिया गया है। प्राचीन भारतीय दर्शन एवं संस्कृति ने ज्ञान की महत्ता को महिमामंडित किया है और ज्ञान की प्राप्ति को सभी प्रकार के बंधनों से मुक्ति के लिए एक आधारभूत कारण भी बताया है। किसी मशीन अथवा कंप्यूटर को किसी भी प्रेरणा की आवश्यकता नहीं होती वह मनुष्य द्वारा दिए गए निर्देशों का केवल पालन करता है। मनुष्य को प्रेरणा की आवश्यकता होती है ताकि वह ज्ञान प्राप्ति का साधन बन सके और यह प्रेरणा प्रेम द्वारा ही मिलती है,जिससे वह प्रेम करता है। उसके लिए निरंतर सहायता व लाभ देने का प्रयास ज्ञान द्वारा ही करता है। ज्ञान बिना प्रेम के निरंकुश भी हो सकता है और समाज को हानि भी पहुंचा सकता है, किंतु प्रेम से युक्त ज्ञान का उपयोग वैश्विक मानव कल्याण के लिए किया जाता रहा है। इतिहास में अनेक महापुरुषों ने अपने प्रेम, करुणा, ज्ञान से लोगों के जीवन क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं, और इतिहास की धारा को भी सकारात्मक रूप से आगे बढ़ाया है। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के जननायक महात्मा गांधी जी का जीवन भी प्रेम रोग ज्ञान का अद्भुत संयोजन था,उनका अहिंसा और सत्याग्रह मानव मात्र वह विश्व के प्रत्येक जीव के प्रति प्रेम का उत्कृष्ट उदाहरण है, इसके द्वारा उन्होंने संपूर्ण मानवता को प्रेम पूर्वक जीने का महान संदेश दिया है। गांधीजी के सिद्धांतों में हिंसा का कोई स्थान नहीं था। वह अन्यायी व्यक्ति का प्रेम द्वारा हृदय परिवर्तन में विश्वास रखते थे, उनका कहना था कि पाप से घृणा करो पापी से नहीं फल स्वरुप उन्होंने अपने प्रेम से भारतीय जनमानस के हृदय जीत लिया और अपने ज्ञान को तर्कशक्ति से अंग्रेजों को भारतीय जनमानस के सामने झुकने पर मजबूर कर दिया और हमने स्वतंत्रता प्राप्त की। महात्मा बुद्ध ने अपने जीवन में अंगुलिमाल डाकू का हृदय परिवर्तन कर उसे महात्मा बना दिया था,उन्होंने ज्ञान व प्रेम के द्वारा उसका हृदय परिवर्तन कर दिया था। इसी तरह जब ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाया गया तब उन्होंने स्वयं को सूली पर चढ़ाने वालों के लिए ईश्वर से यही प्रार्थना कि ईश्वर इन्हें माफ कर देना इनको नहीं पता कि यह क्या करने जा रहे हैं। इस तरह उन्होंने मानवता के सामने अपने प्रेम को ज्ञान का जो उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया हुआ अत्यंत दुर्लभ है आज संपूर्ण विश्व में प्रभु यीशु के अनुयायियों की संख्या सर्वाधिक है। भगवान श्रीराम ने प्रेम में वशीभूत होकर ही शबरी के जूठे बेर भी खा लिए थे, जबकि श्री राम सर्वाधिक ज्ञान में आदर्श मनुष्य थे।

एक अच्छे और सार्थक जीवन के लिए प्रेम तथा ज्ञान दोनों का संबंध एवं समन्वय अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू हैं। अकेला ज्ञान तथा अकेला प्रेम सदैव सार्थक नहीं हो सकता है। रावण ज्ञानी पुरुष था किंतु विध्वंस कारी भी था उसने प्रेम के अभाव में सिर्फ ज्ञान के चलते अपने कुल को नष्ट करवा दिया था। प्रेम तथा ज्ञान के सदुपयोग से अच्छे जीवन का पथ प्रदर्शन भी किया जा सकता है। इससे हम केवल परिवार व्यक्ति या समाज ही नहीं बल्कि राष्ट्र के स्तर पर भी आत्मसात कर राष्ट्र को वैश्विक महानता की ओर ले जा सकते हैं। वर्तमान में हम संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप सामाजिक जीवन को सफलतापूर्वक संचालित करने में सक्षम है। आज हमारे सामने पर्यावरण संतुलन वैश्विक अपन गरीबी जैसी अनेक समस्याएं मौजूद हैं। हम सभी मूक प्राणियों वनस्पति आदि के प्रति ज्ञान का उपयोग दिखाकर उनके साथ प्रेम पूर्वक व्यवहार कर समस्या का समाधान कर सकते हैं। आधुनिक तकनीक से अर्जित ज्ञान के उपयोग इनके संरक्षण में करने में हम सक्षम भी हैं। अतः प्राचीन काल से मान्यता रही है कि सार्थक, सफल, एवं प्रेरणादाई जीवन के लिए प्रेम तथा ज्ञान का समन्वय कारी सदुपयोग एक आवश्यक तत्व है, इसके अभाव में जीवन कितना सार्थक सफल और मार्गदर्शी नहीं हो सकता है।

रिपोर्ट

# फिनलैंड लगातार सातवें साल दुनियां का सबसे खुशहाल देश बना

किशन सनमुखदास भावनानी



वैश्विक स्तरपर आज दुनियां में हर व्यक्ति को जिसकी आज सबसे अधिक जरूरत है वह है खुशी !प्रसन्नता !क्योंकि अ गर मानवीय जीव को इस प्रौद्योगिकी के उन्नत युग में धन दौलत शोहरत खजाना नाम सब मिल जाए पर वह खुश नहीं हो तो यह सब उसके लिए किसी काम का नहीं। यानी मिट्टी के मोल हैं परंतु यदि उपरोक्त सभी सुविधाएं पारितोषिक न होकर उसे अत्यंत खुशी उपलब्ध है और वह खुशनुमा जीवन व्यतीत कर रहा है तो वह दुनिया का सबसे बड़ा खुश किस्मत व्यक्तित्व होगा।20 जनवरी 2024 को एक ऐसा ही दिन आयोजित हुआ जो अंतरराष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस के रूप में मनाया जाता है और इसी दिन संयुक्त राष्ट्र द्वारा एक रिपोर्ट जारी की जाती है जो 20 मार्च 2024 को 143 देशो के खुशहाली की रिपोर्ट जारी की गई है ,जिसमें फ़िनलैंड लगातार सातवीं बार खुशहाल देश घोषित किया गया है और सबसे आखरी रैंक यानी सबसे बदहाल देश के रूप में अफ़ग़ानिस्तान को घोषित किया गया है क्योंकि उसपर तालिबान की हुकूमत के बाद यहां हालात बद्द्तर हुए हैं क्योंकि यहां न सिर्फनौकरी और खाने के लाले पड़े हैं बल्कि यहां लोग अपनी पसंद का कार्य भी नहीं करते हैं अनेक प्रतिबंध है।परंतु बड़ी विचित्र और शोचनीय स्थिति यह है कि यहां 144 देशों की लिस्ट में भारत 126 में स्थान पर है आखिर ऐसा क्यों?पिछले अनेक वर्षो से हम बड़ी-बड़ी बातें सुनते आ रहे हैं लाखों करोड़ों अरबों हजार करोड़ रूपों की योजनाएं लगातार लगातार 10 वर्षो से हम सुनते आ रहे हैं फिर भी भारत को खुशहाली इतनी पिछड़ी हुई है या फिर हम किसी साजिश के तहत इतनी लंबी दूरी पर भारत को रखा गया है। मेरा मानना है कि चूंकि यह रिपोर्ट बनाने में अनेक स्तरों पर अनेक मानदंडों कारकों यानी पैरामीटर व अन्य कार्य किए जाते हैं जिसका आकलन बड़ी सावधानी व सटीकता से किया जाता है तो स्वाभाविक ही है कि हम उन मानदंडों पर फिट नहीं हो पा रहे हैं जिसकी और हमें तेजी से होने की जरूरत है इसको गंभीरता से रेखांकित करना होगा। चुंकि दिनांक 20 मार्च 2024 को विश्व खुशहाली सूचकांक की रिपोर्ट 2024 जारी की गई जिसमें फ़िनलैंड लगातार सातवें साल दुनिया का सबसे खुशहाल देश बना इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत के विकसित देश बनने की ओर बढ़ते कदमों में विश्व खुशहाली सूचकांक रिपोर्ट में 143 देशो में भारत का 126 वां स्थान सोचनिया स्थित है।

साथियों बात अगर हम 20 मार्च 2024 को जारी विश्व खुशहाली रिपोर्ट 2024 की करें तो, रिपोर्ट में फ़िनलैंड एक बार फिर दुनिया का सबसे खुशहाल देश है।फ़िनलैंड के बाद दूसरा नंबर डेनमार्क का है। आइसलैंड तीसरे और इस लिस्ट में स्वीडन चौथे नंबर पर है। इजराइल नंबर 5 पर है। नीदरलैंड नंबर 6, नॉर्वे नंबर 7 लक्ज़मबर्ग का नंबर 8 स्विट्जरलैंड नंबर 9 और ऑस्ट्रेलिया 10वें नंबर पर है। 11वें नंबर पर न्यूज़ीलैंड, 12वें पर कोस्टा रिका, 13वें पर कुवैत, 14वें पर ऑस्ट्रिया, 15वें पर कनाडा है। बेल्जियम 16वें, आयरलैंड 17वें, चेकिया 18वें पर, लिथुआनिया 19वें और यूनाइटेड किंगडम 20वें नंबर पर है।, अमेरिका लिस्ट में टॉप-20 से बाहर होकर 23वें और जर्मनी 24 वें नंबर पर है। अमेरिका और कनाडा में, 30 वर्ष से कम उम्र के लोगों का खुशी स्कोर 60 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों की तुलना में नाटकीय रूप से कम था। 30 वर्ष से कम उम्र के लोगों में, अमेरिका 62वें स्थान पर है, जबकि 60 और उससे अधिक उम्र वालों के लिए यह 10वें स्थान पर है। कनाडा युवाओं में 58वें और 60 और उससे अधिक उम्र वालों के लिए 8वें स्थान पर है। सबसे कम खुशी वाले देशों में अफ़ग़ानिस्तान दुनिया का सबसे निचले पायदान वाला देश बना हुआ है। लेबनान, लेसोथो, सिएरा लियोन और कांगो भी निचले स्थानों पर हैं।अफ़ग़ानिस्तान सबसे अप्रसन्न देशसूची में सबसे नीचे अफ़ग़ानिस्तान है, जो 2020 में तालिबान के नियंत्रण हासिल करने के बाद से मानवीय संकट से जूझ रहा है।रैंकिंग में उल्लेखनीय परिवर्तनसंयुक्त राज्य अमेरिका और जर्मनी पहली बार शीर्ष 20 सबसे खुशहाल देशों से बाहर हो गए और क्रमशः 23वें और 24वें स्थान पर रहे।कोस्टा रिका और कुवैत ने 12वें और 13वें स्थान पर शीर्ष 20 में प्रवेश किया।रिपोर्ट में कहा गया है कि सबसे खुशहाल देशों में अब दुनिया का कोई भी सबसे बड़ा देश शामिल नहीं है।भारत की रैंकिंग और जीवन संतुष्टि को प्रभावित करने वाले कारक, प्रसन्नता सूचकांक में भारत पिछले वर्ष की तरह ही 126वें स्थान पर है।वैवाहिक स्थिति, सामाजिक जुड़ाव और शारीरिक स्वास्थ्य जैसे कारक भी वृद्ध भारतीयों के बीच जीवन संतुष्टि को प्रभावित करते हैं।रहने की व्यवस्था से संतुष्टि एक महत्वपूर्ण कारक के रूप में उभरती है, जो वृद्ध भारतीयों के बीच उम्र बढ़ने और स्वायत्तता और सामाजिक बंधन बनाए रखने की तीव्र इच्छा को दर्शाती है।भारत में विश्व स्तर पर दूसरी सबसे बड़ी वृद्ध आबादी है, जिसमें 60 और उससे अधिक उम्र के 140 मिलियन लोग हैं, जो केवल चीन से पीछे है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वृद्ध भारतीय पुरुष, विशेष रूप से वे जो अधिक आयु वर्ग में हैं, वर्तमान में विवाहित हैं, और जो शिक्षा प्राप्त हैं, अपने समकक्षों की तुलना में अधिक जीवन संतुष्टि की रिपोर्ट करते हैं।वृद्ध भारतीयों में, रहने की व्यवस्था से असंतोष, कथित भेदभाव और खराब स्व-रेटेड स्वास्थ्य जैसे कारक कम जीवन संतुष्टि से जुड़े हुए हैं। शिक्षा का स्तर, सामाजिक जाति और जीवन यापन की व्यवस्था से संतुष्टि भी जीवन संतुष्टि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।खुशहाली के रुझान2006-10 के बाद से खुशहाली में सबसे तेज़ गिरावट अफ़ग़ानिस्तान, लेबनान और जॉर्डन में देखी गई।खुशहाली में सबसे बड़ी वृद्धि पूर्वी यूरोपीय देशों सर्बिया, बुल्गारिया और लातविया में दर्ज की गई।यूरोप को छोड़कर हर क्षेत्र में खुशहाली की असमानता बढ़ी है, जिसे रिपोर्ट में चिंताजनक प्रवृत्ति बताया गया है। विश्व खुशहाली रिपोर्ट में शीर्ष 20 देशों का स्थानः संयुक्त राष्ट्र की 'विश्व खुशहाली रिपोर्ट' में दुनिया के सबसे खुशहाल और बदहाल देशों को निम्न रूप में देखा जा सकता है: (1)फ़िनलैंड (2)डेनमार्क (3)आइसलैंड(4)स्वीडन(5)इजराइल(6)नीदरलैंड(7)नॉर्वे(8)लक्ज़मबर्ग(9)स्विट्जरलैंड(10)ऑस्ट्रेलिय(11)न्यूज़ीलैंड(12)कोस्टारिका(13)कुवैत(14)ऑस्ट्रिया(15)कनाडा(16)बेल्जियम(17)आयरलैंड(18)चेकिया(19)लिथुआनिया(20)यूनाइटेड किंगडम। साथियों बात अगर हम फ़िनलैंड के लगातार सातवीं बार खुशहाली में नंबर वन के कारकों की करें तो, फ़िनलैंड की खुशहाली में योगदान देने वाले कारक हेलसिंकी विश्वविद्यालय के एक खुशी शोधकर्ता के अनुसार, फ़िनलैंड की खुशीमें योगदान देने वाले कुछ प्रमुख कारकों मेंशामिल हैं:प्रकृति से घनिष्ठ संबंधस्वस्थ कार्य-जीवन संतुलन सफलता की प्राप्य समझ (केवल वित्तीय लाभ पर केंद्रित नहीं)सशक्त कल्याणकारी समाजराज्य अधिकारियों पर भरोसा रखनाभ्रष्टाचार का निम्न स्तरमुफ़्त स्वास्थ्य सेवा और शिक्षाखुशहाली में पीढ़ीगत अंतररिपोर्ट में पाया गया कि दुनिया के अधिकांश क्षेत्रों में युवा पीढ़ियाँ अपने पुराने साथियों की तुलना में अधिक खुश हैं, सिवाय इसके किःउत्तरी अमेरिका ऑस्ट्रेलिया न्यूज़ीलैंड इन क्षेत्रों में, 2006-10 के बाद से 30 वर्ष से कम आयु के समूहों के बीच खुशी में अद्भुत रूप से गिरावट आई है, पुरानी पीढ़ी अब युवाओं की तुलना में अधिक खुश है।इस बीच, सर्वेक्षण में अफ़ग़ानिस्तान और लेबनान दो नाखुश देश रहे। वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट सोमवार को जारी की गई। रिपोर्ट ने उन कारकों की पहचान की जो जीवन के मूल्यांकन में योगदान करते हैं- जिसमें आय, स्वास्थ्य, किसी पर भरोसा, जीवन के प्रमुख निर्णय लेने की स्वतंत्रता, उदारता और भ्रष्टाचार की अनुपस्थिति शामिल है। रिपोर्ट में जोर देकर कहा गया है कि हर कोई बिना भेदभाव के मौलिक मानवाधिकारों का हकदार है, जिसमें जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार, गुलामी और यतना से आजादी, विचार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा काम और शिक्षा का अधिकार शामिल है। इस वर्ष 2024 का विषय खुशी के लिए पुनः जुड़नाः लचीले समुदायों का निर्माण है। संयुक्त राष्ट्र सभी प्रकार के लोगों को अंतर्राष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस के आयोजन में शामिल होने के लिए आमंत्रित करता है।प्रसन्नता एक सार्वभौमिक अधिकार है और किसी को भी इस अधिकार से वंचित नहीं रखा जा सकता। हम अपने प्रियजनों को प्रसन्न करने के लिए कई तरीके ढूंढते हैं। जब हम उन्हें मुस्कुराते हुए और प्रसन्न देखते हैं, तो वे क्षण ही जीवन बनाते हैं। यह दिवस हमें पहल करने और छोटे-छोटे प्रयासों से अपने आस-पास के सभी लोगों को खुश करने का अवसर प्रदान करता है। लोगों को प्रेरित करने से लेकर सकारात्मकता फैलाने तक, आप खुशियाँ फैला सकते हैं।संयुक्त राष्ट्र महासभा आर्थिक विकास के लिए अधिक समावेशी, न्यायसंगत और संतुलित

दृष्टिकोण का आह्वान करती है जो सभी लोगों की खुशी और कल्याण को बढ़ावा देता है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि विश्व खुशहाली सूचकांक रिपोर्ट 2024 जारी-फ़िनलैंड लगातार सातवें साल दुनियां का सबसे खुशहाल देश बना।भारत के विकसित देश बनने की ओर बढ़ते कदमों में,क्या विश्व खुशहाली सूचकांक रिपोर्ट 2024 ने प्रश्न चिन्ह लगाया।विश्व खुशहाली रिपोर्ट 2024-143 देशों में भारत का 126 वां स्थान सोचनीय- नीति निर्धारकों को मानदंडों पर खरा उतरने के प्रयास करना जरूरी है।

**एक नजर**

## कांग्रेस के कद्दावर नेता सोयम भीमा करेंगे भाजपा में प्रवेश



**सुकमा 22 मार्च, तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता।** सोयम भीमा विधायक लखमा के करीबी माने जाते हैं। राजाराम वेको भी करेंगे भाजपा में प्रवेश अपने साथ 10 से ज्यादा कांग्रेस नेता, कार्यकर्ताओं से साथ थामेंगे भाजपा का दामन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मंत्री केदार कश्यप, मंत्री ओपी चौधरी, अध्यक्ष किरण देव के समक्ष करेगें भाजपा प्रवेश। सोयम भीमा जनपद पंचायत अध्यक्ष, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष और दो बार के जनपद सदस्य भी रहें। कहा जा रहा विधानसभा चुनाव के बाद, पूर्व मंत्री कवासी लखमा से थे नाराज़। आज 100 से ज्यादा कांग्रेस और सीपीआई के कार्यकर्त्ता शामिल होंगे भाजपा में।

## आलपरस पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में हुई मृत्यु की दण्डाधिकारी जांच का आदेश

**उत्तर बस्तर कांकेर, 22 मार्च , तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अभिजीत सिंह ने जिले के कोयलीबेड़ा थाना अंतर्गत ग्राम-आलपरस के जंगल पहाड़ी में हुई पुलिस-नक्सली मुठभेड़ की घटना की दण्डाधिकारी जांच का आदेश दिया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार कोयलीबेड़ा थाना अंतर्गत 16 मार्च 2024 को दोपहर 02 बजे ग्राम आलपरस जंगल पहाड़ी में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में एक अज्ञात माओवादी की मृत्यु की दण्डाधिकारी जांच किये जाने बाबत् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की मांग के अनुसार घटना की निष्पक्ष जांच, गंभीरता एवं आवश्यकता को देखते हुए अनुविभागीय दण्डाधिकारी अंतागढ़ श्री एन.के. बंजारा को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। जांच अधिकारी को दण्डाधिकारी जांच के उपरांत निर्धारित 11 बिन्दुओं में प्रतिवेदन तैयार कर तीन सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया है।

## पुलिस ने 45 पौवा देशी प्लेन के साथ शराब कोचिया को पकड़ा



**अंवरी 22 मार्च , तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी होली त्यौहार एवं लोकसभा चुनाव को शांति पूर्ण ढंग से निर्विघ्न एवं शांति पूर्ण सम्पन्न करने,अवैध शराब,जुआ,सट्टा,गुंडा बदमाशों एवं असामाजिक तत्वों पर सभी थाना/चौकी प्रभारियों को सख्त निर्देश दिये गए हैं। इसी तारतम्य में भखारा पुलिस को दिनांक 21/03/24 को मुखबीर की सूचना मिलने पर तत्काल थाना स्टॉफ रवाना कर ग्राम कोपेडीह पुल के पास आरोपी राजकुमार खुटे पिता स्व0 रामप्रसाद खुंटे उम्र 42 वर्ष साकिन कोपेडीह थाना भखारा जिला धमतरी को एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में अवैध रुप से शराब रखकर पैदल परिवहन करते हुये कोपेडीह जाते समय पुल के पास में घेराबंदी कर पकडा गया जिसके पास रखे प्लास्टिक बोरी में 45 पौवा देशी प्लेन शराब प्रत्येक 180-180 एमएल कुल 8.100 लीटर कीमती कुल 3600/- रुपये को जब्त कर आरोपी राजकुमार खुंटे के विरुद्ध अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत की गई है। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी भखारा निरीक्षक लेखराम ठाकुर,प्रआर. सीताराम नारंग,आर. संदीप साहू,मिथलेश खापर्डे,हरिशंकर डहरिया का विशेष योगदान रहा।

## गंदगी का आलम तो अब सड़कों पर

**अंवरी 22 मार्च, तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता।** ग्राम पंचायत कोड़ेबोड़ में गंदगी का आलम तो अब सड़कों पर दिखाई दे रहा है। गंदगी से भरी नालियों के कचरे तो स्वयं सड़कों पर आकर इस कदर फ़ैल गई हैं जैसे कि वह कोड़ेबोड़ पंचायत के स्वच्छता के प्रति नाकामी को बयां कर उसकी पोल खोल रही हो। बीते दिन हुए बारिश के चलते नालियों में जमा हुआ कचरा अब पूरे सड़कों पर फैल गया है। नालियों की सफाई तो दूर की बात है यहां तो राहगीर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं लेकिन पंचायत एवम पंचायत प्रतिनिधियों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। नालियों की सफाई नहीं होने से गंदगी का आलम है और दूसरी ओर घातक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बना हुआ है। लेकिन इसके जिम्मेदार मूकदर्शक बने हुए हैं।

# शांति का जवाब शांति से मिलेगा, बंदूक चलाएंगे तो सरकार भी वैसा ही जवाब देगी:मुख्यमंत्री

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 22 मार्च।** लोकसभा चुनाव के लिए बस्तर में कांग्रेस और भाजपा जनता को अपनी योजनाओं से अवगत करा रही है। इसी कड़ी में सीएम साय सुकमा में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए बोले कि, शांति वार्ता का जवाब शांति से मिलेगा, हिंसा और बंदूक चलाएंगे तो फिर सरकार को जवाब देना आता है। साथ ही कहा कि, गृहमंत्री ने जो कहा उस पर सरकार अडिग हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय पर तंज कसते हुए कहा कि हमारे समय में जितनी योजनाएं थी। सब बन्द करवा दी गई...सांय सांय, राजीव युवा मितान क्लब बन्द हो गया है। बेरोजगारी भत्ता बन्द हो गया है...सांय सांय, 18 लाख किसानों को दूसरी किश्त मिलनी बन्द हो गई है। उन्होंने चुटीले अंदाज में सीएम पर वार करते हुए कहा कि, ऐसा करने वालों को छत्तीसगढ़ में सांय सांय बोलते हैं। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल को लेकर कहा कि, राजनांदगांव लोस में कांग्रेसी उनका विरोध कर रहे हैं। भूपेश बघेल का सबसे ज्यादा विरोध राजनांदगांव जिले में हो रहा है। डॉ. रमन सिंह का क्षेत्र होने के कारण वहां विकास को रोका गया था। राजनांदगांव के कई प्रोजेक्ट उन्होंने दूसरी जगह शिफ्ट कर दिए थे। इस बात को लेकर वहां की जनता और कांग्रेस नेता नाराज हैं। कांग्रेस ने आज से चुनाव अभियान का आगाज कर दिया है। इसको लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि, भाजपा 24 घंटे काम करने वाली पार्टी है। हमें चुनाव के पहले किसी आगाज की जरूरत नहीं है। अच्छा बात है कि, कांग्रेस के नेता नींद से जाग गए और काम कर रहे हैं। पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि, हमारे प्रत्याशी मजबूत हैं, इसलिए भाजपा साजिश कर रही है। कांग्रेस को बदनाम करने के लिए इस तरह के बयान दिलवाए जा रहे हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भाजपा चीफ ने सख्त संदेश देते हुए कहा कि, अपनी बात कहना है, बंद कमरे में आकर कहे। सार्वजनिक मंच से कोई बात कहना ठीक नहीं है। नक्सलियों ने सरकार से वार्ता के मामले में पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि, राज्य सरकार पूरी तरह कन्फ्यूज है। इस मुद्दे पर भाजपा सरकार अपनी नीति स्पष्ट करें, क्या विजय शर्मा ने ष्ट्ररू या केंद्रीय गृहमंत्री से पूछकर बयान दिया है। क्या बयान देने से पहले उन्होंने ष्ट्ररूसे चर्चा नहीं की थी। क्या वे बस्तर की भौगोलिक, सामाजिक स्थिति से वाकिफ नहीं हैं। बस्तर में फर्जी मुठभेड़ कर आदिवासियों को मारा जा रहा है। सरकार नक्सलवाद पर अपनी नीति स्पष्ट करें। हालांकि डिप्टी सीएम विजय शर्मा आदिवासियों की स्थिति पर नक्सलियों को आगाह कर चुके हैं।

## श्रीरामकिंकर शताब्दी महोत्सव पर सवा अरब श्रीराम लेखन को लेकर भारी उत्साह

**रायपुर 22 मार्च।** युगतुलसी श्रीरामकिंकर जी महाराज के शताब्दी महोत्सव की श्रृंखला में सवा अरब श्रीराम लेखन को लेकर श्रीरामकिंकर आध्यात्मिक मिशन के सदस्यों एवं राम भक्तों में काफी उत्साह है वे इस लक्ष्य को पूरा करने में लगे हुए हैं। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से श्रीरामकिंकर जी महाराज की उत्तराधिकारी दीदी मां मंदाकिनी की अगवाई में इसकी शुरुआत हो चुकी है। पांच दिवसीय महोत्सव के तीसरे दिन काफी बड़ी संख्या में लोगों ने बुधवार को सिंधु पैलेस में सामूहिक रूप से भजन संकीर्तन के साथ श्रीराम लेखन किया। जैसे कि मालूम हो महोत्सव साल भर अनवरत पूरे देश भर में चलेगा इसकी शुरुआत 1 नवंबर 2023 से हो चुका है और 1 नवंबर 2024 को यह पूरा होगा। तभी यह सवा अरब श्रीराम लेखन महाराज श्री के श्रीचरणों में समर्पित किया जायेगा। श्रीराम लेखन पुस्तिका वितरण का काम श्रीरामकिंकर आध्यात्मिक मिशन के सदस्य भाव भक्ति से कर रहे हैं। एक पुस्तिका में 34 हजार 632 श्रीराम लिखे जा रहे हैं और सभी संकलन अयोध्या में महोत्सव के मुख्य आयोजन में एकत्रित होगा और यह अपने आप एक आध्यात्मिक रिकार्ड होगा श्रीराम लेखन पुस्तिका का कल रायपुर में छत्तीसगढ़ भर से जुटे रामानुरागियों को भी किया गया।



## एजेंसियों के दुरुपयोग कर अपनी सत्ता बचाने का प्रयास कर रही मोदी सरकार

**रायपुर 22 मार्च।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भारतीय जनता पार्टी और केंद्र की मोदी सरकार पर लोकतंत्र विरोधी षड्यंत्र रचने का आरोप लगाते हुए कहा है कि अधिनायकवादी मोदी सरकार ने पहले कांग्रेस की चुनी हुई सरकारों को गिराया, डर और लालच से नेताओं की खरीद फरोख्त की और जो नेता नहीं झुके उनके ऊपर ईडी, आईटी और सीबीआई जैसे जांच एजेंसियों का अंकुश लगाया, उसके बाद अब जब देश में आम चुनाव हो रहे हैं, आचार संहिता लगने के बाद कांग्रेस पार्टी को आर्थिक रूप से चोट पहुंचाने के लिए आयकर विभाग का दुरुपयोग कर रही है। 30 साल पुराने आधारहीन मामले का बहाना करके ठीक चुनाव के पहले कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों को जप्त करना अलोकतांत्रिक है। तानाशाही मोदी सरकार धनबल और केंद्रीय एजेंसी के दुरुपयोग से विपक्ष को डराने और लोकतंत्र को खत्म करने आमादा है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि मोदी सरकार लोकतंत्र विरोधी षड्यंत्र करके विपक्षी दलों के सीमित संसाधनों को भी छीनने का काम कर रही है। कांग्रेस की पिछली सरकारों ने 70 सालों से निष्पक्ष चुनाव और स्वस्थ लोकतंत्र की जो छवि बनाई थी, केंद्र की मोदी सरकार और वर्तमान भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व उसके खिलाफ काम कर रही है। भाजपा ने विपक्षी दलों से साधन, संसाधन छीनकर एकाधिकार स्थापित करने का षड्यंत्र रचा है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट ने जिस चुनावी बॉन्ड स्कैम को गैर कानूनी और असंवैधानिक करार दिया उसमें मोदी सरकार और भारतीय जनता पार्टी की बदनीयती उजागर हुई है। जो तथ्य सामने आए हैं जो बेहद चिंताजनक है शर्मनाक है देश के जांच एजेंसियों ईडी, आईटी को हफ्ता वसूली गैंग के रूप में संचालित किया जाना, ब्लैकमेलिंग और रिश्वतखोरी के स्पष्ट प्रमाण के बावजूद बड़ी बेशर्मी से साजिश करके मुख्य विपक्षी दल का बैंक खाता फ्रीज कर देना निंदनीय है। डरी हुई मोदी सरकार कांग्रेस के बैंक खातों को जप्त करके यह चाहती है की पैसों के अभाव में बराबरी से चुनाव ना लड़ पाए और इसके लिए आयकर विभाग के माध्यम से बाधा उत्पन्न कर रही है।

## लोकसभा चुनाव के दौरान जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने धारा-144 लागू

■ ड्यूटी में तैनात सी.आर.पी.एफ., एस.ए.एफ., सशस्त्र बटालियन एवं अन्य सशस्त्र सुरक्षा कर्मी इस प्रतिबंधात्मक आदेश के प्रभाव से मुक्त रहेंगे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 22 मार्च।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 की घोषणा की गई है। लोकसभा निर्वाचन 2024 के घोषित कार्यक्रम अनुसार सुकमा जिले में 19 अप्रैल को मतदान एवं 04 जून 2024 को मतगणना नियत है। लोकसभा आम चुनाव 2024 के अवसर पर चुनाव सामग्री, मतदान दलों एवं चुनाव में भाग लेने वालों की सुरक्षा तथा मतदाताओं को बिना डर, भय के निर्भिक होकर अपने मत का प्रयोग करने का अवसर प्रदान करने एवं चुनाव के अवसर पर कानून व्यवस्था को नियंत्रित कर आदर्श आचार संहिता का पालन भी सुनिश्चित किया जा सके। इस हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री हरिस. एस ने दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144(2) के अंतर्गत निम्नाकिंत प्रतिबंधात्मक आदेश पारित किया है। 16 मार्च 2024 से 04 जून 2024 तक किसी भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के समूह द्वारा भले ही वह अनुज्ञिधारी हो, किसी भी प्रकार का विस्फोटक पदार्थ, अस्त्र-शस्त्र, लाठी, डण्डा एवं अन्य धारदार हथियार लेकर जिला कार्यालय परिसर, जिले के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र कार्यालय एवं उक्त क्षेत्र के मतदान केन्द्र, सामग्री वितरण एवं वापसी केन्द्र तथा मतगणना केन्द्र में प्रवेश नहीं करेगा। ड्यूटी में तैनात सी.आर.पी.एफ., एस.ए.एफ., सशस्त्र बटालियन एवं अन्य सशस्त्र सुरक्षा कर्मी इस प्रतिबंधात्मक आदेश के प्रभाव से मुक्त रहेंगे । कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के समूह द्वारा प्रश्नाधीन अवधि में विस्फोटक सामग्री, लाठी, डण्डा, अस्त्र-शस्त्र एवं धारदार हथियार लेकर नहीं चलेगा, न ही चलने के लिये किसी को प्रेरित किया जावेगा ।यह आदेश सुकमा जिले की सामान्य जनता को संबोधित किया जाता है और दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144(2) के अधीन एक पक्षीय पारित किया जाता है, आदेश तत्काल प्रभावशील होगा 16 मार्च से 04 जून 2024 की रात्रि 12ः00 बजे तक प्रभावशील रहेगा ।

## सी-विजिल में की जा सकती है आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत

**उत्तर बस्तर कांकेर 22 मार्च।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन संबंधी शिकायतों की त्वरित सूचना एवं समाधान के लिए मोबाइल एप्लिकेशन 'सी-विजिल' शुरू किया गया है, जिसके माध्यम से कोई भी नागरिक लोकसभा निर्वाचन के दौरान आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की ऑनलाइन शिकायत कर सकता है। इस मोबाइल एप को स्मार्टफोन के प्ले-स्टोर के जरिए आसानी से इंस्टाल किया जा सकता है। सी-विजिल एप में आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन संबंधी घटना का फोटोग्राफ, वीडियो या ऑडियो के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। इस एप की मदद से आचार संहिता उल्लंघन संबंधी फोटो या 2 मिनट का वीडियो बनाकर अपलोड कर शिकायत कर सकते हैं, जिसके आधार पर निर्वाचन आयोग द्वारा शिकायत करने के 100 मिनट के अंदर कार्यवाही की जाएगी। साथ ही इस मोबाइल एप में शिकायतकर्ता की पहचान बताए बिना भी शिकायत दर्ज कराने का विकल्प है। इसके अलावा जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष में भी दूरभाष नंबर 07868-241019 पर संपर्क कर शिकायत की जा सकती है, साथ ही निर्वाचन से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती हैं। इसके अलावा मतदाता संबंधी किसी भी प्रकार की सहायता के लिये टोल फ्री नम्बर 1950 पर कॉल करके संपर्क किया जा सकता है।

## शासकीय एवं निजी स्थानों से अब तक हटाए गए 4941 पोस्टर एवं बैनर

**उत्तर बस्तर कांकेर, 22 मार्च।** भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए कार्यक्रम जारी किये जाने के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। निर्वाचन के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों एवं उनके अभ्यर्थियों के द्वारा चुनाव प्रचार करने के लिए शासकीय एवं अशासकीय भवनों पर नारे लेखन एवं बैनर, पोस्टर तथा विद्युत और टेलीफोन के खंभों पर चुनाव प्रचार से संबंधित झंडियां लगाई जाती हैं, जिसके कारण शासकीय संपत्ति का स्वरूप विकृत हो जाता है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह ने आदेश जारी कर छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम का प्रयोग करते हुए इसे हटाने के निर्देश दिये थे। इसके तहत सार्वजनिक सम्पति से 1026 दीवार लेखन, 01 हजार 359 पोस्टर, 974 बैनर और 867 अन्य प्रचार सामग्रियां हटाई गई हैं। इसके अलावा निजी सम्पति अंतर्गत 366 दीवार लेखन, 196 पोस्टर, 152 बैनर और 01 अन्य प्रचार सामग्री हटाई गई हैं। इस प्रकार अब तक सार्वजनिक स्थलों से कुल 04 हजार 226 तथा निजी स्थलों से 715 सहित यानी कुल 04 हजार 941 पोस्टर-बैनर हटाये जा चुके हैं।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं महिलाओं ने ली मतदान की शपथ



**उत्तर बस्तर कांकेर, 22 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह के निर्देश पर तथा स्वीप के नोडल अधिकारी श्री सुमित अग्रवाल (सीईओ जिला पंचायत) के मार्गदर्शन में जिले में स्वीप के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में आज ग्राम हाटकर्रा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीण महिलाओं को महिला एवं बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षक द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन में अनिवार्य रूप से मतदान हेतु शपथ दिलाई गई। इस दौरान बड़ी संख्या में गांव की महिलाओं ने मानव श्रृंखला बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इसी तरह नेहरू युवा केन्द्र के वॉलिंटियर्स के द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्थानीय बालिका छात्रावास में मतदान के महत्व पर आधारित चित्रकला प्रतिस्पर्धा आयोजित की गई, जिसमें अनेक ऐसे युवक-युवती सम्मिलित हुए, जो लोकसभा चुनाव में पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## चेंबर प्रतिनिधि मंडल ने आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर 22 मार्च।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी,विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि चेंबर में इज ऑफ डुईंग बिजनेस के तहत जीएसटी सरलीकरण एवं युक्तियुक्तकरण के सम्बन्ध में बैठक रखी गई थी जहाँ व्यापारिक-औद्योगिक संगठनों एवं पदाधिकारियों से प्राप्त सुझावों को लेकर प्रदेश चेंबर अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने श्री रजत बंसल जी, राज्य जीएसटी आयुक्त से मुलाकात कर जीएसटी सरलीकरण हेतु सुझाव के सम्बंध में ज्ञापन सौंपा । चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री पारवानी जी ने बताया कि आज प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश के व्यापारियों में जीएसटी को लेकर आ रही कानूनी और तकनीकी परेशानियों के सम्बंध में तथा जीएसटी के सरलीकरण एवं युक्तियुक्त करण करने हेतु श्री रजत बंसल जी को ज्ञापन सौंपा।



**सुकमा 22 मार्च।** सीएम विष्णुदेव साय पहुँचे सुकमा, साथ में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, वन मंत्री केदार कश्यप, पूर्व विधायक महेश गागड़ा भी मौजूद कुछ देर में पहुचेंगे मिनी स्टेडियम, जन सभा को करेंगे संबोधित।

# स्वीप कार्यक्रम से अधिकाधिक लोगों को मतदान के लिए जागरूक करें:सीईओ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 22 मार्च।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान में शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आयोजित जिला स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की बैठक में सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप कार्यक्रम श्री प्रकाश सर्वे ने कहा कि स्वीप गतिविधियों के माध्यम से अधिकाधिक मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जाए। इस दिशा में कम मतदान वाले मतदान केन्द्रों के जगहों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाने पर ध्यान केंद्रित किया जाए। वहीं युवा मतदाताओं को मतदान में अधिक से अधिक सहभागिता निभाने हेतु प्रोत्साहित करने कॉलेज, पॉलिटेक्निक तथा आईटीआई में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें। वहीं दिव्यांग और तृतीय लिंग मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने प्रेरित किया जाए। उन्होंने मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शहरी क्षेत्र सहित ग्रामीण इलाकों में मतदाता जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक,गीत-प्रहसन इत्यादि गतिविधियों का आयोजन किये जाने कहा। साथ ही कॉलेज, पॉलटेक्नीक तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में पोस्टर, चित्रकला, रंगोली, निबंध-भाषण प्रतियोगिता आयोजित किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कलेक्टोरेट, शहीद पार्क,संजय मार्केट तथा साप्ताहिक हाट-बाजारों में ईव्हीएम प्रदर्शन एवं नुक्कड़ नाटक, गीत-प्रहसन के जरिए मतदाता जागरूकता हेतु व्यापक प्रयास करने की आवश्यकता बताई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप कार्यक्रम श्री प्रकाश सर्वे ने मतदाता जागरूकता अभियान को सभी सहभागिता से बेहतर ढंग से संचालित किये जाने पर बल देते हुए कहा कि बीते विधानसभा चुनाव के दौरान स्वीप कार्यक्रम में सभी लोगों ने अच्छा कार्य किया है, अब लोकसभा निर्वाचन में भी सभी लोगों के सक्रिय भूमिका के जरिए इसे और बेहतर करेंगे। उन्होंने मतदाता जागरूकता अभियान में स्काउट-गाइड तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कैडेटों को जोड़ने कहा। साथ ही बार एसोसिएशन, रोटरी क्लब, बस्तर चेम्बर आफ कॉमर्स तथा विभिन्न समाजसेवी संगठनों का ज्यादा से ज्यादा सहयोग लेकर शत-प्रतिशत मतदाताओं को मतदान में सहभागी बनाने कहा। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री हरेश मण्डावी ने शासकीय कर्मचारियों के आवासीय क्षेत्रों सहित निजी हाउसिंग सोसायटी के मतदाताओं को मताधिकार का उपयोग करने हेतु मोटिवेट करने पर जोर देते हुए ईव्हीएम प्रदर्शन तथा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की जरूरत बताई। उन्होंने मतदाता जागरूकता अभियान में स्थानीय हल्बी एवं गोंडी बोली में नुक्कड़ नाटक और गीत-प्रहसन प्रस्तुति देने के लिए पूरी तैयारी किये जाने कहा। इस दौरान अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े महिला समूहों की दीदियों द्वारा क्लस्टर स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम से ग्रामीण मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही उल्लास साक्षरता केन्द्रों में नव साक्षरों को मतदान करने प्रेरित किया जा रहा है। बैठक में कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों का चिन्हांकन कर वहां विशेष स्वीप कार्यक्रम आयोजित करने, इस कड़ी में संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष शिविरों का आयोजन, सभी विधानसभा क्षेत्रों हेतु पृथक-पृथक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति, महाविद्यालयों में स्वीप गतिविधियों के संचालन हेतु कैम्पस एम्बेसडर एवं नोडल अधिकारियों की नियुक्ति एवं ओरिन्टेशन कार्यक्रम का आयोजन, जिला स्तर पर रैली एवं साईकल रैली का आयोजन, जिले के अन्तर्गत सभी विधानसभा क्षेत्र में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन, मतदाता जागरूकता गीत एवं नारे तैयार करने, अत्यधिक भीड़ वाले क्षेत्रों में यथा कलेक्ट्रेट, जनपद कार्यालय, साप्ताहिक बाजार में ईव्हीएम का डिमोस्ट्रेशन, रैली, मानव श्रृंखला, मतदाता जागरूकता भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन, तृतीय लिंग, दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं हेतु विशेष मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन, हाउसिंग सोसायटी एवं उ औद्योगिक श्रमिकों हेतु स्वीप जागरूकता कार्यक्रम, वोट संवाद कार्यक्रम का आयोजन के साथ ही मतदाता जागरूकता रथ संचालित करने पर विस्तृत चर्चाकर आयोजन हेतु रूपरेखा निर्धारित की गई।

# कमिश्नर ने किया मतदान केंद्र ईवीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**जगदलपुर, 22 मार्च।** कमिश्नर श्री श्याम धावड़े ने मतदान केंद्रों की सभी मूलभूत आवश्यकताओं को सुनिश्चित करने एवं जिले में शांतिपूर्ण मतदान प्रक्रिया को संपादित करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी दिए। कमिश्नर श्री धावड़े एक दिवसीय निरीक्षण प्रवास पर बीजापुर जिले पहुँचे थे। इस दौरान मतदान केन्द्र क्रमांक 108 प्राथमिक शाला धनोरा का औचक निरीक्षण कर मौके पर उपस्थित बीएलओ, पटवारी एवं ग्राम सचिव से मतदाताओं की संख्या, मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने व नाम विलोपन की स्थिति, विगत विधानसभा में मतदान प्रतिशत सहित अन्य व्यवस्थाओं का संज्ञान लिया।कमिश्नर श्री धावड़े ने संबंधितों को मतदान का प्रतिशत बढ़ाने हेतु व्यापक रूप से मतदाता जागरूकता अभियाान चलाने के निर्देश दिए।



इसके उपरांत कमिश्नर ने जिला कार्यालय स्थित ईव्हीएम स्ट्राँग रूम का अवलोकन किया, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग पाण्डेय ने वेयर हाउस में रखे ईव्हीएम मशीनों, सी सी टीव्ही से निगरानी एवं सुरक्षा संबंधी विस्वृत जानकारियों से कमिश्नर को अवगत कराया इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत नरेश नंदनवार, एडीशनल एसपी श्री चंद्रकांत गवर्ना, संयुक्त कलेक्टर श्री कैलाश वर्मा, सहायक रिर्टर्निंग अधिकारी श्री जागेश्वर कौशल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नारायण प्रसाद गवेल सहित तहसीलदार एवं अन्य अधिकारीगण अपस्थित थे।

एक नजर

## पांच किलो गांजा के साथ पुलिस ने एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार



**पत्थलगांव, 22 मार्च।** पुलिस की नशा के कारोबारियो पर लगाम लगाने की हर मुमकिन कोशिश के बाद भी क्षेत्र मे नशे के सामान की बिक्री पर पूर्णतः प्रतिबंध नही लग पा रहा है। आज पत्थलगांव पुलिस ने नशीला प्रदार्थ 5 किलो गांजा के साथ एक उम्रदराज व्यक्ति को पकडने मे कामयाबी हासिल की है। थाना से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी भीम प्रजापति यहा के स्थानीय बस स्टेंड में पांच किलो गांजा एक थैले मे लेकर उसे बेचने की फिराक मे घुम रहा था,बताया जाता है कि वह अपने निर्धारित ग्राहक के इंतजार मे था,तभी मुखबिर की सूचना पर पत्थलगांव पुलिस ने आरोपी की घेराबंदी कर उसे मादक प्रदार्थ सहित धरदबोचा। प्रशिक्षु डी.एस.पी भानुप्रताप चंद्राकर ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर व पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह के निर्देशानुसार एस.डी.ओ.पी धुव्रेश जायसवाल के मार्गदर्शन मे पुलिस ने आरोपी को घेराबंदी कर स्थानीय बस स्टैन्ड से धरदबोचा था। उसके पास से गांजा की जप्ती बनाने के बाद न्यायालय मे पेश करने की तैयारी चल रही है। प्रशिक्षु डी.एस.पी भानुप्रताप चंद्राकर ने बताया कि मादक प्रदार्थ की तस्करी को लेकर आरोपी से पूछताछ जारी है। आज की गयी कार्यवाही मे ए.एस.आई सीरद साय पैंकरा,नशरुद्दीन अंसारी,प्रधान आरक्षक अंनत मिराज, मिथलेश यादव, आरक्षक आशिसन टोप्पो, शैलेंद्र सिंह,तारा चंद मिरेंद्र, पदम वर्मा, तुलसी रात्रे, पवन पैंकरा मुख्य रूप से शामिल थे।

## झमाझम बारिश के बीच श्याम भक्त खेलते रहे होली

**पत्थलगांव, 22 मार्च।** झमाझम बारिश भी श्याम भक्तो के उत्साह को कम नही कर पायी। श्याम भक्त बारिश के साथ सडक मे निशान यात्रा निकालकर रंग गुलाल की होली खेलते रहे। दिन बुधवार को बडी एकादशी पर श्याम सखा परिवार ने निशान यात्रा निकाली थी,जिसमे सैकडो महिला पुरूष व छोटे बच्चे शामिल हुये थे। आयोजन को लेकर पुलिस की भी काफी बढिया व्यवस्था थी,यातायात मे कोई विघ्न नही पडा। निशान यात्रा शाम 4 बजे अंबिकापुर रोड दुर्गा मंदिर से शुरू हुयी। इसी बीच तेज आंधी गर्जना के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गयी। श्याम भक्त हाथो मे निशान थामे रंग गुलाल की होली खेल रहे थे,बारिश ने विघ्न डाला पर रंगो की लाली कम नही कर पाया। निशान यात्रा भरी बारिश के साथ श्याम मंदिर पहुंचकर विश्राम ली,जहा सभी ने एक साथ श्याम संग होली खेलकर एकादशी का पर्व मनाया। दिन बुधवार को श्याम सखा परिवार द्वारा फाल्गुन की बडी एकादशी के उपलक्ष्य पर निशान यात्रा को भव्य बनाने की तैयारी की गयी थी।

### महासमुन्द लोकसभा चुनाव

# छत्तीसगढ़ में भाजपा की जीत की सुनामी चलेगी:राधेश्याम बंजारे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम 22 मार्च।** भाजपा के प्रदेश के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के सदस्य राधेश्याम बंजारे और नगर पंचायत के सभापति ओमप्रकाश आडिल ने एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति मे कहा कि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की भाजपा की उम्मीदवार रूप कुमारी चौधरी की जीत पर भरोसा जताया है । उन्होंने कहा कि क्षेत्र मे भारतीय जनता पार्टी की सुनामी चल रही है ।पार्टी ने महासमुन्द लोकसभा क्षेत्र से महिला उम्मीदवार उतार कर क्षेत्र की महिलाओ का सम्मान बढाया है । जिससे क्षेत्र की महिला मतदाताओ मे भारी उत्साह देखा जा रहा है । वैसे भी महिलाओ को महतारी वंदन योजना के अंतर्गत 1000 ? की पहली किश्त प्राप्त हो गई है । जिससे महिलाए काफी प्रसन्न है। वे सभी रूप कुमारी चौधरी को चुन कर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने को आतुर है।राधेश्याम बंजारे और ओमप्रकाश आडिल ने अपने सयुंक्त बयान मे कहा कि कांग्रेस उम्मीदवार ताम्रध्वज साहू क्षेत्र से कोई भी समर्थन नही मिल सकता है । क्योंकि अपने पिछले मंत्री के कार्यकाल मे महासमुन्द लोकसभा क्षेत्र मे कोई भी कार्य नही किया । यहाँ तक की राजिम मे नया मेला मैदान को भी विकसित नही कर पाए । दूसरी ओर कांग्रेस को महासमुन्द लोकसभा क्षेत्र मे एक भी स्थानीय व्यक्ति नही मिला जो महासमुन्द लोकसभा का चुनाव लड सकता था । फिर ताम्रध्वज साहू बाहरी प्रत्याशी है । इसलिए स्थानीय जनता पर अपना प्रभाव नही छोड़ पायेंगे ।इस चुनाव मे जनता नरेंद्र मोदी की गारंटी विश्वास करेगी , जातिवाद पर नही।





क्योंकि ताम्रध्वज साहू को कांग्रेस ने महासमुन्द लोकसभा के जातीय समीकरण के आधार पर ही टिकट दिया गया है।कांग्रेस की यह भेदभाव पूर्ण नीतियो से जनता ऊब चुकी है।इन्होंने दावा किया है कि भारतीय जनता पार्टी न केवल महासमुन्द सीट जीतेगी अपितु पूरे प्रदेश की सभी ग्यारह सीटो पर अपनी जीत का झण्डा गाडेगी।

## बस्तर कमिश्नर ने मतदान केन्द्र एवं ईव्हीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण



**बीजापुर, 22 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** एक दिवसीय प्रवास पर पहुंचे बस्तर कमिश्नर श्री श्याम धावड़े ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के सफलतापूर्वक निर्वाचन कार्य संपादित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिले में शांतिपूर्ण मतदान की प्रक्रिया को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी दिए। इस दौरान मतदान केन्द्र क्रमांक 108 प्राथमिक शाला धनोरा का औचक निरीक्षण कर मौके पर उपस्थित बीएलओ, पटवारी, एवं सचिव से आवश्यक जानकारी ली जिसमे विगत विधानसभा में 61.9 प्रतिशत मतदान होने की बात बीएलओ द्वारा बताई गई कमिश्नर श्री धावड़े ने मतदान का प्रतिशत बढ़ाने व्यापक रूप से मतदाता जागरूकता अभियाान चलाने के निर्देश दिए। वहीं मतदाता सूची में नए नाम 59 जोड़े जाने एवं 14 नाम विलोपन की जानकारी बीएलओ द्वारा दी गई है।

**जिला कार्यालय परिसर स्थित ईव्हीएम वेयर हाउस का किया अवलोकन**-कमिश्नर ने जिला कार्यालय स्थित ईव्हीएम वेयर हाउस का अवलोकन किया, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग पाण्डेय ने वेयर हाउस में रखे ईव्हीएम मशीनों, सी सी टीव्ही से निगरानी एवं सुरक्षा संबंधी विस्वृत जानकारियों से कमिश्नर को अवगत कराया इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत नरेश नंदनवार, एडीशनल एसपी श्री चंद्रकांत गवर्ना, संयुक्त कलेक्टर श्री कैलाश वर्मा, सहायक रिर्टर्निंग अधिकारी श्री जागेश्वर कौशल , उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नारायण प्रसाद गवेल सहित तहसीलदार एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होकर घर एवं शाला का नाम रोशन करें:पूरन



**राजिम, 22 मार्च।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बारूला में विदाई समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर 6 वीं एवं 7 वी के छात्र छात्राओं द्वारा आठवीं के छात्र छात्राओं को विदाई दी गई। इस कार्यक्रम का शुभारंभ शाला के शिक्षकों द्वारा मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित व श्रीफल फोड़कर किया गया। तत्पश्चात सभी शिक्षकों का स्वागत गुलाल लगाकर किया गया। तत्पश्चात छात्र छात्राओं द्वारा रोचक, मनोरंजक, ज्ञानवर्धक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए 8 वीं के छात्र छात्राओं द्वारा शाला में व्यतीत किए हुए अपने अनुभव व्यक्त किए।वहीं बैलून तोड़ एवं साड़ी पहनाओ प्रतियोगिता में धनेश्वर बंजारे प्रथम,बिंदी लगाओ में हसीना साहू प्रथम एवं मिमिक्री अभिनय में गोपी निर्मलकर प्रथम स्थान पर रहे. सभी विजेता प्रतिभागी को शाला की तरफ से पुरस्कृत किया गया.इस अवसर पर संकुल प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा कि शिक्षा जीवन भर चलने वाली सतत प्रकिया है.जीवन में शिक्षा का बहुत महत्व है। शिक्षा के विकास से गांव,समाज व राष्ट्र की उन्नति संभव है। आगामी 1अप्रैल से छठवीं से आठवीं तक की परीक्षा प्रारम्भ होने वाली है अतः आप सभी सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुए परीक्षा की पूरी तैयारी के साथ अच्छे अंको से उत्तीर्ण होकर घर,परिवार एवं शाला का नाम रोशन करें। ओंकार साहू प्रधान पाठक ने कहा कि जीवन में संस्कार का बहुत महत्व है. संस्कार विहीन मनुष्य पशु के समान होता है.आप सभी पढ़ाई के प्रति गंभीर होकर सकारात्मक सोच के साथ पढ़ाई में ध्यान दें निश्चित सफलता मिलेगी। कमलेश साहू शिक्षाविद ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थियों के सफलता के पीछे कहीं न कहीं शिक्षकों का योगदान रहता है. अतः आप सभी माता, पिता और गुरु का सम्मान करना न भूलें.कार्यक्रम का संचालन मन्नू राम ध्रुव (शिक्षक) ने किया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य पूरन लाल साहू,संकुल समन्वयक भुवन यदु,शिक्षक ओंकार साहू, प्रेरणा श्रीवास, मन्नू राम ध्रुव, लक्ष्मीनारायण सेन,गैंदूराम बंजारे (अध्यक्ष शाला विकास समिति ), झाड़ू राम साहू (उपाध्यक्ष शाला विकास समिति ) कमलेश साहू शिक्षा विद व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## हर्बल गुलाल खरीदकर कलेक्टर ने महिलाओं का किया उत्साहवर्धन

रायगढ़, 22 मार्च। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने आज ग्रामीण महिलाओं के द्वारा कलेक्टोरेट परिसर में लगाए गए हर्बल गुलाल के स्टॉल से गुलाल खरीदकर महिलाओं का उत्साह वर्धन किया। मौके पर पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मंडावी, एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े उपस्थित रही। उल्लेखनीय है कि रायगढ़ जनपद के ग्राम-गोपालपुर की ग्रामीण महिलाओं ने आज गेंदा फुल, गुलाब, नीम, हल्दी, चुकंदर, पालक, पलास के फुल जैसे विभिन्न प्राकृतिक रंगों से तैयार गुलाल की बिक्री की। श्रीमती सरिता टंडन ने बताया कि गांव की महिलाओं के द्वारा यह कार्य किया जा रहा है। अब तक 50 किलो गुलाल बना चुके है। बाजार में मिलने वाले केमिकल युक्त गुलाल से हटकर यह हर्बल गुलाल शरीर के लिए पूरी से सुरक्षित है।

## भाजपा नेता राजू कलमूम ने गंगालूर में पुलिया निर्माण के नाम पर 49 लाख रुपये का किया भ्रष्टाचार: विक्रम मंडावी



**बीजापुर, 22 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने गुरुवार को बीजापुर में प्रेस वार्ता आयोजित कर कहा कि ग्राम पचायत गंगालूर मे गायता पारा से गुन्नापारा के मध्य एक पुलिया निर्माण हुआ जिसकी लागाल लगभग 49 लाख रुपये बताई जा रही है जिसका निर्माण भाजपा नेता एवं गंगालूर के सरंपच राजू कलमूम के द्वारा बनाया जा रहा था, जिसमें भाजपा नेता राजू कलमूम द्वारा भारी भष्ट्राचार किया गया है। विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि पुलिया निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन बानाया गया है, जब से प्रदेश मे भाजपा की सरकार बनी है, तब लागातार भाजपा नेताओ और कार्यकर्ताओं के द्वारा भाजपा सरकार के सरंक्षण में अधिकारियो के ऊपर दबाव डालकर इस तरह के भष्ट्राचार को अजान दिया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी शासन - प्रशासन से मांग करती है कि पुलिया निर्माण कार्य में भष्ट्राचार करने वाले भाजपा नेता राजू कलमू पर कार्यवाही करे। प्रेस वार्ता में विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि ज़िला कांग्रेस कमेटी ने इस पूरे मामले की जाँच के लिए ज़िला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम के नेतृत्व में 8 सदस्यीय जाँच दल बनायी है जिसमें संयोजक- शंकर कुड़ियम, सदस्य- कमलेश कारम, सदस्य- नीना रावतिया, सदस्य- बसंत राव ताटी, सदस्य- सोमारू राम कश्यप, सदस्य, श्रीमति सरिता चापा, सदस्य- श्रीमति पार्वती कश्यप, सदस्य- श्रीमति संतकुमारी मण्डावी आदि को शामिल किया गया है। प्रेस वार्ता के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, जिला पंचायत सदस्या श्रीमती नीना रावतिया उद्दे, नगर पालिका अध्यक्ष बेनहुर रावतिया, नगर पालिका उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लुर, जनपद पंचायत अध्यक्षा श्रीमती बोधि ताती, जनपद उपाध्यक्ष सोनू पोटाम, पार्षद प्रवीण डोंगरे, पार्षद कविता यादव, जिला महामंत्री सुखदेव नाग, जितेंद्र हेमला, सह प्रवक्ता प्रवीण उद्दे, सुरेंद्र चापा सुनील उद्दे, सुरेश शोढ़ी, गिरधारी लाल राठी और वीरेंद्र सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्टंटबाजो से परेशान मोहल्ला के लोगों ने ली पुलिस की मदद



**पत्थलगांव, 22 मार्च।** एक दर्जन से भी अधिक स्कूली युवको ने जब अपनी स्टाईलिश वाहन से कलाबाजी दिखाकर लोगो को परेशान किया तो अंत मे तंग आकर मौहल्लेवासियों ने पुलिस का सहारा लेने मे ही अपनी भलायी समझी। यहा के बस स्टैन्ड के पास बसा गुरूद्वारा मौहल्ला मे आज एक निजी हिंदी मिडियम स्कूल के युवको द्वारा जमकर उत्पात मचाया गया,ये सभी युवक रंग गुलाल से सने हुये थे,एक मोटरसायकल मे तीन से अधिक सवार थे,सभी युवक अपने कपडे फाडे हुये थे,उनके द्वारा 30 मिनट से भी अधिक देर तक गुरूद्वारा मौहल्ला मे अपनी अत्याधुनिक बाईक मे उत्पात मचाते रहे। कुछ देर तक मौहल्ले की महिला एवं पुरूषो ने इन युवको के उत्पात को नजर अंदाज किया पर धीरे-धीरे बाईक सवारो का उत्पात और अधिक बढता चला गया। उनके वाहन की स्पीड के कारण मौहल्ले वालो को सडक मे निकलना मुश्किल हो रहा था,तब जाकर मौहल्ले वालो ने प्रशिक्षु डी.एस.पी भानुप्रताप चंद्राकर को इस बात की सूचना दी। डी.एस.पी भानुप्रताप चंद्राकर ने मौहल्ले वालो की शिकायत मिलते ही तत्काल अपने गश्ति दल को गुरूद्वारा मौहल्ला भेज दिया। पुलिसवालो को मौहल्ले मे देखते ही सभी स्कूली युवक वहा से तुरंत अपनी अत्याधुनिक बाईक मे सवार होकर भागने लगे। कुछ मौहल्ले के पास स्थित नगर पंचायत के गार्डन मे जाकर छुप गये,जहा पुलिस ने घुसकर एक बाईक की जप्ती बनायी। वही उत्पाती युवक पुलिस के गार्डन मे घुसते ही दिवाल फांदकर इधर-उधर भागते नजर आये। स्कूली युवको की इस करतुत के कारण मौहल्लेवासियों को एक घंटे से भी अधिक तक परेशानी का सामना करना पडा। पुलिस की दखलअंदाजी के बाद मौहल्ले वालो ने राहत की सांस ली। सभी ने प्रशिक्षु डी.एस.पी भानुप्रताप चंद्राकर द्वारा की गयी त्वरित कार्यवाही की प्रशंसा भी की। दरअसल इन दिनो गुरूद्वारा मौहल्ला ही नही वरन् पूरा शहर कान फोडु सायलेंसर की घातक ध्वनि एवं अत्याधुनिक मोटरसायकलो मे स्टंट दिखाने वाले युवको से परेशान है।।

परीक्षा खत्म होने पर मचा रहे थे उत्पात-ःगुरूद्वारा मौहल्ले मे अपनी अत्याधुनिक बाईक से उत्पात मचाने वाले युवक मुस्लिम कब्रिस्तान के बाजु मे स्थित एक हिंदी मिडियम स्कूल के थे,इसी स्कूल के कुछ अन्य युवको ने बताया कि उत्पात मचाने वाले युवक आज बोर्ड परीक्षा खत्म होने की खुशी मे रंग गुलाल खेले थे,उनके द्वारा एक दूसरे के कपडे फाडकर बाईक से उत्पात मचाया गया,जिसकी परेशानी मौहल्ले वालो को उठानी पडी।।

गार्डन बना मनचलो का अडडा-ःनगर पंचायत द्वारा गुरूद्वारा मौहल्ला मे बनाया गया गार्डन इन दिनो मनचले युवक एवं युवतीयों का अडडा बना हुआ है,यहा दिनभर युवक युवतीयां अमर्यादित हरकत करते आसानी से देखी जा सकती है। स्कूली युवक गुरूद्वारा मौहल्ला मे उत्पात मचाने के बाद पुलिस को चकमा देने इसी गार्डन मे छुपे थे,जहा इसी शैक्षणिक संस्था की पचास से भी अधिक युवतीयां मौजुद थी।

--स्टाईलिश बाईक एवं उनसे उत्पात मचाने वाले बाईक चालको पर पुलिस द्वारा लगातार नजर रखी जा रही है। जल्द ही उन पर यातायात नियमो के तहत कठोर कार्यवाही की जायेगी।।

## निर्वाचन के दायित्वों का करें जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन:कलेक्टर



**रायगढ़, 22 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आगामी निर्वाचन के संबंध में नोडल अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि आगामी लोकसभा निर्वाचन को सफलता पूर्वक संपन्न करने पूर्व की भांति सभी अपने दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करें। इस अवसर पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मंडावी, डीएफओ धरमजयगढ़ श्री अभिषेक जोगावत, अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर एवं उप ज़िला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम श्री सुनील कुमार चंद्रवंशी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री गोयल ने सामान्य शाखा, कर्मचारियों की व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, निर्वाचन कर्तव्य मत पत्र (डाक मत पत्र) प्रशिक्षण, कम्युनिकेशन प्लान, प्रवेश पत्र निर्वाचन प्रपत्र एवं सामग्री, सामग्री क्रय एवं निविदा, चिकित्सा दल एवं किट की व्यवस्था, शिकायत शाखा, निर्वाचन व्यय लेखा, मानदेय, कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था, मतपत्र मुद्रण एवं प्रपत्र/सामग्री रिटर्निंग ऑफिसरों को प्रदाय, कंप्यूटरीकरण एवं वेब कास्टिंग, स्वीप कार्यक्रम, मीडिया प्रमाणन अनुवीक्षण पेड न्यूज के संबंध में तैयारियों पर विस्तार पूर्वक नोडल अधिकारियों से जानकारी ली। कलेक्टर श्री गोयल ने बैठक में उपस्थित सभी नोडल अधिकारियो को उनको दिए गए कार्यों को निरंतर सुचारू रुप के करने तथा रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन के शिकायत प्रणाली के सबंध में कहा कि सी-विजिल एवं 1950 में प्राप्त शिकायतों का शीघ्रता से निवारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि जिले में कार्यरत कर्मचारी का नाम जिले के मतदाता सूची में जोड़ना सुनिश्चित करें ताकि वह अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। इसके साथ ही निर्वाचन कार्य के लिए अधिकृत वाहनों के चालक एवं कर्मचारियों का फॉर्म 12 भरवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकृत वाहनों का फिटनेस, इंश्योरेंस, लॉग बुक आवश्यक जांच करें। उन्होंने कहा कि चुनाव में कर्मचारी एक महत्वपूर्ण घटक होता है अतः इसके लिए सभी सुविधाएं सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कर्मचारियों के जलपान, रहने की व्यवस्था एवं एंट्री करने के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने सभी मतदान केन्द्रों में छाया, पानी, विद्युत जैसे आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का भौतिक सत्यापन के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि 50 प्रतिशत मतदान केन्द्रों में वेबकास्टिंग की सुविधा होगी। सभी राजस्व अधिकारी बीएलओ के माध्यम से कैमरा लगाने हेतु मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कराना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि जिन क्षेत्रों में नेटवर्क नहीं है, उन स्थानों को चिन्हांकित कर कम्युनिकेशन हेतु प्लान बनाये। इसके साथ ही मतदान केन्द्रों में प्रवेश हेतु प्रवेश पत्र, निर्वाचन सामग्री प्रदाय जैसे विभिन्न कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने सभी कार्यों की रुपरेखा बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने सीएमएचओ को मतदान दलों के लिए मेडिकल कीट बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर ट्रेनिंग एवं मतदान केंद्रो में ओआरएस की व्यवस्था के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने एसएसटीए एफएसटी, वीएसटी की जानकारी ली। उक्त टीमों को गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मतदान केन्द्रों में खाद्य विभाग को रियायत दर पर भोजन व जलपान की व्यवस्था हेतु निर्देशित किया।

## बेमौसम बारिश से बारेगुडा क्षेत्र मे घरों की छत उड़ने से भारी नुकसान



**भोपालपटनम, 22 मार्च।** बीती आधी रात मे आई तेज हवा ने बारेगुडा क्षेत्र मे तबाही मचा दी जहाँ ग्राम बारेगुडा, गंगारम सहित पोल्लेम के दर्जनों मकानों के छत उड़ गये है तो वही बारेगुडा निवासी नीलम परिवार के मकान के ऊपर एक बूढा इमली का पेड़ गिर जाने से मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है हालांकि इस दुर्घटना मे किसी प्रकार कि कोई जनहानि नहीं हुई है अचानक चली तेज हवा से बिजली के कई खम्बे टूट जाने से क्षेत्र में बिजली सप्लाई भी बंद पड़ी है इस बात की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी ने तत्काल घटना स्थल पहुँच पीड़ित परिवारों से मुलाक़ात कर उनका कुशल क्षेम जाना तथा सम्पूर्ण घटनाक्रम कि जानकारी भोपालपटनम एस. डी. एम यशवंत नाग को देते हुऐ तत्काल पीड़ित परिवारों का मुआवजा प्रकरण तैयार करने के साथ-साथ क्षेत्र में बंद पड़ी बिजली व्यवस्था बहाल कराने कि मांग की।

# निष्पक्ष चुनाव के लिए पुलिस अफसरों को दिया गया प्रशिक्षण



**भिलाई, 22 मार्च।** भिलाई आसन्न लोकसभा निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष और निर्विवाद ढंग से संपन्न कराने आज पुलिस के अफसरों सहित जवानों को प्रशिक्षण दिया गया। इसके लिए दुर्ग पुलिस रेंज स्तरीय एक कार्यशाला का आयोजन सेक्टर 6 भिलाई में स्थित कला मंदिर में किया गया। इस कार्यशाला में निर्वाचन आयोग के जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने पर जोर दिया गया लोकसभा चुनाव प्रक्रिया के दौरान पुलिस अधिकारी कर्मचारी अपने उत्तरदायित्व का भलीभांति निर्वाहन कर सके तथा भयमुक्त वातारण मतदाता को प्राप्त हो, इसके लिए दुर्ग रेंज पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग द्वारा रेंज के जिलों के पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों, उप निरीक्षक व सउनि स्तर के अधिकारियों सहित जवानों को प्रशिक्षण देने कला मंदिर भिलाई में कार्यशाला रखी गई रेंज स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला के प्रारंभिक उद्बोधन में दुर्ग आईजी राम गोपाल गर्ग ने बताया कि द्वारा दिनांक 16 मार्च, 2024 को निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागु होने तथा दिनांक 27 अप्रैल को कांकेर और 7 मई को रेंज के दुर्ग लोकसभा हेतु मतदान होने की जानकारी दी गई। कांकेर लोकसभा में रेंज का बालोद जिला समाहित है। इस चुनाव को निष्पक्ष और निर्विवाद ढंग से संपन्न कराने में पुलिस को महती भूमिका निभानी है। इसके अंतर्गत फोर्स डिप्लायमेंट, फोर्स के रोटेशन की प्लानिंग, केन्द्रीय बल व राज्य सशस्त्र बल के आगमन की तैयारी के तहत उनके रूकने व मूलभूत सुविधों की तैयारी के साथ उन्हें दिये जाने वाले मानदेय संबंधी जानकारी दी गई द्वारा बताया गया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने उपरांत धारा 144 जाफौ की प्रभावशील होने के आधार पर जिले में कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने, एफ.एस.टी एवं एस.एस.टी की कार्यवाही, एल.ओ.आर. नियमित रूप से भेजने, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा, निर्वाचन संबंधी अपराधों के निराकरण हेतु कहा गया

दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि प्रशिक्षण सत्र के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए आदर्श आचार संहिता 16 मार्च 2024 को लागू होने पश्चात निर्वाचन आयोग के सभी निर्देशों का कड़ाई से पालन सबकी प्राथमिक जिम्मेदारी है निर्वाचन शांतिपूर्ण व निष्पक्ष हो इसके हेतु निर्वाचन आयोग के निर्देशों की जानकारी सभी को होनी चाहिए। रेंज स्तरीय प्रशिक्षण के पश्चात अगले चरण में जिले के अन्य अधिकारियों सहित प्रधान आरक्षक, आरक्षकों व विशेष पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण कराना है इसके लिए रेंज व राज्य स्तर पर प्राप्त मास्टर ट्रेनर अधिकारियों से प्रशिक्षण सामग्री संकलित कर लेने निर्देशित किया गया। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों की पुस्तिका का अध्ययन प्रशिक्षण देने निर्देशित किया गया

इसस पहले आईजी राम गोपाल गर्ग का एएसपी ग्रामीण वेदव्रत सिरमौर और एसपी दुर्ग जितेंद्र शुक्ला का एएसपी शहर सुखनंदन राठौर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। उप पुलिस अधीक्षक देवांश सिंह राठौर और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती पद्मश्री तंवर ने लोकसभा चुनाव के संबंध में प्रशिक्षण दिया। चाय काल पश्चात् दूसरे चरण में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जोन 2 खुर्सीपार के व्याख्याता अंजय तिवारी व शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला नारधा के व्याख्याता एसएस भुवाल ने प्रशिक्षण दिया। एएसपी ग्रामीण वेदव्रत सिरमौर ने आभार प्रदर्शन किया

## शा. पूर्व माध्यमिक शाला बकली में दीनबंधु बंजारे ने दिया पहला न्योता भोज

**राजिम 22 मार्च ।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बकली में दीनबंधु बंजारे पंच व दिलेश्वरी बंजारे के द्वारा उनके सुपुत्र सुमेद बंजारे कक्षा सातवीं के जन्मदिन एवं ग्राम बकली में नवनिर्मित भवन में गृहप्रवेश के अवसर पर छात्र-छात्राओं को स्नेह, प्रेम भाव से न्योता भोज दिया गया। सभी विद्यार्थियों को मध्यान्ह भोजन मीनू के अनुसार, साथ ही साथ न्योता भोज में छत्तीसगढ़ी व्यंजन खीर, पुड़ी भजिया आदि खिलाया गया। आज के न्यौता भोज के कार्यक्रम में समस्त विद्यार्थियों के साथ साथ शासकीय प्राथमिक शाला बकली, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बकली व शासकीय हाई स्कूल बकली तथा सरपंच व समस्त पंचायत प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक को दीनबंधु बंजारे के द्वारा आमंत्रित किया गया। दीनबंधु बंजारे की इस पहल पर उपस्थित समस्त जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक, शिक्षकों के द्वारा प्रशंसा की गई।

इस अवसर पर संकुल प्राचार्य मनहरण यदु, प्रभारी प्रधानपाठक लेखाचंद मल्होत्रा एवं शिक्षक राधेश्याम साहू, किरण कुमार साहू, श्रीमती अनीता साहू, पूरन लाल साहू, घनश्याम प्रसाद दिवाकर, सरपंच करेलिया कुर्रे, ईश्वर टंडन, विष्णु मन्नाडे, दीनबंधु बंजारे, दिलेश्वरी बंजारे के साथ साथ गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुंदर पहल न्योता भोज का अध्यनरत समस्त विद्यार्थियों को बहुत ही अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। मध्यान्ह भोजन के साथ साथ पूरक पोषण आहार भी मिल रहा है ।

## एक नजर

### पुलिस ने वारंटी सहित असामजिक तत्वों पर की कार्रवाई



भाटापारा, 22 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। शहर थाना पुलिस द्वारा होली पर्व पर शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु असामाजिक तत्वों पर की जा रही है, ताबड़तोड़ कार्यवाही पुलिस द्वारा स्थाई, गिरफ्तारी वारंटी सहित प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई कर कुल 07 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर एवं आशीष अरोरा एसडीओपी भाटापारा के मार्गदर्शन में निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे के नेतृत्व में थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों एवं शांति व्यवस्था बाधित करने वाले तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी है। कार्यवाही के इसी क्रम मे आगामी होली पर्व के दौरान भाटापारा शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु एवं आवश्यक सुरक्षा प्रबंध हेतु 01 स्थाई वारंटी, 02 गिरफ्तारी वारंटी को पकड़ा गया। सांथ ही शहर में शांति व्यवस्था भंग करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 151, 107, 116(3) . के तहत कार्यवाही कर कुल 04 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। इस प्रकार पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए कुल 07 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है।

### देशी मसाला शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



तिल्दा-नेवरा, 22 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देश पर रायपुर पुलिस द्वारा निजात अभियान के तहत नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें समस्त थाना एवं एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रहीं है। नारकोटिक्स एक्ट पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की विशेष टीम का गठन किया गया है साथ ही समस्त थाना प्रभारियों को नशे की सामाग्री बिक्री करने वालों एवं सप्लाई करने वालों पर कठोर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। थाना तिल्दा नेवरा के नए थाना प्रभारी जितेन्द्र ऐसैया ने इसी कड़ी में थाना धरसींवा ग्राम गिरौद जिला रायपुर निवासी गणपत लाल वर्मा को देसी मशाला के साथ धारा 34 -2 के तहत गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा है। प्रभारी जितेन्द्र ऐसैया ने कहा की छत्तीसगढ़ में पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ शुरू किए गए 'निजात' अभियान के माध्यम से नशीले पदार्थों के अवैध व्यापार के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है और लोगों को नशे की लत छोड़कर सामान्य जीवन जीने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।और कहा की नशे का अवैध कारोबार करने वालो के ऊपर सख्त से सख्त कार्यवाही जारी रहेगा किसी को बख्सा नहीं जायेगा।

### लोगों को दी गई नशे से दूर रहने की जानकारी

बलौदाबाजार, 22 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। अभियान सृजन के तहत लोगो को शराब, गांजा, गुटखा, तम्बाखू आदि जैसे नशे से दूर रहने के संबंध में जानकारी दिया गया एवं आवश्यक समझाईश दिया गया। नशा समाज को कई तरह से नुकसान पहुंचाती है एवं कई परिवार इससे बर्बाद हो जाती है तथा चोरी, लूट, हत्या जैसे गंभीर अपराध के लिए सिर्फनशा जिम्मेदार होती है इसलिए नशा के खिलाफलोगो को जागरूक कर एक बेहतर समाज बनाने के लिए अभियान सृजन अंतर्गत पुलिस द्वारा इस तरह कार्य लगातार जारी है।

# मतदान करना अधिकार ही नहीं बल्कि हमारा कर्तव्य है : कलेक्टर

## आकर्षक पोस्टर, ड्राइंग एवं रंगोली बनाकर छात्र-छात्राओं ने मतदाताओं किया जागरूक, शत-प्रतिशत मतदान के लिए संकल्प

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 22 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के.एल चौहान आज जिला मुख्यालय स्थित पं.चक्रपाणि शुक्ल उ.मा. विद्यालय में स्कूल शिक्षा विभाग एवं पंचायत विभाग द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल भी उपस्थित रही। लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान करने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्कूली बच्चों के मध्य विकासखण्ड स्तरीय पोस्टर, ड्राइंग एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 20 स्कूलों के 250 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक रंगोली का निर्माण किया गया। कलेक्टर चौहान ने जिले में शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए सभी को शपथ दिलाई। साथ ही बच्चों द्वारा मतदान के अधिकार एवं मतदान के महत्व के संबंध में बनाए गए पोस्टर, ड्राइंग एवं रंगोली की तारीफकी। उन्होंने बच्चों को लोकसभा निर्वाचन में अपने और अपने परिवार के अन्य सदस्यों को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने कहा कि मतदान करना अधिकार ही नहीं बल्कि हमारा कर्तव्य है, इसका प्रयोग जरूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्र में जाकर मतदान अनिवार्य रूप से करना चाहिए। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान करने जो व्यक्ति बूथ तक जाने में सक्षम नहीं है, उनके लिए होम वोटिंग की सुविधा भी दी गई है। उन्होंने कहा कि हमें अपने साथ अपने परिवार, आस-पास के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करना चाहिए और उन्हें मतदान के महत्व के संबंध में भी बताना चाहिए। उन्होंने



कहा कि लोकतंत्र में एक-एक वोट के महत्व है। इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल ने कहा कि शहरीय क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत कम रहता है। इसके लिए नागरिकों को मतदान के महत्व के संबंध में जानकारी देना है और उन्हें प्रेरित करना है कि वे मतदान के दिन मतदान केन्द्र में जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए आस-पास के लोगों को प्रेरित करने कहा। उन्होंने कहा कि संसदीय निर्वाचन हमारे लिए महत्वपूर्ण है। इसके लिए शत-प्रतिशत मतदान करना है। उन्होंने अपने साथ अपने परिवार, पड़ोसी, मोहल्ले एवं कॉलोनी वालों को मतदान के लिए प्रेरित करने कहा। जिससे जिले में शत-प्रतिशत मतदान हो सके। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में पोस्टर प्रतियोगिता में मिडिल वर्ग में प्रथम गुरूकुल स्कूल से गुनगुन शर्मा, द्वितीय सेक्रेट हार्ट हाई स्कूल से सांभवी मिश्रा, तृतीय नवीन पूर्व माध्यमिक शाला सिविल लाईन से भावेश वर्मा, हाई स्कूल वर्ग में प्रथम अंबुजा विद्यापीठ नेहिल वर्मा, द्वितीय सेक्रेट हार्ट हाई स्कूल से सुमन खटकर, तृतीय गुरूकुल स्कूल से जुबी खातुन शामिल है। इसी तरह ड्राइंग प्रतियोगिता में मिडिल वर्ग में पं.लक्ष्मी प्रसाद तिवारी हायर सेकेण्डरी स्कूल से प्रथम निहारिका साहू, द्वितीय पं.चक्रपाणि शुक्ल आत्मानंद स्कूल हिन्दी माध्यम से भाग्यश्री कन्नौजे, तृतीय शाश्वत स्कूल से खुशबू धृतलहरे, हाई स्कूल वर्ग से प्रथम सेक्रेट हार्ट हाई स्कूल से कृष्णा बंजारे, द्वितीय पं.चक्रपाणि शुक्ल आत्मानंद स्कूल हिन्दी माध्यम से आयुष, तृतीय सरस्वती शिशु मंदिर से विद्या यादव शामिल है।इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती, जनपद पंचायत सीईओ एम.एल.मण्डावी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र कुमार टंडन, सोमेश्वर राव जिला साक्षरता अधिकारी सहित स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनपद पंचायत विभाग के अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### आगामी लोकसभा चुनाव के बीच त्योहारों को देखते हुए बरती जा रही सतर्कता

# पुलिस ने गुण्डा, निगरानी बदमाश व चाकूबाजों को किया थाना में तलब

## होली त्यौहार व लोकसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए दी गई आवश्यक हिदायत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 22 मार्च।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा होली के त्यौहार एवं आगामी लोकसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों थाना प्रभारियों को गुण्डा बदमाश एवम निगरानी बदमाश तथा पुराने चाकूबाजी के प्रकरण में गिरफ्तार आरोपियों का पतासाजी कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश दिये गये है।

इसी पर अमल करते हुए नव पदस्थ थाना प्रभारी जितेन्द्र ऐसैया तिल्दा नेवरा थाना छेत्र के गुण्डा बदमाश एवम निगरानी बदमाश तथा पुराने चाकूबाजी के आरोपियों को थाने में बुलाकर ने आदर्श आचार संहिता के बारे में जानकारी दी। कहा कि कोई ऐसा कार्य न करें जिससे आचार संहिता का उल्लंघन हो। चुनाव के दौरान शांति और कानून व्यवस्था में यदि कोई अराजक तत्व खलल डालने की कोशिश करता है तो तुरंत जानकारी दें। किसी गांव या कस्बे में होली को रखने व मनाने में यदि बाधा आ रही है, तो इसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दे।

उन्होंने कहा कि यदि कहीं कोई समस्या है तो समय रहते उसका निपटारा कराया जाएगा। ताकि होली वाले दिन दिक्कत न हो। त्योहार पर हुड़दंग मचाने वालों पर पुलिस द्वारा नजर रखी जाएगी और जरूरत पड़ने पर कार्रवाई भी की जाएगी। आगामी लोकसभा चुनाव और त्योहारों के मद्देनजर प्रशासनिक तैयारियां पूरे जोरों पर है. सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम और शांतिपूर्ण चुनाव कराने को लेकर पुलिस द्वारा हर एक बारीकियों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से कमर कस रही है।



### फ्लैग मार्च निकालकर आदर्श आचार संहिता का पालन करने दी हिदायत



**तिल्दा नेवरा, 22 मार्च।** तिल्दा-नेवरा पुलिस ने नगर में फ्लैग मार्च निकालकर शांति व्यवस्था बनाये रखने की हिदायत दी। शांति पूर्ण ढंग से त्योहार एवं आदर्श आचार संहिता का पालन करने की अपील की है। आगामी लोकसभा चुनाव के चलते लागू आदर्श आचार संहिता एवं होली त्यौहार के मद्देनजर प्रशासन ने तिल्दा-नेवरा नगर में फ्लैग मार्च निकालकर शांति व्यवस्था हेतु नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए चौक चौराहे से पुलिस काफिले के साथ एसडीएम प्रकाश टंडन, तहसीलदार ज्योति मसियारे एवं नगर पुलिस अधीक्षक के साथ तिल्दा-नेवरा थाना प्रभारी जितेन्द्र असैया ने पैदल फ्लैग मार्च कर शांति पूर्ण ढंग से त्यौहार मनाने एवं आदर्श आचार संहिता का पालन करने का अपील किया है।पुलिस प्रशासन का काफिला नगर के ओवरब्रिज से मौली माता मंदिर तिल्दा बस्ती, सरस्वती शिशु मंदिर मार्ग से होते? हुए सुभाष चौक, गांधी चौक नेवरा होकर बजरंग चौक से सिंधी केंप से प्रशासनिक अधिकारियों ने तिल्दा-नेवरा थाना परिसर तक का पैदल फ्लैग मार्च किया है।

# पालकों की शिकायत पर कलेक्टर ने की स्कूल प्रबंधन के खिलाफ जांच कमेटी का गठन

- सुनील बुक डिपो एवं दो प्रकाशकों को थमाया नोटिस
- अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में कमेटी का किया गठन, नापतौल विभाग ने की कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 22 मार्च।** कलेक्टर के.एल. चौहान ने पालकों की पुस्तक सहित अन्य सामग्री के अनिवार्यता संबंधित गंभीर शिकायत पर सेक्रेट हार्ट हाई स्कूल प्रबंधन के खिलाफ अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में कमेटी गठन कर जांच के निर्देश दिए है। साथ ही आज नापतौल विभाग द्वारा छापामार कार्रवाई कर सुनील बुक डिपो बलौदाबाजार एवं हरपर कोलियन्स पब्लिसर गुरूग्राम हरियाणा के खिलाफ विधिक मापविज्ञान अधिनियम 2009 के तहत कार्रवाई करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

उक्त नोटिस का जवाब 10 दिवस के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है। निरीक्षण में पहुंचे नापतौल विभाग के अधिकारी दामोदर वर्मा ने बताया कि जांच में कोलिन्स रिवाइज्ड इंग्लिस ग्रामर एण्ड कम्पोजिशन क्लास 6 में अंकित अधिकतम खुदरा मूल्य 474.00 रूपये पाया गया है। जो पहले से मुद्रित अथवा प्रयुक्त अवेष्ठन अधिकतम खुदरा मूल्य 439.00 रूपये को परिवर्तित कर अधिकतम खुदरा मूल्य अंकित किया गया हैं जो प्रथम दृष्टिया में विधिक मापविज्ञान (पैकेज में रखी वस्तुए) नियम 2011 के नियम 18 का उल्लंघन है।



इसी तरह एरो पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड हैदराबाद को भी नोटिस जारी किया गया है। साथ ही कलेक्टर के.एल चौहान ने नापतौल विभाग के अधिकारी को सभी बुक डिपो में व्यापक निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए है।

# पीडब्ल्यूडी विभाग ने सेमरियाघाट पुल की सड़क की मरम्मत कराई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 22 मार्च।** भाटापारा से सात किलोमीटर दूर शिवनाथ नदी पर बने सेमरिया घाट पुल का पेच वर्क मरम्मत कार्य पी.डब्ल्यू. डी. विभाग ने कराया। जिला कलेक्टर के .एल.चौहान के विशेष निर्देश पर यह कार्य 21 मार्च को पी.डब्ल्यू.डी. के ई.ई. टी.सी.वर्मा, एवं एस.डी.ओ.भाटापारा टी.आर.कौशिक के मार्ग दर्शन मे कराया गया ज्ञात हो कि पूरे पुल की सडक मे गड्ढे हो जाने से आवागमन मे असुविधा के साथ साथ दुर्घटना का भय वाहनो चालको व पुल से आने जाने वालो पर हमेशा बना रहता था। विभागीय स्तर पर पुल की खराब सडक और इसके मरम्मत कराये की जानकारी कलेक्टर के.एल.चौहान को देकर अवगत कराया गया जिस पर कलेक्टर ने इस पुल के मरम्मत कराये जाने का आदेश



पी.डब्ल्यू.डी.विभाग को दिया जिससे लोगो को खराब सडक मे आवाजाही करने मे जो असुविधा का सामना करना पड रहा था उससे निजात मिल सके।इसके बाद पी.डब्ल्यू.डी विभाग का अमला पुल की सडक का मरम्मत कार्य करवाया।

# जान से मारने की धमकी देकर आत्महत्या के लिए प्रताड़ित करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 22 मार्च।** जिले में अपराधों की त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में एस डी ओ पी श्रीमति निधी नाग एवं थाना प्रभारी अजय झा के दिशा निर्देश में थाना सिटी कोतवाली के अपराध क्र 59/2024 धारा 306 भादवि के आरोपी को गिरफ्तार कर कार्यवाही किया गया।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार हैं कि आरोपी बिठोबा मारगाय ने दिनांक 09.03. 2023 को आरोपी का होली पर्व में डीजे बजाने के नाम लेकर झगड़ा हुआ जिसमें दुमेश्वर बिचबचाव किया था, किन्तु बिठोबा मारगाय ने टुमेश्वर साहू को तुम भी मेरे साथ मारपीट की आरोप लगाकर मोबाईल से बार बार जान से मारने की धमकी देकर प्रताड़ित करता था, जिससे मृतक प्रताड़ित होकर दिनांक 11, 12.04.2023 के दरबियानी रात को जहर सेवन कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया आत्महत्या करने के पहले मृतक ने एक सुसाइड लिखा जिसका परीक्षण हस्तलिपि विशेषज्ञ कराया गया जिसमें मृतक के द्वारा लिखा जाना पाया गया मृतक के पीएम पश्चात प्रिजर्व किये व्हिसरा का रासायनिक परीक्षण कराया गया रिपोर्ट में मृतक द्वारा आर्गेनोफास्फोरस कीटनाशक ट्रायजोफोस एवं पायरेथ्रायड कीटनाशक सायपरमेथ्रिन का सेवन करना लेख किया हैं, एवं पीएम रिपोर्ट में फांसी लगाने से मृत्यु होना लेख किये हैं, मर्ग जांच में मृतक द्वारा आरोपी विठोबा मारगाय के द्वारा बार बार जान से मारने की धमकी देने प्रताड़ित करने एवं आत्महत्या करने के लिए उकसाने पर मृतक द्वारा जहर सेवन कर फांसी कर आत्महत्या कर लेना पाये जाने से आरोपी द्वारा 306 भादवि. का अपराध घटित करना सबूत पाये जाने से अपराध कायम कर विवेचना में लिया एवं आरोपी बिठोबा मारगाय के द्वारा अपराध घटित करने पाये जाने से दिनांक 21.03.2024 गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना उसकी जीजा गौरी शंकर को दी गयी। उक्त कार्यवाही में सउनि गांधी बंजारे प्र आर संतराम बंजारे, आर मोहन मेश्राम म आर उकेश्वरी साहू का विशेष योगदान रहा।


**न्यायालय नजूल अधिकारी कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.-202403201500015/ अ-6/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती ललिता कोर्राम पति श्री शीतल कोर्राम उम्र 55 वर्ष, जाति राऊत निवासी सरगीपालपारा तहसील व जिला कोण्डागांव (छ.ग.) के द्वारा नगर कोण्डागांव के मोहल्ला सरगीपालपारा में स्थित भूमि शीट नंबर-02 भूखण्ड क्रमांक 520/1क क्षेत्रफल 5318 वर्गफुट भूमि रिक्त/खुली जगह नजूल संधारण खसरा में 1. मीनू जैन पिता मानकचंद जाति जैन, 2. रवि चौरड़िया पिता प्रकाशचंद जैन जाति जैन के नाम पर दर्ज है। उक्त भूखण्ड क्रमांक 520/1क क्षेत्रफल 5318 वर्गफुट भूमि में से क्षेत्रफल 1950 वर्गफुट भूमि को ई पंजीयन क्रमांक IN-CG51440775205158W पंजीकृत बिक्री विलेख क्रमांक CG-2023-24-194-1-500 दिनांक 06.03.2024 को रूपये 6,50,000/- शब्दों में (छः लाख पचास हजार रूपये) में क्रय करने के पश्चात् आवेदिका श्रीमती ललिता कोर्राम पति श्री शीतल कोर्राम दीवान, उम्र 55 वर्ष, जाति राऊत निवासी सरगीपालपारा तहसील व जिला कोण्डागांव (छ.ग.) के द्वारा भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 110 के तहत् उक्त क्रयशुदा भूमि पर विक्रेतागण का नाम विलोपित कर आवेदिका स्वयं का नाम दर्ज करवाने हेतु तलवाना, नक्शा, मेन्टीनेन्स खसरा एवं बिक्री विलेख की छायाप्रति सहित इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपनि करना हो तो वे दिनांक 28.03.2024 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14.03.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

नजूल अधिकारी
जिला कोण्डागांव (छ.ग.)


### जिले में मनाया गया मुख स्वास्थ्य दिवस

# मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी ने लोगों को दी दाँतों व मसूड़ों के सुरक्षा की जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 22 मार्च।** मुँह की गंदगी और सफाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही किसी बीमारी को आमंत्रित कर सकती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर के अनुसार विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दुनिया भर में करोड़ों लोग मुँह से जुड़ी बीमारियों से प्रभावित हुआ करते हैं। ऐसे में मुँह की सेहत को महत्व देते हुए हर वर्ष 20 मार्च को विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व मुख दिवस का थीम है ए हैप्पी माउथ, इज़ ए हैप्पी बॉडी। इस अवसर पर जिला अस्पताल सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर लोगों के मुख का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, साथ ही मुख से संबंधित समस्याओं के लिए आवश्यक उपचार भी किये गए। लोगों को दाँतों और मसूड़ों की देखभाल के सम्बंध में भी बताया गया। इस अवसर पर अम्बुजा सीमेंट फाउंडेशन के सहयोग से ग्राम देवरानी, मोपर, पौसरी, रवान के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में 449 बच्चों के मुँह की जांच की गई जिसमें से 93 बच्चों में दाँतों, मसूड़ों की समस्या पाई गई जिसका उपचार शुरू किया गया। इस अवसर पर



जिला अस्पताल में सिविल सर्जन डॉक्टर राजेश कुमार अवस्थी की उपस्थिति में अस्पताल के चिकित्सा स्टाफके लिए इस बाबत एक परिचर्चा भी रखी गई, जिसमें दाँतों की सेहत के संबंध में दंत चिकित्सक डॉ गौतम ने कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की। उन्होंने बताया कि दाँतों की सुरक्षा के लिए फ्लोराइड युक्त टूथपेस्ट का इस्तेमाल करना चाहिए, दाँतों में किसी प्रकार का खाना न फंसे यह ध्यान रखा जाए। दिन में दो बार ब्रश अवश्य करें तथा यह खाने के बाद अनिवार्य रूप से हो। बाजार में मिलने वाले सॉफ्ट ड्रिंक या कोल्ड ड्रिंक का उपयोग कम से कम करें। भोजन में ताजी और रेशेदार सब्जियों का सेवन होना चाहिए। गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को कुछ हार्मोस जैसे एस्ट्रोजन एवं प्रोजेस्टेरोन के प्रभाव के कारण मसूड़े से खून आना, दाँतों में झनझनाहट होना सही तरीके से ब्रश न करने से शरीर में एसिडिटी का बढ़ना यह समस्याएं प्रकट हो सकती हैं इसके लिए चिकित्सक से संपर्क करें। बहुत से लोगों को ब्रश करने का सही तरीका भी मालूम नहीं होता है। ब्रश करने के लिए मुलायम ब्रश का इस्तेमाल करें हल्के हाथों से आगे और पीछे ब्रश करना शुरू करें उसके बाद ऊपर के दाँत नीचे की तरफऔर नीचे के दाँत ऊपर की तरफब्रश करें दाँतों के अंदरूनी भाग को साफ करने के लिए ब्रश को सीधे पड़कर ऊपर - नीचे सफाई करें इसके साथ ही साथ अंत में जीभ की भी सफाई होनी चाहिए। ब्रश को हर दो माह में बदलना चाहिए। ऐसे ही खानपान की भी कुछ आदतें हैं जिनके कारण दाँतों को नुकसान पहुंच सकता है जैसे बर्फको चबाना, जीभ को छिदवाना ज्यादा चीनी और स्टार्च का सेवन करना अम्लीय खाद्य एवं पेय पदार्थ का उपयोग, धूम्रपान एवं तंबाकू का सेवन। तंबाकू का सेवन मुंह में कैंसर जैसी भयावह बीमारी को जन्म दे सकता है।

## एक नजर

### फैक्ट्री कर्मचारी की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, 22 मार्च ।** राजधानी रायपुर में फैक्ट्री कर्मचारी की हत्या का मामला सामने आया है। सिर पर पत्थर मारकर आरोपी द्वारा वारदात को अंजाम दिया गया है। जानकारी के मुताबिक मृतक मध्यप्रदेश शहडोल का रहने वाला है। मृतक का नाम मुन्नी लाल सिंह 35 वर्ष बताया जा रहा है। पुलिस ने वारदात के दो घंटे भीतर आरोपी नंदू यादव को गिरफ्तार कर लिया। वारदात के बारे में पुलिस ने बताया कि आरोपी और मृतक दोनों दोस्त थे। निजी फैक्ट्री में दोनों काम करते थे। देर रात 11:30 बजे यह वारदात हुई है। सूचना पर धरसींवा थाना प्रभारी ने तत्काल संज्ञान लिया और आरोपी को चन्द घंटो के भीतर दबोच लिया है। हत्या की वजह क्या थी अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। आरोपी से पूछताछ जारी है। जिसके बाद ही हत्या की वजह सामने आएगी।

### महिला से मारपीट

**रायपुर, 22 मार्च ।** केलकरपारा में उधार पैसे के लेन-देन को लेकर महिला से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया प्रिति सागर 38 वर्ष सड्डू विधानसभा की रहने वाली है। बताया जाता है कि आरोपी बादल भारद्वाज ने उधार पैसे के लेन-देन को लेकर प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफधारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### घर के बाहर खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 22 मार्च ।** राजीव नगर खम्हारडीह में घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सुखसागर जोगीवंश 30 वर्ष राजीव नगर खम्हारडीह का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी ने अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एचएल 7122 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### ट्रेलर खड़े ट्रक से टकराया चालक की मौत

**रायपुर, 22 मार्च ।** ओसवाल पेट्रोल पंप के पास कंटेनर ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए खड़ी ट्रक को टक्कर मार दिया। जिससे चालक की मौत हो गई। मामले में तेलीबांधा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक राहुल खान 26 वर्ष अपनी कंटेनर ट्रक क्रमांक एनएल 01 एसई 4697 को तेज लापरवाही पूर्वक चलाकर ओसवाल पेट्रोल पंप के पास खड़ी ट्रक क्रमांक जीजे 16 एडब्लू 5503 को ठोकर मार दिया। जिससे राहुल खान स्वयं घायल हो गया। जिसकी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में तेलीबांधा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### जुआ-सट्टा खेलाते 11 गिरफ्तार

**रायपुर, 22 मार्च ।** राजधानी पुलिस ने जुआरियों एवं सटोरियों के खिलाफअभियान चलाकर अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल नकदी रकम 54620 रुपए, तासपत्ती, सट्टा-पट्टी, 3 बाइक व 6 नग मोबाइल जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार अभनपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम आमनेर खार में जुआ खेलते आारोपी शिवनारायण साहू 55 वर्ष सहित अन्य 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 3 नग बाइक, 6 नग मोबाइल, तासत्ती और नकदी 51200 रुपए जब्त किया है। वहीं गोलबाजार पुलिस ने शास्त्री बाजार के पास सट्टा खिलाते आरोपी रेहान खान 37 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 840 रुपए जब्त किया है। वहीं गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी गणेश बघेल 23 वर्ष के पास से सट्टा-पट्टी व नकदी 1400 रुपए जब्त किया है। इसी तरह मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी गोवर्धन यादव 19 वर्ष के पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 1180 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफजुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### मौदहापारा में विवाद के बाद थाना पहुंचे विधायक पुरंदर मिश्रा, आरोपियों की गिरफ्तारी के दिए निर्देश

**रायपुर, 22 मार्च ।** बीते दिनों मौदहापारा क्षेत्र में हुए विवाद को लेकर रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा गुरुवार को मौदहापारा थाना पहुंचे. जहां उन्होंने घटना की जानकारी मांगी. साथ ही उन्होंने फरार आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए. इसके बाद वे विवाद में गंभीर रुप से घायल हुए नाबालिग से मिलने के लिए अस्पताल पहुंचे. बता दें कि बुधवार को मौदहपरा इलाके में कुछ बदमाशों ने नाबालिग पर जानलेवा हमला कर दिया था. इस मामले में पीड़ित रवि रक्सेल के पिता राज रक्सेल ने मौदहापारा थाने में शिकायत दर्ज कराई है. शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपयों के खिलाफधारा 341,147, 148, 149, 307, 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

# अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाता पोस्ट वोटिंग सेंटर में कर सकेंगे मतदान

## एक लाख से अधिक मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र की विशेष व्यवस्था

■ नाम निर्देशन पत्र की प्रक्रिया पूरी होने के बाद करेंगे मतदान

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 22 मार्च।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा आज भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सेवा मतदाताओं एवं अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराने को लेकर नोडल अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। छत्तीसगढ़ में करीब एक लाख से अधिक मतदाता डाक मत पत्र का उपयोग करेंगे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में चुनाव होंगे। प्रथम चरण के लिए अधिसूचना का प्रकाशन कर दिया गया है। इसके साथ ही द्वितीय एवं तृतीय चरण के लिए भी अधिसूचना की तिथि जारी कर दी गई है। राज्य में ऐसे मतदाता जो कि रेलवे, स्वास्थ्य, बिजली एवं अन्य आवश्यक सेवाओं के तहत कार्य सम्पन्न करते हैं। उन्हें मतदान के लिए पोस्टल बैलेट पेपर दिया जाता है। अधिकारियों के अनुसार नोडल अधिकारियों को बताया गया है कि प्रथम, द्वितीय और तृतीय चरण की अधिसूचना के पश्चात नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। डाक मत पत्र अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाताओं को उपलब्ध कराया जाएगा। आयोग के निर्देशानुसार 85 वर्ष से अधिक आयु वाले, 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग, कोविड-19 के संदिग्ध अथवा संक्रमित मतदाता भी निर्धारित प्रारूप 12(घ) के माध्यम से निर्वाचन की अधिसूचना दिनांक के पांच दिवस के अंदर रिटर्निंग अधिकारी को आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं जिससे वह डाक मतपत्र के माध्यम से घर पर ही वोटिंग कर सकेगा। ऐसे समस्त आवेदक मतदाताओं हेतु विशेष मतदान दल का गठन किया जाएगा। मतदाताओं के घर जाकर पूर्ण गोपनीयता के साथ उनका मत प्राप्त करना होगा। मतदान दल के रूट चार्ट एवं दौरे की सूचना अभ्यर्थियों को प्रदान की जाएगी।

आयोग से मिली जानकारी के अनुसार आज की बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहब कंगाले, डिप्टी सीईओ विनय अग्रवाल ने नोडल अधिकारियों को बताया कि सेवा मतदाताओं को ईटीपीबीएस भेजा जाएगा। जिस पर वे अपना मत रिकार्ड कर इसे डाक के माध्यम से प्रेषित करेंगे। निर्वाचन कार्य में लगे कर्मचारी, बिजली विभाग, रेलवे सहित अन्य आवश्यक सेवाओं में कार्यरत मतदाताओं को ड्यूटी प्रमाण पत्र देना होगा। इस आधार पर वे प्रारूप 12 में आवेदन कर मतदान कर सकेंगे। निर्वाचन कार्मिकों को अपनी ही लोकसभा में कार्यरत हैं, को निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। वे अपने लोकसभा के किसी भी मतदान केंद्र में इसे प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे। आयोग के द्वारा अधिसूचित अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाताओं हेतु जिला स्तर पर पोस्टल वोटिंग सेंटर बनाए जाएंगे। इस श्रेणी के अधिकारी-कर्मचारी डाक मत पत्र के माध्यम से अपना मतदान कर सकेंगे।

# पायलट की लैंडिंग के बाद भी विदाउट टिकट हैं कांग्रेसी: कौशिक

**रायपुर 22 मार्च।** बीजेपी के वरिष्ठ विधायक धरमलाल कौशिक ने कांग्रेस की पाँच लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों के नाम का एलान नहीं होने पर कांग्रेस पर निशाना साधा है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने प्रदेश में कांग्रेस संगठन प्रभारी सचिन पायलट के दो दिवसीय कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ पहुँचने पर कहा है - पायलट की लैंडिंग के बाद भी विदाउट टिकट हैं कांग्रेसी।



प्रदेश की पाँच लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों का एलान कांग्रेस की ओर से नहीं हुआ है। इसे लेकर रोज़ ही तारीखें अगले दिन के लिए टल रही हैं। इन सीटों में प्रथम चरण में होने वाली बस्तर लोकसभा सीट भी शामिल है। बीजेपी विधायक धरमलाल कौशिक ने इस स्थिति को लेकर कहा है -कांग्रेस के किसी भी नेता का कोई जनाधार नहीं रह गया है।वातावरण ऐसा बना है कि कांग्रेस के हाथ पाँव फूल गए हैं।कांग्रेस तय ही नहीं कर पा रही है कि छत्तीसगढ़ से किस नेता को चुनाव लड़ाने की जरुरत है।

बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष लेकिन मौजूदा समय में बिल्हा से विधायक धरमलाल कौशिक के तंज पर कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील शुक्ला ने कहा है उन्हे बैठ के तुकबंदियां करने का ही काम बचा है। कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील शुक्ला ने कहा-कौशिक जी प्रदेश अध्यक्ष रहे, विधानसभा अध्यक्ष रहे, आज उनकी ही पार्टी ने उनको 'ठलहा' बैठा दिया है। वे बैठकर तुकबंदियां ही कर सकते हैं। वे वही कर रहे हैं। जहां तक टिकटों का सवाल है तो बहुत जल्द कांग्रेस प्रत्याशी घोषित कर देगी।

### आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में 1720 बच्चों का स्वर्णप्राशन

**रायपुर, 22 मार्च ।** बच्चों के व्याधिक्षमत्व, पाचन शक्ति, स्मरण शक्ति, शारीरिक शक्ति वर्धन एवं रोगों से बचाव के लिए शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय रायपुर में आज मंगलवार को 1720 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय के कौमारभृत्य विभाग द्वारा हर पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाता है। स्वर्णप्राशन के साथ ही शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. लवकेश चन्द्रवंशी ने बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण भी किया। शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय परिसर में प्राचार्य प्रो. डॉ. जी.आर. चतुर्वेदी, चिकित्सालय अधीक्षक प्रो. डॉ. प्रवीण कुमार जोशी और कौमारभृत्य विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. नीरज अग्रवाल के निर्देशन में स्वर्णप्राशन कराया गया।

# सरेआम शराब पीते 36 पकड़ाए

**रायपुर, 22 मार्च।** राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफअभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 36 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफआबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

मिली जानकारी के अनुसार गंज थाना पुलिस ने तेलघानी नाका के पास सरेआम शराब पीते आरोपी दीनेश पटेल 29 वर्ष व डोमन साहू 30 वष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह गुढियारी पुलिस ने आरोपी योगेश देवदास 29 वर्ष, शिवशंकर मनहर 35 वर्ष, राजेश बिसेन 45 वर्ष व चित्रभान तिवारी 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी धर्मेन्द्र ध्रुव 20 वर्ष, कुलदीप बघेल 22 वर्ष व सुंदर ध्रुव 31 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी हेमंत वाधवानी 30 वर्ष, शत्रुहन धीवर 26 वर्ष, शिव कुमार यादव 38 वर्ष व नारद चौहान 29 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मौदहापारा पुलिस ने आरोपी मोह.सलीम 40 वर्ष व यश भील 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं धरसींवा पुलिस ने आरोपी नेमसिंग निषाद 31 वर्ष व तेरूराम निषाद 37 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह गोलबाजार पुलिस ने आरोपी धनंजय कुमार 26 वर्ष, कोटिराम ध्रुर्वे 29 वर्ष, कमलेश पटेल 25 वर्ष व हेमंत साहू 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने आरोपी रामप्रकाश चेलक 35 वर्ष एवं माना पुलिस ने आरोपी लुकेश साहू 33 वर्ष, तरूण साहू 30 वर्ष, सुजीत मिर्झा 40 वर्ष व बाबू सिकदार 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी गणेश साहू 25 वर्ष व बलराम ध्रुव 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मंदिरहसोद पुलिस ने आरोपी लोकेश तिवारी 29 वर्ष व संजय यादव 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने आरोपी शंकर गुप्ता 32 वर्ष, सूरज साहू 27 वर्ष, दिलीप गुप्ता 32 वर्ष व संतोष मुदलियार 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह अभनपुर पुलिस ने आरोपी मनीष बांदे 26 वर्ष व लीलाराम 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### अवैध शराब बेचते 4 गिरफ्तार

**रायपुर, 22 मार्च ।** राजधानी पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अभियान चलाकर अवैध शराब बेचने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 134 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 390 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार खमतराई पुलिस ने रावाभाठा ट्रांसपोर्ट नगर में अवैध शराब बेचते आरोपी तोरण देवांगन 50 वर्ष के पास से 20 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 170 रुपए जब्त किया है। इसी तरह मंदिरहसौद पुलिस ने ग्राम पलौद में आरोपी दीपक रात्रे 30 वर्ष के पास से 67 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं सेजबहार पुलिस ने आरोपी रमेश बघेल 50 वर्ष के पास से 12 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 220 रुपए जब्त किया है। इसी तरह पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी योगेश ताण्डी 24 वर्ष के पास से 35 पाव देशी शराब जब्त किया है।

# शहर में चढ़ने लगी होली की खुमारी

**रायपुर, 22 मार्च।** रंगों के पर्व होली को हालांकि अभी दो दिन का समय शेष रह गया है। लेकिन रायपुर शहर में तथा आसपास के ग्रामीण इलाकों में इसकी खुमारी शुरु हो गई है। बाजारों में जहां रंग-गुलाल और पिचकारियों की दुकानें सज गई हैं तो वहीं इनकी ग्राहकी भी बढ़ चुकी है।

इस साल होली सोमवार 25 मार्च 2024 को खेली जाएगी, जबकि होलिका दहन रविवार 24 मार्च 2024 को मनाया जाएगा। होलिका दहन बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और कहा जाता है कि इससे समृद्धि और खुशियाँ आती हैं और सभी नकारात्मकता और बीमारियां नष्ट हो जाती हैं। होलिका दहन 2024 का शुभ समय रात 11:13 बजे से रात 12:27 बजे तक है।

**होली की खुमारी शुरू :** प्रदेश में राजधानी रायपुर की होली सर्वाधिक चर्चित और प्रसिद्ध है। इसके अलावा सदरबाजार रायपुर की होली भी प्रदेश में काफी प्रसिद्ध है। यहां होली के सप्ताह भर पहले से ही होली की हुड़दंग शुरु हो जाती है जो त्योहार के दो दिन बाद तक जारी रहती है। शहर के गली-



मोहल्लों और चौक-चौराहों में होलिका दहन की तैयारियां शुरु हो गई हैं। वहीं निगम प्रशासन ने भी आमजनों से अपील करते हुए कहा है कि होली में हरे-भरे वृक्षों के नीचे, विद्युत तारों के नीचे और सड़कों में होलिका दहन न करें।

**मुखौटों पर प्रतिबंध :**विगत कई सालों से होली पर्व में मुखौटों पर पूरी तरह से पाबंदी लगा दी गई है। मुखोटे के आड़ में होने वाले अपराध और छेड़खानी को रोकने के लिए राजधानी रायपुर की पुलिस इसे पहले से बैन कर चुकी है।

**तरह-तरह की पिचकारियां :** इस बार भी होली में बच्चों को लुभाने के लिए तरह-तरह के कार्टून कैरेक्टर वाली पिचकारियां बच्चों को काफी पसंद आ रही हैं। बाजार में इनकी कीमत 20 रुपए से लेकर अधिक है। बाजार में बाल गणेश, बाल हनुमान, छोटा भीम, मोटू-पतलू के अलावा स्पाइडर मैन, हल्क, बेन टेन, सिनचेन, डॉरेमॉन काफी पसंद किया जा रहा है। इसके अलावा गुलाल गैस टंकी, बड़ी पिचकारी, पंप पिचकारी के अलावा तरह-तरह की पिचकारियां बाजार में उपलब्ध हैं।

**हर्बल गुलाल की डिमांड ज्यादा :** व्यापारियों का कहना है कि विगत कुछ वर्षों ने हर्बल गुलाल की मांग सर्वाधिक रहती है। हर बार की तरह इस बार भी हर्बल गुलाल लोगों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। होली उत्सव मनाने के लिए कई संस्थानों द्वारा सीधे गुलाल की बोरियां खरीदी जा रही हैं। वहीं चिल्हर में भी इनकी बिक्री शुरु हो गई है। कुल मिलाकर राजधानी रायपुर में अब होलियाना माहौल शुरु हो गया है।

**फिजा में अब नहीं घुलती फाग की मस्ती :** होली में पहले पखवाड़े भर पूर्व ही नगाड़ों की थाप पर फाग की मस्ती फिजाओं में घुलनी शुरु हो जाती थी। शाम होते ही गली-मोहल्लों और चौक-चौराहों में फाग गीत शुरु हो जाता था और देर रात तक चलता रहता था। मगर आधुनिकता ने इस पारंपरिक वाद्य यंत्र को विलुप्ति के कगार पर पहुंचा दिया है। रायपुर में करीब एक दशक पूर्व खैरागढ़, राजनांदगांव के दूरस्थ अंचलों से नगाड़ा व्यवसायी रायपुर आकर नगाड़ा बेचते थे। मगर साल दर साल व्यापार में हो रहे घाटे और नगाड़ों के प्रति लोगों का मोह भंग होता देख अब परंपरागत रुप से नगाड़ा बनाने और बेचने वाले व्यापारी भी इससे परहेज करने लगे हैं। यही वजह है कि होली पर्व के नजदीक होने के बाद भी शहर में नगाड़ों की गूंज सुनाई नहीं दे रही है।

# अल्ट्राटेक यूनिट ने ग्रामीण हाट को दिया नया जीवन

**रायपुर, 22 मार्च।** छत्तीसगढ़ में रायपुर के पास स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट की इंटीग्रेटेड मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट बैकुंठ सीमेंट वर्क्स ने नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट (नाबार्ड) और ग्राम पंचायत बहेसर के सहयोग से यूनिट के पास बहेसर गांव में एक हाट (ग्रामीण बाजार) को पुनर्जीवित किया है । इस हाट ने न सिर्फ छोटे किसानों को उनकी उपज सीधे ग्रामीणों को उचित दामों पर बेचने में मदद की, बल्कि बिचौलियों कि आवश्यकता को कम कर ग्रामीणों को स्थायी आजीविका प्राप्त करने में मदद किया । भारत सरकार के कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग ने एग्रीकल्चर मार्केटिंग एंड रोल ऑफ वीकली ग्रामीण हाट पर स्थायी कृषि समिति (2018-2019) की 62वीं रिपोर्ट में कहा था कि, ग्रामीण क्षेत्रों में हाट किसानों को अपना टोटल मार्केटेबल सरप्लस का 90% बेचने के लिए एक फर्स्ट मीटिंग पॉइंट के रूप में काम करती हैं। ग्रामीण अंचलों में ये बाजार गावों के केन्द्र में स्थित होता है, गांव के केंद्र में बाज़ार के होने



से किसानों को बाजारों में कृषि उपज लाने में न केवल परिवहन के लागत में कमी, बल्कि किसानों का अन्य अतिरिक्त नुकसान भी कम हो जाता हैं। इन्ही फायदों को देखते हुए, यदि हाटों में विकासकार्य हो तो यह किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए एक बेहतर वैकल्पिक मंच हो सकते हैं। ग्रामीणों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ग्राम पंचायत बहेसर में ग्रामीण हाट को केंद्र में रखा गया है । ग्राम पंचायत बहेसर में कोविड के बाद सभी प्रकार के जन-समागम निष्क्रिय हो गए जिसका प्रभाव ग्रामीण हाट पर भी हुआ, हाट परिसर में लोगों का आना जाना कम हो गया । व्यवस्थाओं में कमी थी और पूरा हाट कच्चा हुआ करता था, हाट में इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी थी। स्थानीय किसान उपज बेचने के लिए इन गांवों में घर-घर घूमते थे। बहुत कम शेल्फ लाइफ वाले फल - सब्जियां, ताजी उपज, किसानों को अक्सर बिचौलियों को औने-पौने दामों में बेचने के लिए मजबूर होना पड़ता था। हाट को पुनर्जीवित करने और किसानों की मदद करने के प्रयास में, बैकुंठ सीमेंट वर्क्स की टीम, नाबार्ड रायपुर और ग्राम पंचायत बहेसर के सहयोग से, हाट की मरम्मत करने के कार्य, कार्ययोजना बना कर पूरा किया। कार्ययोजना के तहत विक्रेताओं और किसानों के लिए शेड लगाए गए, फर्श को पक्का किया गया और ग्राहकों के लिए पैदल मार्ग बनाकर सुविधाओं को सुदृढ़ बनाया गया। टीम ने एक समर्पित महिला शौचालय बनाने के साथ-साथ पंचायत द्वारा सीसीटीवी निगरानी प्रणाली स्थापित करके हाट को और अधिक महिलाओं के अनुकूल बनाया। इस हाट को 2023 में चालू किया गया, और आज के दिन इस हाट से 80 से अधिक स्थानीय किसान अपनी उपज ग्रामीणों को बेच सकते हैं।

# कांग्रेस प्रत्याशियों को जिताने सचिन पायलट ने दिए मंत्र

■ होली के बाद चुनाव प्रचार में आएगी तेजी

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 22 मार्च।** लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में बस्तर के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है लेकिन कांग्रेस ने अभी तक शेष प्रत्याशियों के नाम घोषित नहीं किया है। छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट ने आज प्रदेश अध्यक्ष, लोकसभा प्रभारियों सहित अन्य लोगों की बैठक लेकर कांग्रेस प्रत्याशियों को जिताने के लिए रणनीति बनाई। कांग्रेस भवन से मिली जानकारी के अनुसार प्रत्याशी चयन समिति की दिल्ली में आयोजित बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे व सोनिया गांधी उपस्थित हैं। छत्तीसगढ़ राज्य में बस्तर, कांकेर, सरगुजा, बिलासपुर एवं रायगढ़ के लिए कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा नहीं हो पाई है। छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, महामंत्री मलकीत सिंह गैदू तथा लोकसभा प्रभारियों की राजीव भवन में आवश्यक बैठक हुई। बैठक में सभी प्रत्याशियों को विजयी बनाने के लिए रणनीति पर विचार किया गया। छत्तीसगढ़ में कुल 11 लोकसभा सीटें हैं जिसमें 6 अनारक्षित, चार सीटें अनुसूचित जनजाति एवं एक सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है।

**होली के बाद भाजपा का चुनाव प्रचार पकड़ेगा जोर :** भाजपा के लोकसभा प्रत्याशियों की घोषणा कर दी गई है। महासमुंद की प्रत्याशी श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने महासमुंद, धमतरी तथा गरियाबंद जिले का दौरा कर लिया है। रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल रायपुर जिले के अंतर्गत आने वाले विभिन्न विधानसभा के प्रभारियों की बैठक ले चुके हैं। इसके अलावा बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, बस्तर, कांकेर, जांजगीर-चांपा के प्रत्याशियों ने भी अपना प्रचार तेज कर दिया है। कांग्रेस के प्रचार-प्रसार प्रभारी लोकेश कावड़िया ने बताया कि होली के बाद चुनाव प्रचार में तेजी आएगी। ज्ञात रहे होली का त्योहार शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास से मनाया जाता है।

# विद्यार्थी हो रहे मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील



**रायपुर 22 मार्च।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान अध्ययनशाला की ओर से विश्वविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों के लिए काउंसलिंग क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है। नई शिक्षा नीति के तहत ही इस सेंट्रलाइज्ड काउंसलिंग क्लीनिक का गठन एवम संचालन मनोविज्ञान विभाग की ओर से किया जा रहा है। इस क्लीनिक की ओर से हाल ही में विश्वविद्यालय के सभी 28 अध्ययनशाला के समस्त विद्यार्थियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष, प्रो. प्रभावती शुक्ला ने बताया कि वि. वि. के समस्त विभागों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 1 मार्च से लेकर 16 मार्च तक किया गया। जिसमें विभागाध्यक्ष के कुशल मार्गदर्शन एवम डॉ. रोली तिवारी के संचालन में व्याख्यान सत्रों के आयोजन किए गए। इन व्याख्यानों के आयोजन के पीछे का उद्देश्य विश्वविद्यालय के छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य की महती भूमिका के प्रति संवेदनशील बनाना था। उन्होंने बताया कि इन व्याख्यानों के दौरान ही विद्यार्थियों की ओवरथिंकिंग, लो सेल्फ कॉन्फिडेंस, दूसरों से तुलना के कारण हीनभावना का उत्पन्न होना, सुबह नींद न खुलना, समय प्रबंधन जैसे कई प्रश्नों के उत्तर ऑन द स्पॉट दिए गए। प्रो. शुक्ला ने बताया कि विभाग की ओर से इन व्याख्यानों को सहायक प्राध्यापक डॉ. रोली तिवारी, ममता साहू (शोधार्थी), टिकेश्वर साहू, डॉ. जीता बेहरा एवम मुरलीधर यादव तथा अनुष्का गुप्ता (छात्र, एम. ए. अंतिम, क्लिनिकल साइकोलॉजी) द्वारा दिया गया। डॉ. रोली और उनकी टीम ने बताया कि इन व्याख्यान सत्रों के बीच में ही कई विधार्थी स्वयं को नियंत्रित नहीं कर पाते थे और रोने लगते थे। जिसके बाद उनकी इन समस्याओं के लिए तुरंत कुछ मनोवैज्ञानिक टेक्नीक्स का उपयोग कर उन्हें शांत किया जाता था। जो विद्यार्थी समूह में अपने भाव साझा नहीं करना चाहते थे या किसी कारण वश नहीं कर पा रहे थे उन्होंने इस टीम के एम. ए. के वॉलिंटियर समूह को अपने नाम और कॉन्टैक्ट नंबर काउंसलिंग के लिए नोट करवाए थे। जिसके बाद उन्हें क्लीनिक में बुलाकर उनकी काउंसलिंग की जा रही है।

इस प्रकार के आयोजन के आधार पर भविष्य में इन विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परीक्षण भी किए जाने की योजना है जिनके आधार पर छत्तीसगढ़ राज्य के सबसे पुराने विश्वविद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों का मानसिक स्वास्थ्य कैसा है तथा उसमें किस प्रकार के सुधार की आवश्यकता है जैसे विषयों पर शोध भी किया जाना सम्मिलित है। जिसके आधार पर एक स्वस्थ समाज की नींव स्थापित होने में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है।

### संत युधिष्ठिर लाल ने निशुल्क रंग वितरण का किया शुभारंभ

**रायपुर, 22 मार्च।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई ने पंडरी कपड़ा मार्केट में हर्बल गुलाल और पिचकारी का वितरण किया। मुख्य अतिथि शदाणी दरबार तीर्थ के संत युधिष्ठिर लाल ने निःशुल्क गुलाल वितरण का शुभारंभ किया। इसमें बड़ी संख्या में हर्बल गुलाल वितरित किया गया। संत युधिष्ठिर ने कहा कि लगातार सिंधी काउंसिल जनहित के कार्य करती आ रही है। किसी जरूरतमंद को हम होली पर्व में पिचकारी और गुलाल दे रहे हैं, तो उसकी खुशी दुगनी हो जाती है। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने कहा कि चार दिन गुलाल वितरण किया जाएगा। 21 मार्च शाम 4 बजे महावीर नगर में गुलाल वितरण का आयोजन रखा गया है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26